# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com भोपाल, बुधवार 29 अक्टूबर 2025


**रेलवे रिजर्वेशनः तकनीकी बदलाव**

## दो नवंबर को पीआरएस सेवा रहेगी बंद



**नई दिल्ली।** रेलवे रिजर्वेशन सिस्टम से जुड़ा बड़ा अपडेट है। अगले हफ्ते रविवार यानी 2 नवंबर 2025 को दिल्ली में रेलवे आरक्षण प्रणाली (पीआरएस) की सेवाएं लगभग दो घंटे के लिए बंद रहेंगी। यह शटडाउन 1 नवंबर की आधी रात और 2 नवंबर की सुबह के बीच यानी 00:05 बजे से 2:05 बजे तक चलेगा। इस दौरान पुराने कोर स्विच को नए कोर स्विच से बदला जाएगा। इस तकनीकी बदलाव के कारण दिल्ली ▸▸ शेष पेज 4 पर


inh 24x7

छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें

TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366


**खबर संक्षेप**

### अमेजन में छंटनी, 14 हजार कर्मचारियों को निकाला



**नई दिल्ली।** ई-कॉमर्स कंपनी अमेजन ने टेक जगत की बड़ी छंटनी की है। कंपनी ने 14,000 कॉर्पोरेट कर्मचारियों की नौकरियां खत्म कर दी है। यह कदम टेक जगत के इतिहास में बड़ी छंटनियों मे गिना जा रहा है। यह छंटनी कंपनी के कॉर्पोरेट वर्कफोर्स के एक बड़े प्रतिशत को प्रभावित करेगी। कंपनी में लगभग 3.5 लाख कर्मचारी हैं।

### मंधाना ने हासिल की करियर की बेस्ट रेटिंग



**दुबई।** भारत की बल्लेबाज स्मृति मंधाना ने घरेलू विश्व कप में शानदार प्रदर्शन के दम पर मंगलवार को करियर की बेस्ट रेटिंग हासिल करने के साथ महिला वनडे क्रिकेट में शीर्ष बल्लेबाज के रूप में अपनी स्थिति मजबूत कर ली। 29 साल की बल्लेबाज ने पिछले दो मैचों में न्यूजीलैंड के खिलाफ 109 और बांग्लादेश के खिलाफ नाबाद 34 रन बनाए हैं।

### भारत में एक साल तक फ्री हुआ चैट जीपीटी गो



**नई दिल्ली।** ओपन एआई ने भारत के लिए एक बड़ा कदम उठाते हुए घोषणा की है कि 4 नवंबर 2025 से सभी भारतीय यूज़र्स को चैट जीपीटी गो का एक साल का मुफ्त एक्सेस दिया जाएगा। यह पहल भारत में तेजी से बढ़ रहे एआई उपयोगकर्ताओं को ध्यान में रखते हुए की गई है। भारत अब चैट जीपीटी का दूसरा सबसे बड़ा वैश्विक बाजार बन चुका है।

### क्रिकेटर श्रेयस अय्यर की हालत में सुधार



**नई दिल्ली।** भारतीय वनडे टीम के उपकप्तान श्रेयस अय्यर की हालत में अब सुधार हो रहा है। मंगलवार को भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने बताया कि स्टार बल्लेबाज की हालत अब स्थिर है और फिलहाल वह चिकित्सकों की निगरानी में हैं। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ तीसरे वनडे के दौरान फील्डिंग करते वक्त वह चोटिल हो गए थे।

**मोहन कैबिनेट का बड़ा फैसला**

**सरकारी आवास खाली नहीं करने पर शासकीय सेवकों पर जबरदस्त सख्ती**

# 30 गुना किराया, इस पर हर महीने 10 प्रतिशत की अतिरिक्त पेनाल्टी

*ऐसे सरकारी सेवक जिनका अन्यत्र तबादला हो गया, सेवानिवृत्ति या अन्य किसी कारणवश सरकारी आवास की पात्रता नहीं रखते तो उन्हें सरकार महज तीन महीने तक की रियायत देगी*

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भोपाल

भोपाल में सरकारी आवास में निवास करने वाले शासकीय सेवकों के लिए यह अच्छी खबर नहीं है। मप्र कैबिनेट ने आवास आवंटन नियम के कुछ नियमों में संशोधन को मंजूरी दी है। यदि ऐसे सरकारी सेवक जिनका अन्यंत्र तबादला हो गया, सेवानिवृत्ति या अन्य किसी कारणवश सरकारी आवास की पात्रता नहीं रखते तो उन्हें सरकार महज तीन महीने तक की रियायत देगी। इस अवधि में हर हाल में उन्हें सरकारी आवास खाली करना पड़ेगा। ऐसा नहीं करने पर तीन माह की अवधि पूर्ण होने के बाद आवास किराया सामान्य से 10 गुना अधिक की वसूली की जाएगी। इसके बाद दांडिक किराया 30 गुना तक की वसूल होगी। इसके बाद हर महीने इसके अतिरिक्त 10 फीसदी और पेनाल्टी वसूल होगी।

अभी बड़ी संख्या में शासकीय सेवक तबादले, सेवानिवृत्ति या अन्य कारणों के बाद भी सरकारी आवास रिक्त नहीं कर रहे हैं। इससे अन्य शासकीय सेवकों को दिक्कतें हो रही है। संपदा विभाग शासन के बाद अक्सर शिकायतें भेज रहा था। कैबिनेट ने भोपाल स्थित शासकीय आवास आवंटन नियम 2000 के नियम 17 एवं नियम 37 में संशोधन की स्वीकृति प्रदान की है। नियमों में संशोधन को मंजूरी मिलने के बाद त्यागपत्र देने, सेवा से पृथक होने अथवा अन्य किन्ही कारणों से आवास रखने के लिए अनधिकृत होने पर 3 माह तक की अवधि के लिए शासकीय सेवक की ओर से सामान्य दर पर आवास धारित किया जा सकेगा।

**भोपाल स्थित शासकीय आवास आवंटन नियम 2000 के नियम 17 एवं नियम 37 में संशोधन को मिली मंजूरी**



**क्यों लिया गया यह फैसला?** *अभी बड़ी संख्या में शासकीय सेवक तबादले, सेवानिवृत्ति या अन्य कारणों के बाद भी सरकारी आवास रिक्त नहीं कर रहे। संपदा विभाग ने की थी यह शिकायत*

मुख्यमंत्री ने दीपावली मिलन समारोह में कर्मचारियों को किया संबोधित

**मप्र में वेतन विसंगति, ग्रेड पे और पदनाम परिवर्तन के लिए नया आयोग बनेगा**

## यूपीएससी की तर्ज पर एक परीक्षा भी कराई जाएगी



मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि सरकार कर्मचारियों के हितों के लिए हर कदम पर साथ खड़ी है। कर्मचारियों के कल्याण के कार्यों के लिए राज्य सरकार सदैव तत्पर है। 1 जनवरी 2005 को या उसके बाद नियुक्त कर्मचारियों के लिए एकीकृत पेंशन योजना लागू करने के लिए समिति गठित करने का निर्णय लिया है, इससे पेंशन की विसंगतियों को दूर करने में मदद मिलेगी। राज्य सरकार सभी वर्गों का समान रूप से ध्यान रख रही है। विभिन्न कर्मचारी संवर्गों की वेतन विसंगति, ग्रेड पे, पदनाम परिवर्तन के लिए सेवानिवृत्त वरिष्ठ अधिकारियों को सम्मलित कर नया आयोग बनाया जाएगा। यूपीएससी की तर्ज पर एक परीक्षा भी कराई जाएगी। सीएम डॉ. यादव राज्य कर्मचारी संघ की ओर से मंत्रालय स्थित सरदार वल्लभ भाई पटेल पार्क में आयोजित दीपावली मिलन समारोह को संबोधित कर रहे थे। डॉ. यादव ने कहा कि कर्मचारियों के हितों का ध्यान रखते हुए ▸▸ शेष पेज 4 पर ▸▸ पढ़ें पेज 02 भी

**सीसीटीवी में कैद हुई बेखौफ वारदात**


## कटनी में भाजपा नेता की सरेआम गोली मारकर हत्या



**परिजनों ने किया चक्का जाम**

**हत्या की वजह फिलहाल स्पष्ट नहीं**

हरिभूमि न्यूज ▸▸ कटनी



जिले में दिल दहलाने वाली वारदात सामने आई है। कैमोर नगर में मंगलवार को कानून-व्यवस्था को धता बताते हुए नकाबपोश बदमाशों ने मर्डर के अंजाम दिया। उन्होंने एक भाजपा नेता की दिनदहाड़े गोली मारकर हत्या कर दी है। बाइक सवार हमलावरों ने सीने पर गोली मारी और मौके से फरार हो गए। पूरी घटना पास लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। यह सनसनीखेज वारदात मंगलवार सुबह करीब 11 बजे कैमोर स्थित बैंक ऑफ बड़ौदा के पास हुई है। भाजपा पिछड़ा वर्ग मंडल अध्यक्ष नीलेश रजक अपनी बाइक से बाजार जा रहे थे। तभी बाइक पर आए दो नकाबपोश बदमाशों ने उन्हें रोका और सीने पर गोली दाग दी। गोली लगते ही नीलेश लहूलुहान होकर सड़क पर गिर पड़े। वारदात कर हमलावर मौके से फरार हो गए। फायरिंग की सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ▸▸ शेष पेज 4 पर

### जबलपुर डीआईजी ने किया फ्लैग मार्च

भाजपा प्रदेशाध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल ने कटनी प्रशासन से फोन पर बात कर आरोपियों को जल्द से जल्द गिरफ्तार करने के लिए कहा है। उन्होंने सीएम डॉ. मोहन यादव से भी घटना को लेकर बात की। भाजपा नेता नीलेश रजक की हत्या के बाद बढ़ते तनाव को देखते हुए कैमोर में जबलपुर डीआईजी अतुल सिंह के नेतृत्व में फ्लैग मार्च निकाला गया। डीआईजी ने कहा कि आरोपी जल्द पकड़ लिए जाएंगे।

**बागेश्वर धाम में दर्दनाक हादसा**

## समोसे की खौलती कड़ाही में जा गिरा दो साल का मासूम

**बुरी तरह झुलसा**



हरिभूमि न्यूज ▸▸ छतरपुर

जिले के बागेश्वर धाम में सोमवार शाम एक दर्दनाक हादसा हो गया। जहां समोसे की दुकान पर खौलते तेल की कड़ाही में गिरने से दो साल का मासूम बच्चा बुरी तरह झुलस गया। दादी ने उसे बचाने का प्रयास किया, इस दौरान उनके भी हाथ जल गए। फिलहाल, बच्चे और उसकी दादी को इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। राजस्थान के अजमेर जिले के किशनगढ़ के रहने वाले हरिओम वैष्णव अपनी मां सरिता और दो साल के बेटे ▸▸ शेष पेज 4 पर

■ राजस्थान से आया था परिवार, हालत नाजुक

**महिला शिवपुरी से भिंड लौट रही थी**

## खड़ी बस में कंडक्टर ने रेप किया, बंधक बनाया, गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ▸▸ ग्वालियर

ग्वालियर रोडवेज बस स्टैंड पर खड़ी एक खाली बस में महिला को बंधक बनाकर बस कंडक्टर ने रेप किया। घटना सोमवार रात 9.30 बजे की बताई जा रही है। पीड़िता ने घटना की रिपोर्ट पड़ाव थाने में दर्ज कराई। पुलिस फौरन स्पॉट पर पहुंची और भागने से पहले आरोपी बस कंडक्टर को गिरफ्तार कर लिया है। मेडिकल के बाद पीड़िता की शिकायत पर मामला दर्ज कर लिया गया है। पीड़िता भिंड की रहने ▸▸ शेष पेज 4 पर

**दिल्ली और इंदौर से सीधी कनेक्टिविटी**

## रीवा एयरपोर्ट में 72 सीटर विमान का ट्रायल सफल



हरिभूमि न्यूज ▸▸ रीवा

**अब तक 19 सीटर उड़ान ही चलती थी**

रीवा एयरपोर्ट पर मंगलवार को पहली बार 72 सीटर विमान ने सफलतापूर्वक लैंडिंग की। इससे पहले एयरपोर्ट पर सिर्फ 19 सीटर विमान ही उड़ान भरते थे। सफल ट्रायल के बाद अब जल्द ही रीवा से दिल्ली, इंदौर और मुंबई के लिए नियमित फ्लाइटें शुरू होंगी। मंगलवार ▸▸ शेष पेज 4 पर

**खाना देने के बहाने गया था आरोपी**

**ब्लिंकिट डिलीवरी बॉय की करतूत**

## ब्राजीलिया की मॉडल से कर दी 'छेड़छाड़'



**आरोपी गिरफ्तार**

**पीड़िता एक हफ्ते तक छिपाई रही घटना**

एजेंसी ▸▸ बेंगलुरु

बेंगलुरु पुलिस ने एक ब्लिंकिट डिलीवरी एजेंट को ब्राजीलियाई मॉडल से छेड़छाड़ करने के आरोप में गिरफ्तार किया है।

यह घटना 17 अक्टूबर को हुई थी और यह गिरफ्तारी उसके नियोक्ता 25 अक्टूबर को दर्ज कराई गई शिकायत के बाद हुई। आरोपी की पहचान आरटी नगर निवासी कुमार राव पवार के रूप में हुई है। वह बेंगलुरु के एक प्राइवेट कॉलेज का छात्र है और ब्लिंकिट में पार्ट-टाइम डिलीवरी एक्जीक्यूटिव के रूप में काम कर रहा था। महिला को नौकरी देने वाली कंपनी मैनेजर कार्तिक की ओर से दर्ज कराई गई शिकायत के अनुसार पीड़िता आरटी नगर स्थित एक अपार्टमेंट में दो अन्य मॉडलों के साथ रह रही थी। 17 अक्टूबर को दोपहर करीब 3:20 बजे विक्टोरिया ने ब्लिंकिट एप के जरिए खाना ऑर्डर किया था। जब डिलीवरी एजेंट पहुंचा, तो ब्राजीलियाई मॉडल ऑर्डर लेने गेट पर गई। शिकायत में कहा गया है कि डिलीवरी एजेंट ने इसी दौरान ▸▸ शेष पेज 4 पर






**जबलपुर में संघ की अखिल भारतीय कार्यकारी मंडल की बैठक 30 से 1 नवंबर तक**

**संघ प्रमुख डॉ. मोहन भागवत सहित 407 कार्यकर्ता शामिल होंगे**

## देश में चलेगा गृह संपर्क अभियान बस्तियों में होंगे 'हिंदू सम्मेलन'

हरिभूमि न्यूज ▸▸ जबलपुर

यहां 30 अक्टूबर से राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) की अखिल भारतीय कार्यकारी मंडल की तीन दिवसीय बैठक होगी। 30 अक्टूबर से 1 नवंबर तक होनी वाली बैठक में आरएसएस प्रमुख डॉ. मोहन भागवत सहित 407 कार्यकर्ता शामिल होंगे।

कार्यक्रम में डॉ. भागवत के अलावा, सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबाले तथा 6 सहसरकार्यवाह, अखिल भारतीय कार्यकारिणी सहित सभी 11 क्षेत्रों एवं 46 प्रांतों के संघचालक, कार्यवाह व प्रांत प्रचारक उपस्थित रहेंगे। मंगलवार को आयोजित पत्रकार वार्ता को आरएसएस प्रचार प्रमुख सुनील आंबेकर ने संबोधित करते हुए कहा कि जबलपुर में पहली बार ये बैठक हो रही है। देशभर में संघ का शताब्दी वर्ष मनाया जा रहा है, देशभर में ▸▸ शेष पेज 4 पर



आरएसएस प्रचार प्रमुख सुनील आंबेकर(बाएं) संवाददाताओं से चर्चा करते हुए

**देश की सुरक्षा जैसे विषयों पर भी चिंतन किया जाएगा**

इसके अलावा हिंदू धर्म के लिए त्याग बलिदान देने वाले गुरु तेग बहादुर के 350वीं शहीदी वर्ष पर विशेष साहित्य और कार्यक्रम तय होंगे। इसी तरह भगवान बिरसा मुंडा की भी 15 नवंबर को 150वीं जयंती है। इन पर भी विशेष साहित्य और कार्यक्रम पर बैठक में चर्चा होगी। उन्होंने बताया कि युवाओं को संघ से विशेष रूप से जोड़ने के लिए विशेष आयोजन होंगे। पंच परिवर्तन के कार्यक्रम से प्रेरित संस्था,व्यक्तियों, मठ, मंदिरों, सामाजिक शैक्षणिक संस्था से शताब्दी वर्ष के दौरान संपर्क किया जाएगा। यह व्यापक अभियान होगा इसके लिए स्तर पर संपर्क किया जाएगा। तीन दिवसीय बैठक में समाज जीवन पर होने वाली बातों के अलावा देश की सुरक्षा जैसे विषयों पर भी चिंतन किया जाएगा।

## मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मप्र के 70वें स्थापना दिवस समारोह की तैयारियों की समीक्षा की

### मप्र को मिल रही है नई सौगात

# पीएम श्री पर्यटन हेलीकाप्टर सेवा पर्यटकों श्रद्धालुओं को करवाएगी सैर, 1 से शुरुआत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि मप्र के स्थापना दिवस पर प्रदेश को पीएम श्री पर्यटन हेलीकाप्टर सेवा की महत्वपूर्ण सौगात मिल रही है। एक नवम्बर को भोपाल से उज्जैन हेलीकाप्टर रवाना होगा। यह सांकेतिक शुरुआत होगी।

नवम्बर में ही नियमित रूप से पर्यटकों और श्रद्धालुओं के लिए हेलीकाप्टर सेवा संचालित होगी। इसकी विशेषता यह है कि पर्यटन के माध्यम से पर्यटकों और श्रद्धालुओं को रहवास स्थानीय ट्रांसपोर्ट सुविधा भी प्रदान की जाएगी। मप्र में तीन विभिन्न क्षेत्रों के लिए हेलीकाप्टर सेवा संचालित की जाएगी। इसके साथ ही प्रदेश के 9वें उज्जैन एयरपोर्ट के लिए एक नवम्बर को अनुबंध से संबंधित कार्रवाई पूर्ण की जाएगी।

मुख्यमंत्री ने मंगलवार की शाम समत्व भवन मुख्यमंत्री निवास में मध्यप्रदेश स्थापना दिवस कार्यक्रमों की तैयारियों की समीक्षा करते हुए यह जानकारी दी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बताया कि तीन क्षेत्रों में प्रथम क्षेत्र भोपाल से उज्जैन, इंदौर, मांडव और ओंकारेश्वर रहेगा। दूसरा क्षेत्र नर्मदापुरम जिले में स्थित हिल स्टेशन पचमढ़ी के साथ ही छिंदवाड़ा जिले के तामिया और छतरपुर जिले में स्थित विश्व धरोहर स्थल खजुराहो होगा। तीसरी हेलीकाप्टर सेवा जबलपुर और कान्हा, पेंच और पन्ना राष्ट्रीय उद्यानों तक पर्यटकों के पहुंचने के लिए संचालित होगी। नवम्बर माह में ही नियमित रूप से तीनों हेलीकाप्टर सेवाएं संचालित की जाएंगी।



### सम्राट विक्रमादित्य नाटक स्थापना दिवस कार्यक्रमों का प्रमुख आकर्षण

भोपाल के लाल परेड ग्राउंड पर 2 एवं 3 नवम्बर की शाम सम्राट विक्रमादित्य महानाट्य का मंचन होगा। एक नवम्बर को उद्योग विभाग की ओर से निवेश संबंधि दो वर्ष की उपलब्धियों पर प्रदर्शनी एवं ऐप वॉश ऑन व्हील्स लॉन्च किया जाएगा। इन सभी कार्यक्रमों की तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। स्थापना दिवस समारोह की तैयारियों की समीक्षा बैठक में वरिष्ठ विधायक और प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल, संस्कृति, पर्यटन, धार्मिक न्यास और धर्मस्व राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) धर्मेंद्र सिंह लोधी, विधायक भगवानदास सबनानी सहित अनेक जनप्रतिनिधि और अपर मुख्य सचिव मुख्यमंत्री कार्यालय नीरज मंडलोई सहित वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

## विश्व पक्षाघात दिवस आजः विशेष जागरूकता कार्यक्रम होगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी शासकीय होम्योपैथिक चिकित्सा महाविद्यालय परिसर में स्थापित पक्षाघात विशेषज्ञ इकाई में बुधवार को विश्व पक्षाघात दिवस के उपलक्ष्य में विशेष जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन होगा। इस कार्यक्रम का उद्देश्य पक्षाघात से पीड़ित लोगों को इस रोग से होने वाली समस्याओं और सीमाओं से उबरने में मदद करना है। भारत सरकार के आयुष मंत्रालय के सहयोग से शासकीय होम्योपैथी चिकित्सा महाविद्यालय में स्थापित इस विशेषज्ञ इकाई में पक्षाघात से पीड़ित समस्त रोगियों का उपचार उपलब्ध है, जो होम्योपैथी एवं फिजियोथेरेपी के माध्यम से प्रदान किया जाता है। दोनों विषयों के विशेषज्ञ दल यहां पर प्रतिदिन प्रात 9 बजे से दोपहर 1 बजे तक अपनी सेवाएं प्रदान करते हैं।

अधिक जानकारी के लिए दूरभाष क्रमांक 0755-2992970 पर शासकीय कार्य दिवस एवं समय पर संपर्क कर सकते हैं।

## गंदगी और सीएंडडी वेस्ट देखकर नाराज हुईं आयुक्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी में सफाई व्यवस्था को निरीक्षण करने पहुंची निगम आयुक्त गंदगी और सीएंडडी वेस्ट देखकर नाराज हो गईं। उन्होंने तत्काल एएचओ को तलब किया और नाराजगी व्यक्त की। मंगलवार को उन्होंने शहर के कई वार्डों का भ्रमण किया। जोन-13 व 18 के निरीक्षण के दौरान उन्हें गंदगी मिली।

## प्रदेशभर में अपराधियों पर ताबड़तोड़ कार्रवाईः जिलों में पुलिस की कॉम्बिंग गश्त से अपराधियों में हड़कंप, पकड़े एक हजार वारंटी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

डीजीपी कैलाश मकवाना के निर्देशानुसार अपराधों पर अंकुश लगाने के लिए मध्यप्रदेश पुलिस एक्शन में है।

प्रदेश में लगातार अपराधियों की धरपकड़ जारी है। प्रदेश के नागरिकों को सुरक्षित वातावरण उपलब्ध कराने, शांति एवं कानून व्यवस्था की सुदृढ़ता बरकरार रखने और अपराधियों में भय उत्पन्न करने के उद्देश्य से कॉम्बिंग गश्त कराई जा रही है। कॉम्बिंग गश्त में लंबे समय से फरार अपराधियों की धरपकड़ के साथ, सभी स्थाई और गिरफ्तारी वारंटों की तामीली और जिला बदर अपराधियों की चैकिंग भी की गई है। कॉम्बिंग गश्त के लिए विभिन्न जिला मुख्यालयों पर अधिक से अधिक पुलिस बल को एकत्रित कर विस्तार से ब्रीफिंग की गई है तथा की जाने वाली कार्रवाई की जानकारी देकर अलग-अलग टीमें बनाकर कॉम्बिंग गश्त के लिए रवाना कराया जा रहा है। इस गश्त के दौरान गिरफ्तारी वारंट के अपराधी, स्थाई वारंटी, फरार अपराधी तथा जिलाबदर अपराध की चैकिंग की गई, कुछ जिला बदर के अपराधी जिला बदर की शर्तों का उल्लंघन करते हुए पाए गए, जिनके विरूद्ध अलग से कार्रवाई सुनिश्चित की गई है। रीवा जोन के सभी जिलों में अपराधियों, निगरानी बदमाशों, फरार वारंटियों एवं गुंडा तत्वों के विरुद्ध व्यापक कार्रवाई की गई। संदिग्धों की तलाशी और वांछित अपराधियों की धरपकड़ की गई।

### *सबसे ज्यादा ग्वालियर रेंज में पुलिस ने पकड़े अपराधी*

*ग्वालियर में 292 फरार स्थाई एवं गिरफ्तारी वारंटियों की गिरफ्तारी, 360 गुंडा एवं हिस्ट्रीशीटर बदमाशों की चेकिंग, मुरैना में 100 से अधिक वारंटियों, फरार एवं इनामी आरोपियों की धरपकड़, गुना में 51 वारंटी गिरफ्तार (19 स्थायी, 32 गिरफ्तारी), रायसेन में 22 स्थाई, 46 गिरफ्तारी वारंट तामील; 36 संपत्ति संबंधी अपराधियों की चेकिंग एवं 3 फरार आरोपी गिरफ्तार, टीकमगढ़ में 417 पुलिसकर्मियों की भागीदारी से की गई गश्त में 237 वारंट तामील, निवाड़ी में 3 स्थाई, 22 गिरफ्तारी वारंट तामील; 11 आबकारी प्रकरण दर्ज किए गए। इसी प्रकार प्रदेश के अन्य जिलों में भी कॉम्बिंग गश्त कर अपराधियों, निगरानी बदमाशों, फरार वारंटियों एवं गुंडा तत्वों के विरुद्ध व्यापक कार्रवाई की गई।*

## एक बगिया मां के नाम से साकार हुआ ओमवती का सपना



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

जिले की ग्राम पंचायत दिल्लौद की ओमवती बाई ने मनरेगा के तहत एक बगिया मां के नाम योजना से आत्मनिर्भरता की दिशा में कदम बढ़ाया है। स्व-सहायता समूह की सदस्य को 2.82 लाख की स्वीकृति मिली, जिसके तहत उन्होंने अपने खेत में 100 अमरूद के पौधे लगाए। इन पौधों से प्राप्त फलों को बाजार में बेचकर अब वे अतिरिक्त आय कर रही हैं। ओमवती की बगिया अब हरी-भरी है और इससे न केवल उनका आत्मविश्वास बढ़ा है, बल्कि परिवार की आर्थिक स्थिति में भी सुधार आया है। महिला का कहना है कि पहले मजदूरी के लिए बाहर जाना पड़ता था, अब हमारी बगिया ही हमारा रोजगार बन गई है।

### सीएमएचओ डॉ. शर्मा ने लिखा पत्र

## मेडिकल संचालक नियमों का पालन करें नहीं तो लगेगा दो लाख रुपए का जुर्माना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी में दवा वितरण के संबंध में शासन की सख्ती और नियमों का कोई पालन नहीं हुआ है। यहां बेरोकटोक बिना पंजीकृत अयोग्य फार्मासिस्ट दवाओं का डिस्पेंस (वितरण-विक्रय) कर रहे हैं। इस लापरवाही पर सीएमएचओ डॉ. मनीष शर्मा को पत्र लिखना पड़ा है।

बता दें कि पिछले महीने इस संबंध में स्वास्थ्य विभाग ने सभी मुख्य चिकित्सा अधिकारियों को पत्र लिखा था, जिसका भोपाल में ही सख्ती से पालन नहीं हुआ। इस कारण सीएमएचओ डॉ. मनीष शर्मा ने अस्पताल अधीक्षक, निजी चिकित्सालयों फार्मेसी और मेडिकल स्टोर संचालकों को पत्र लिखा है। इसमें स्पष्ट किया है कि फार्मेसी अधिनियम 1968 की धारा 42 में जो प्रावधान है। उसका सभी को पालन करना होगा। इसके मुताबिक मेडिकल प्रेक्टिशनर के प्रिस्क्रप्सन पर केवल पंजीकृत फार्मासिस्ट द्वारा ही दवाओं का डिस्पेंस किया जाना है। गैर पंजीकृत व्यक्ति द्वारा दवाओं का डिस्पेंस-वितरण एवं विक्रय होना पाए जाने पर कार्रवाई की जाएगी। इसके लिए रजिस्ट्रार एमपी स्टेट फार्मेसी काउंसिल को अवगत कराया जाएगा। उन्होंने केंद्र सरकार की अधिसूचना का भी हवाला दिया है कि यदि गैर पंजीकृत फार्मासिस्ट के द्वारा डिस्पेंसिव करते कोई पाया गया तो तीन माह की सजा एवं दो लाख रुपए का जुर्माना भरना पड़ेगा।

### अधीक्षक बोले, मृत अवस्था में लाए थे परिजन

### परिजनों ने कहा- समय पर नहीं मिला इलाज

## काटजू अस्पताल में महिला की मौत पर सस्पेंस डॉक्टर और परिजनों के बयान अलग-अलग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी के काटजू अस्पताल में बीती रात उपचार कराने आई एक महिला की मौत पर सस्पेंस गहरा गया है। जहां एक तरफ अस्पताल के अधीक्षक डॉ. बलराम उपाध्याय का कहना है कि परिजन जब महिला को अस्पताल लेकर लाए थे, वह मृत पाई गई थी। वहीं दूसरी तरफ परिजनों का कहना है कि डॉक्टरों ने समय पर इलाज नहीं किया, महिला को आधा घंटे तक कोई भी डॉक्टर और नर्स देखने तक नहीं आई।

परिजनों का कहना है कि अगर समय पर इलाज मिल जाता तो महिला की जान बचाई जा सकती थी। बता दें कि एक माह पूर्व काटजू अस्पताल में ही महिला का प्रसव हुआ था।

### महिला के हाथ-पैरों में थी अकड़




काटजू अस्पताल के डॉक्टरों ने बताया कि मृत अवस्था में आई महिला के हाथ-पैरों में अकड़ थी। एक माह पूर्व महिला का अस्पताल में सीजर से प्रसव हुआ था। जब यहां पर महिला का प्रसव हुआ था। तब जच्चा और बच्चा दोनों का परीक्षण किया गया था। उस समय दोनों स्वस्थ थे। इसके बाद ही इन्हें अस्पताल से डिस्चार्ज किया गया था। एक माह बाद महिला मृत अवस्था में अस्पताल लाई गई। मौत किन कारणों से हुई, यह तो पोस्टमार्टम के बाद ही पता चल सकेगा।


### *पुलिस को सूचना दी*

*जाटखेड़ी निवासी लक्ष्मी पति दुर्गा प्रसाद का परिवार उसे सोमवार रात 12 बजे अस्पताल लेकर आएं थे। जब डॉक्टरों ने परीक्षण किया गया तो महिला मृत अवस्था में पाई गई। इसके बाद पुलिस को सूचना दी गई।*

*डॉ. बलराम उपाध्याय, अधीक्षक, काटजू अस्पताल*

### *नहीं उठाया फोन*

*काटजू अस्पताल की नोडल अधिकारी डॉ रचना दुबे से महिला की मौत के संबंध में बात करने के लिए फोन लगाया गया तो उन्होंने फोन नहीं उठाया। दो बार प्रयास करने के बात भी उनसे बात नहीं हो सकी।*



भोपाल
बुधवार, 29 अक्टूबर 2025
कार्तिक मास शुक्ल पक्ष-09
वर्ष : 12, अंक : 208
पृष्ठ : 16 मूल्य : 4.00 **

मौसम
अधि. 28
न्यून. 21

हरिभूमि
मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com

अंबाला एयरफोर्स स्टेशन से आज उड़ान भरेंगी

# अब राफेल जेट में उड़ान भरेंगी राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू

*इससे पहले वह सुखोई फाइटर जेट में भी उड़ान भर चुकी हैं*



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू अंबाला के एयर फोर्स स्टेशन पर पहली बार पहुंचेंगी। इसको लेकर एयरफोर्स स्टेशन पर सभी तैयारियां हो चुकी हैं। राष्ट्रपति के आधिकारिक प्रवक्ता ने यह भी बताया है कि राष्ट्रपति मुर्मू बुधवार को अंबाला एयरबेस से ही लड़ाकू विमान राफेल में उड़ान भरने वाली हैं। इससे पहले वह सुखोई फाइटर जेट में भी उड़ान भर चुकी हैं। राफेल लड़ाकू जेट में मुर्मू की ऐतिहासिक उड़ान को भारतीय वायुसेना के लिए गर्व और देश की महिलाओं के लिए प्रेरणा के रूप में देखा जा रहा है। गौर हो कि इससे पहले राष्ट्रपति मुर्मू ने 8 अप्रैल 2023 को असम के तेजपुर एयरबेस पर सुखोई-30 एमकेआई में उड़ान भरी थी। वे सुबह 8 बजे के आसपास ▶▶ शेष पेज 4 पर

### सुरक्षा व्यवस्था को किया गया अलर्ट

सुखोई एमकेआई में उड़ान भरने के दो साल बाद वह एक बार फिर फाइटर जेट की सीट संभालेंगी, जो भारत की रक्षा शक्ति का प्रतीक है। रक्षा मंत्रालय के मुताबिक इस मौके पर एयर चीफ मार्शल और सीनियर अफसरों की मौजूदगी में पूरी सुरक्षा व्यवस्था की गई है। अंबाला एयरफोर्स स्टेशन देश के सबसे रणनीतिक एयरबेस में से एक है, इस ऐतिहासिक क्षण के लिए तैयार है। वायुसेना के अधिकारी और तकनीकी टीमें राफेल की सभी प्री-फ्लाइट जांच पूरी कर चुकी हैं।

## देव दीपावली : गंगा महोत्सव का आयोजन 1 से 4 नवंबर तक

# काशी के घाटों पर दिखेगी अद्भुत 'छटा' नृत्य- लोक कलाओं की सुनाई देगी गूंज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अयोध्या

देव दीपावली से पहले काशी के घाटों पर संगीत, नृत्य व लोक कलाओं की संगीतमय सरिता बहेगी। मां जान्हवी के पावन तट पर इस वर्ष गंगा महोत्सव का आयोजन 1 से 4 नवंबर तक किया जाएगा। उत्तर प्रदेश सरकार के प्रयास से राजघाट पर देशभर के नामचीन कलाकार अपनी प्रस्तुति देकर काशी की इस सांस्कृतिक परंपरा को और भव्य बनाएंगे, जिनमें शास्त्रीय, भक्ति तथा लोक संगीत का अद्भुत संगम दिखाई देगा।

इस महोत्सव में गायक हंसराज रघुवंशी अपने भजनों से श्रोताओं को भक्ति रस से ओत-प्रोत करेंगे। वहीं, पद्मश्री मालिनी अवस्थी अपने लोक गायन ▶▶ शेष पेज 4 पर

**शास्त्रीय, भक्ति तथा लोक संगीत का अद्भुत संगम दिखाई देगा**



### काशी गंगा महोत्सव में ये प्रमुख कलाकार देंगे प्रस्तुति

▶▶ **प्रथम दिन, 1 नवंबर:** पंडित माता प्रसाद मिश्र एवं पंडित रविशंकर मिश्र-कथक युगल नृत्य, कविता मोहन्ती-ओडिसी नृत्य, विदुषी श्वेता दुबे-गायन, विदुषी कमला शंकर-स्लाइड गिटार, डॉ. रिपि मिश्र-शास्त्रीय गायन, डॉ. दिवाकर कश्यप एवं डॉ. प्रभाकर कश्यप-उपशास्त्रीय गायन, रवि शर्मा एवं समूह-ब्रज लोक नृत्य एवं संगीत, पंडित नवल किशोर मल्लिक-शास्त्रीय गायन।

▶▶ **दूसरा दिन, 2 नवंबर:** शिवानी शुक्ला-गायन, प्रवीण उद्धव-तालयात्रा राजकुमार तिवारी उर्फ राजन तिवारी-गायन, डॉ. अर्चना आदित्य महास्कर–गायन सवीर, साकार कलाकृति–पारंपरिक लोक नृत्य वन्दना मिश्रा-गायन प्रो. पंडित साहित्य नाहर एवं डॉ. पंडित संतोष नाहर-सितार एवं वायलिन जुगलबंदी ,ओम प्रकाश-भजन गायन, पद्मश्री गीता चन्द्रन-भरतनाट्यम।

▶▶ **तीसरा दिन, 3 नवंबर:** मीना मिश्रा-गायन, विशाल कृष्ण-कथक नृत्य, दिव्या शर्मा-हिन्दुस्तानी खयाल गायकी, राकेश कुमार-जनजातीय लोक ▶▶ शेष पेज 4 पर

## खबर संक्षेप

### गुना हत्याकांड में शामिल दो और आरोपी गिरफ्तार

**गुना।** जिले के चर्चित किसान हत्याकांड में पुलिस ने दो और आरोपियों जितेंद्र नागर और हरीश नागर को गिरफ्तार किया है। इससे पहले मुख्य आरोपी महेंद्र नागर का बड़ा भाई हुकुम नागर भी पुलिस के हत्थे चढ़ चुका है। 14 नामजद आरोपियों में से अब तक तीन गिरफ्तारियां हो चुकी हैं, जबकि महेंद्र नागर अब भी फरार है। ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने मामले की मजिस्ट्रेट जांच के आदेश दिए हैं।



### ट्रेन में टीचर की हत्या चेन पुलिंग कर भागा

**जबलपुर।** सतना-जबलपुर के बीच चलती ट्रेन में एक टीचर की चाकुओं से गोदकर हत्या कर दी गई। आरोपी मामा ससुर था। पति-पत्नी और मामा ससुर एक ही ट्रेन में यात्रा कर रहे थे। इनका सतना फैमिली कोर्ट में तलाक का केस चल रहा है। सुनवाई करके लौट रहे मामा ससुर ने भानेज दामाद से बहस के बाद भरी ट्रेन में करीब 30 से अधिक चाकू मारकर उसे मार डाला। मृतक की पत्नी आरपीएफ में आरक्षक बताई जा रही है।



### फडणवीस की 'पत्नी' का भजन सुन दिग्विजय खुश

**भोपाल।** पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह ने महाराष्ट्र के सीएम देवेंद्र फडणवीस की पत्नी और बैंकर-सिंगर अमृता फडणवीस के हाल ही में रिलीज हुए भजन की सराहना की है। अमृता द्वारा गाए गए भजन 'कोई बोले राम-राम, कोई खुदा' को सोशल मीडिया पर शेयर करते हुए दिग्विजय ने उनकी गायकी की तारीफ की है। 24 अक्टूबर को रिलीज हुए इस भजन को अब तक 47 लाख 85 हजार से ज्यादा लोग देख-सुन चुके हैं।



## केंद्रीय कर्मियों के लिए महा-खुशखबरी

*आठवें वेतन आयोग की रुपरेखा तय, आयोग अपने गठन की तारीख से 18 महीने के भीतर रिपोर्ट पेश करेगा*

# आठवां वेतनमान 1 जनवरी 2026 से लागू होगा 1.19 करोड़ कर्मियों की सैलरी और पेंशन बढ़ेगी



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय कैबिनेट ने मंगलवार को 8वें वेतन आयोग के तहत विचार होने वाले विषयों को मंजूरी दी। सुप्रीम कोर्ट की पूर्व न्यायाधीश रंजना प्रकाश देसाई को अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। आयोग में एक अध्यक्ष, एक सदस्य (अंशकालिक) और एक सदस्य-सचिव शामिल होंगे। सूचना व प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बताया कि आठवां वेतन आयोग 18 महीने के भीतर सिफारिशें प्रस्तुत करेगा, जो 1 जनवरी 2026 से लागू होने की संभावना है। मंत्री ने बताया कि आयोग की सिफारिशें रक्षा सेवा कर्मियों और लगभग 69 लाख पेंशनभोगियों ▶▶ शेष पेज 4 पर

*माना जा रहा है कि आठवें वेतन आयोग की सिफारिशें लागू होने के बाद लोअर डिविजन क्लर्क (एलडीसी) की सैलरी और पेंशनधारकों के पेंशन में बड़ा इजाफा दिख सकता है*

**सुप्रीम कोर्ट की पूर्व न्यायाधीश रंजना प्रकाश देसाई को आयोग का अध्यक्ष नियुक्त किया गया**



*आयोग में एक अध्यक्ष, एक सदस्य (अंशकालिक) और एक सदस्य-सचिव शामिल होंगे*

*न्यूनतम बेसिक पेंशन 9000 से बढ़कर 25000 रुपए महीने होने की उम्मीद*

### सातवें वेतन आयोग की सिफारिशों के बाद क्या बदला था..

**न्यूनतम बेसिक वेतन 7,000 से बढ़ाकर 18,000 किया गया**

सातवां वेतन आयोग फरवरी 2014 में गठित किया गया था, जिसकी अध्यक्षता जस्टिस एके माथुर ने की थी। आयोग की सिफारिशें 1 जनवरी 2016 से लागू की गईं। इसके तहत न्यूनतम बेसिक वेतन 7,000 से बढ़ाकर 18,000 किया गया और फिटमेंट फैक्टर 2.57 गुना तय किया गया था। इसके अलावा ग्रेड पे प्रणाली को हटाकर नया पे मैट्रिक्स सिस्टम लागू किया गया, जिससे वेतन संरचना को सरल और पारदर्शी बनाया गया।

### आठवें वेतन आयोग से कितनी बढ़ सकती है सैलरी...

**एलडीसी की सैलरी पहुंच जाएगी करीब 60 हजार पर**

आठवां वेतन आयोग मुख्य रूप से फिटमेंट फैक्टर और न्यूनतम मूल वेतन पर अपनी सिफारिशें देगा। वर्तमान में न्यूनतम बेसिक वेतन 18,000 से 19,900 के बीच है। इसे बढ़ाकर लगभग 26,000 तक किए जाने की संभावना है। कर्मचारी संघों की मांग और महंगाई के स्तर को देखते हुए यह बढ़ोतरी तय मानी जा रही है। सातवें वेतन आयोग में फिटमेंट फैक्टर 2.57 ▶▶ शेष पेज 4 पर

### पेंशनधारकों को नए वेतन आयोग से क्या उम्मीद...

**पेंशन में करीब तीन गुना तक बढ़ोतरी संभव**

आठवें वेतन आयोग की सिफारिशों के आधार पर पेंशनधारकों को बड़ा लाभ मिल सकता है। अभी 15 साल की नौकरी पूरी करने पर पूरी पेंशन मिलती है, लेकिन इस अवधि को घटाकर 12 साल किया जा सकता है। इसका मतलब है कि कर्मचारी कम अवधि की नौकरी पूरी करने पर ही पेंशन के पात्र बन सकेंगे। इससे नौकरी के बीच में रिटायर होने वाले कर्मचारियों को भी रिटायरमेंट के बाद ▶▶ शेष पेज 4 पर

## दो जगह बस में आग की घटनाएं

दिल्ली एयरपोर्ट पर बड़ा हादसा टला

# एयर इंडिया की बस में लगी भीषण आग, नजदीक ही खड़ा था विमान

**सभी उड़ानों का संचालन सामान्य**



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली एयरपोर्ट के टर्मिनल-3 पर मंगलवार को एयर इंडिया की ग्राउंड हैंडलिंग सेवा प्रदाता कंपनी की एक बस में अचानक आग लग गई। यह घटना बे नंबर 32 के पास हुई, जो विमान से कुछ ही मीटर की दूरी पर था।

खास बात ये रही कि बस में उस समय कोई यात्री मौजूद नहीं था, जिससे बड़ा हादसा टल गया। आग लगते ही दमकल कर्मियों ने मौके पर पहुंचकर आग पर काबू पा लिया। आग लगने के कारणों की जांच शुरू कर दी गई है। टर्मिनल-3 दुनिया के सबसे बड़े टर्मिनलों में से एक है। घटना के बाद दिल्ली एयरपोर्ट मैनेजमेंट ने बयान जारी किया है। उन्होंने बताया सभी उड़ानों का संचालन सामान्य है।

**बस में रखे गैस सिलेंडर में ब्लास्ट**

### हाईटेंशन लाइन की चपेट में आई स्लीपर बस, 3 की मौत

**जयपुर।** जयपुर के मनोहरपुर इलाके में एक चलती बस बिजली के हाईटेंशन तारों से टकरा गई। तारों से टकराने के बाद बस में भीषण आग लग गई। इस हादसे में तीन यात्रियों की मौत हो गई, जबकि 10 से ज्यादा लोग झुलस गए। बस में कुल 65 लोग सवार थे। बस पर आठ सिलेंडर, तीन बाइक और आठ साइकिल रखी हुई थीं। आग लगने के बाद गैस सिलेंडर फटने लगे, जिससे हादसा और ज्यादा गंभीर हो गया। बस में सवार सभी लोग ईंट भट्टे पर मजदूरी करने के लिए जा रहे थे। इससे पहले जैसलमेर में बड़ा बस हादसा हुआ था, जहां जोधपुर जा रही प्राइवेट बस में आग लग गई थी और 21 लोगों की मौत हो गई थी। उस बस को मोडिफाइड कराया गया था। उसके लिए इस्तेमाल फाइबर बेहद ज्वलनशील था।



## पं. धीरेंद्र शास्त्री के डीपफेक वीडियो वायरल

# हवा में उड़ाया... अमेरिकी पुलिस को पकड़ते दिखाया

*शास्त्री बोले बदनाम करना चाहती हैं विदेशी ताकतें*



हरिभूमि न्यूज ▶▶ छतरपुर

बागेश्वर धाम के पं. धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री के डीप फेक वीडियो वायरल हो रहे हैं। किसी वीडियो में वे हवा में उड़ते दिख रहे हैं, तो किसी में अमेरिकी पुलिस उन्हें पकड़कर ले जा रही है। इस तरह के वीडियो को लेकर धीरेंद्र शास्त्री ने धाम पर लगाए दरबार के दौरान कहा है कि वीडियो एआई से बनाए जा रहे हैं। विदेशी ताकतें बदनाम करना चाहती हैं। दिल्ली में एक बड़े अधिकारी ने उनको बताया है कि इसके लिए आइटी के 22 सदस्यों की टीमें काम ▶▶ शेष पेज 4 पर

## कोरोना में डॉक्टरों की मौत मामले में सुप्रीम टिप्पणी

# डॉक्टरों का ध्यान नहीं रखेंगे तो समाज हमें माफ नहीं करेगा

*मृत्यु का प्रमाण देना होगा*



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

कोरोना महामारी के दौरान संक्रमित होकर जान गंवाने वाले डॉक्टरों को बीमा कवरेज देने से संबंधित मामले पर सुनवाई के दौरान मंगलवार को सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि अगर हम अपने डॉक्टरों का ध्यान नहीं रखेंगे तो समाज हमें माफ नहीं करेगा। शीर्ष अदालत ने कहा कि मानव जीवन की रक्षा करने वाला पहला पेशा डॉक्टर है। कोर्ट ने मामले में बहस सुनकर अपना फैसला सुरक्षित रख लिया है। कोर्ट इस मामले में सरकार की बीमा योजना की पात्रता के प्रश्न पर विचार कर रहा है। ▶▶ शेष पेज 4 पर

## चार दिवसीय महापर्व का व्रत का पारण कर समापन

### उदित होते सूर्य को दूध और जल से अर्घ्य देकर व्रत खोला, फिर घाटों को किया साफ



शीतलदास की बगिया में जुटे श्रद्धालु

*भोपाल। उगा उगा हो सुरुज देवा, भइल अरगा के केल आदि भोजपुरी भजनों व गीतों को गाते हुए भोजपुरी व पूर्वांचल समाज के लोगों ने छठ पर मंगलवार को उदित होते सूर्यदेव को अर्घ्य दिया। इसी के साथ चार दिवसीय महापर्व का व्रत का पारण कर समापन किया गया। भोजपुरी समाज के लोगों ने इस मौके पर स्वच्छता का भी संदेश देते हुए।*

▶▶ शेष पेज 4 पर ▶▶ पढ़ें पेज 10 भी

## इटारसी में मुख्य मार्ग पर फटा खाली गैस टैंकर

**गैस टैंकर का ड्राइवर कैबिन चकनाचूर**

# धमाके से 4 किमी तक दहल गया इलाका, 8 लोग घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ इटारसी

मंगलवार शाम को इटारसी के खेड़ा क्षेत्र में एक दुकान के सामने मुख्य मार्ग पर खड़े एक खाली गैस टैंकर में जोरदार ब्लास्ट हुआ। धमाका इतना भीषण था कि उसकी आवाज तीन से चार किलोमीटर दूर तक सुनाई दी, जिससे पूरे इलाके में दहशत फैल गई और अफरा-तफरी का माहौल बन गया। यह भयानक घटना शाम करीब पौने पांच बजे उस वक्त हुई, जब टैंकर नंबर एमपी ▶▶ शेष पेज 4 पर

### पुलिस ने संभाला मोर्चा



घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए मोर्चा संभाला। टीआई गौरव सिंह बुंदेला के अनुसार, घटना के बाद पुलिस दल तत्काल मौके पर पहुंचा और सबसे पहले रास्ता क्लियर कराया। पुलिस ने भीड़ को नियंत्रित किया और जाम खुलवाकर मुख्य मार्ग पर वाहनों की आवाजाही को सुनिश्चित कराया। पुलिस फिलहाल हताहतों के स्वास्थ्य की जानकारी और उपचार में जुटी है, इसके बाद मामले की जांच की जाएगी कि खाली टैंकर में वेल्डिंग से पहले सुरक्षा मानकों का पालन क्यों नहीं किया गया। शासकीय अस्पताल के डॉक्टर प्रियंक मिश्र ने बताया ▶▶ शेष पेज 4 पर

## आधा दर्जन जिलों में दिन-रात के तापमान में औसतन तीन डिग्री का अंतर रह गया

**बारिश के साथ उत्तरी हवाओं का असर, दो दिन से पारा खा रहा 5-6 डिग्री का गोता**

# पारा लगातार ले रहा यू-टर्न...पहले भोपाल सहित आधा दर्जन जिलों में पारा 6 डिग्री तक बढ़ा था

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी सहित अधिकांश जिलों में मंगलवार को लगातार तीसरे दिन मौसम बदला रहा। कई जिलों में बारिश और बदली हवाओं के बीच दो दिन से तापमान में औसतन 6 डिग्री तक की घट-बढ़ हो रही है। मंगलवार को बारिश के बाद कुछ घंटे उत्तर से आई सर्द हवाओं से ग्वालियर और श्योपुर में दिन का पारा क्रमशः 2 और 4 डिग्री गिरकर सामान्य से 13.3 डिग्री तक नीचे पहुंच गया।

यहां अधिकतम तापमान 20 डिग्री तक रहा, जबकि रात का पारा 19 डिग्री पर होने से दिन-रात के पारे में मात्र एक डिग्री का अंतर रह गया। भोपाल, दतिया, गुना और शिवपुरी में पारा 5 से 6 डिग्री तक गिरा है। भोपाल में पारा 5 डिग्री गिरकर 25.4 डिग्री रहा, जो सामान्य से ▶▶ शेष पेज 4 पर



निशातपुरा क्षेत्र का दृश्य, सुबह 10:30 बजे

### आज यहां तेज बारिश

बुधवार तक बैतूल, बुरहानपुर, मुरैना, श्योपुरकलां, अनुपपुर, डिंडोरी, छिंदवाड़ा, सिवनी, मंडला, बालाघाट, पांढुर्णा आदि जिलों में तेज बारिश होगी। भोपाल सहित मध्य और उत्तरी हिस्से में बादल, बौछारें और कुछ जगह हल्की बारिश होगी। ▶▶ पढ़ें पेज 03 भी

### यहां बारिश से फसलें खराब

सोमवार रात से मंगलवार शाम तक नर्मदापुरम, जबलपुर, इंदौर, सागर, उज्जैन, ग्वालियर, चंबल, रीवा संभागों के जिलों में बारिश हुई। भोपाल संभाग के रायसेन और राजगढ़ में भी वर्षा दर्ज की गई है। इससे तापमान में कमी रही। हवाओं में ठंडक घुली रही। मुरैना, डिंडोरी में खेतों में धान की फसल खराब हो गई है। यहां मसूर और चने के खेतों में भी पानी भर गया है। उज्जैन के बडनगर में खेतों में पानी भर गया। भोपाल-इंदौर में पूरे दिन बादल छाए रहे।

# मध्य प्रदेश में विधायक और पूर्व विधायकों का बढ़ेगा वेतन, 45 फीसदी बढ़ोतरी के लिए वित्त मंत्री की अध्यक्षता में बनाई कमेटी

## पूर्व स्वास्थ्य मंत्री और विधायक अजय विश्नोई सहित कांग्रेस विधायक सचिन यादव को बनाया सदस्य

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

मध्य प्रदेश में विधायक और पूर्व विधायकों के वेतन में बढ़ोतरी जल्द ही की जाएगी। विधानसभा में उठाई गई इस मांग को लेकर सरकार ने गंभीरता दिखाई है। मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. यादव के निर्देश पर सामान्य प्रशासन विभाग ने कमेटी गठन करने का फैसला किया है। इसका मीटिंग में वित्त विभाग के मंत्री जगदीश देवड़ा, पूर्व मंत्री और भाजपा विधायक अजय विश्नोई के साथ कांग्रेस विधायक सचिन यादव को सदस्य बनाया गया है। इस संबंध में सामान्य प्रशासन विभाग ने निर्देश जारी किया है।

**मुख्यमंत्री डॉ. यादव के निर्देश पर सामान्य प्रशासन विभाग ने लिया निर्णय**



अपर मुख्य सचिव मध्य प्रदेश संसदीय कार्य विभाग समिति के सदस्य सचिव होंगे। समिति की आवश्यकता अनुसार अन्य विभागों और विधानसभा सचिवालय के अधिकारियों को भी बैठक में शामिल किया जाएगा। मध्य प्रदेश के विधायक और पूर्व विधायक का वेतन बढ़ाने के लिए विधानसभा में चर्चा हुई थी। विधायकों की मांग थी कि 45% वेतन में बढ़ोतरी की जाए। इस पर सरकार ने कमेटी बनाकर निर्णय लेने का विचार किया है। माना जा रहा है कि अगले वर्ष 2026 के जनवरी महीने में रिपोर्ट भी शासन को भेज दी जाएगी।

विधायकों का कितने प्रतिशत वेतन बढ़ाया जा सकता है। उनके महत्व में कितनी बढ़ोतरी होगी, इस विषय में वित्त मंत्री की अध्यक्षता में कमेटी फैसला करेगी। हालांकि वेतन बढ़ाई जाने को लेकर कांग्रेस-भाजपा दोनों के विधायकों ने ही सरकार से मांग की थी कि उनके वेतन को रिवाइज किया जाए। कई राज्यों के वेतन मध्य प्रदेश से ज्यादा है, इसलिए विधायकों की सहूलियत को ध्यान में देते हुए सैलरी में बढ़ोतरी की जाए।

### मांग को लेकर सरकार ने गंभीरता दिखाई

### अभी विधायकों को मध्य प्रदेश में इतना मिलता है वेतन

प्रदेश में विधायकों को वर्तमान में वेतन भत्तों को मिलाकर करीब 1 लाख 10 हजार रुपए हर महीने मिलते हैं। प्रस्ताव के मुताबिक सरकार वेतन बढ़ाती है तो 1 लाख 60 हजार रुपए प्रति महीना दिया जा सकता है, जिसमें चिकित्सा भत्ता, अर्दली और निजी सचिव का भत्ता भी शामिल रहता है। अभी मप्र में 230 विधायकों में 31 मंत्रियों का वेतन सामान्य प्रशासन विभाग देता है। मुख्यमंत्री को 2 लाख, कैबिनेट मंत्री, कैबिनेट मंत्री एक लाख 70 हजार और राज्य मंत्री को 145000 मिलते हैं।

**इन राज्यों में मप्र से भी कम वेतन**

मेघालयः 20 हजार
नगालैंडः 1 लाख
पंजाबः 94 हजार
ओड़िशाः 65,170
केरलः 70 हजार
छगः 80 हजार

***इन राज्यों में मप्र से ज्यादा वेतन***

*बिहारः 1.24 लाख रुपए*
*गुजरातः 1.10 लाख रुपए*
*हरियाणाः 1.95 लाख रुपए*
*हिमाचलः 2.10 लाख रुपए*

## खबर संक्षेप



### कर्मचारी मंच ने मुख्यमंत्री डॉ. यादव को सौंपा ज्ञापन

**भोपाल।** मध्य प्रदेश कर्मचारी मंच के प्रदेशाध्यक्ष अशोक पांडे ने दैनिक वेतन भोगी कर्मचारियों की मांगों को लेकर मंत्रालय में आयोजित दीपावली मिलन समारोह में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव को ज्ञापन सौंपा। अशोक पांडे ने मुख्यमंत्री को सौंपे ज्ञापन में बताया कि उच्च न्यायालय के आदेश के बाद भी अभी तक दैनिक वेतन भोगी से नियमित हुए कर्मचारियों को पेंशन लाभ के लिए दैनिक वेतन भोगी सेवाकाल की वरिष्ठ का लाभ नियमित सेवा में जोड़ने के के आदेश अभी तक जारी नहीं हुए है। कर्मचारी मंच ने मुख्यमंत्री को ज्ञापन सौंप कर वन विभाग में दैनिक वेतन भोगी कर्मचारी से वन रक्षक पद पर नियमित हुए वनरक्षको को दैनिक वेतन भोगी कर्मचारी सेवा काल की वरिष्ठता की गणना नियमित सेवा की वरिष्ठता में करने एवं पुरानी पेंशन योजना ओपीएस का लाभ देने एवं वरिष्ठ के अनुसार ग्रेजुएटी का लाभ देने के आदेश जारी करने की मांग की है। मुख्यमंत्री ने कर्मचारी मंच को आश्वासन दिया कि वह जल्द ही मांगों का निराकरण किया जाएगा।

### पूर्व आईएएस डॉ. एम मोहन राव का निधन

**भोपाल।** पूर्व वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी और समाजसेवी डॉ. एम. मोहन राव के निधन का समाचार मिलते ही प्रशासनिक एवं



सामाजिक जगत में शोक की लहर दौड़ गई। डॉ. राव मध्यप्रदेश शासन में प्रमुख सचिव, सामाजिक न्याय तथा आदिम जाति अनुसंधान एवं विकास संस्थान के निदेशक के रूप में कार्यरत रहे थे। उन्होंने अपने दीर्घ प्रशासनिक कार्यकाल में समाज के वंचित वर्गों के उत्थान, सामाजिक न्याय की स्थापना और जनकल्याण योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन में महत्वपूर्ण योगदान दिया। उनकी अंतिम यात्रा 29 अक्टूबर को उनके निज निवास मानसा हाउस डागा मोटर्स के पीछे चूनाभट्टी कोलार से दोपहर 2 बजे भदभदा विश्राम घाट के लिए प्रस्थान करेगी।

## 132 केवी और उससे बड़ी लाइन बिछाने के लिए प्रतिपूर्ति राशि में वृद्धि करने की स्वीकृति

# भारिया, बैगा एवं सहरिया के आवासों को रोशन करने के लिए 78 करोड़ 94 लाख का अनुमोदन

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

प्रधानमंत्री जनजातीय आदिवासी न्याय महा अभियान (पीएम-जन मन) के तहत अतिरिक्त 18 हजार 338 अविद्युतीकृत पीवीटीजी घरों के विद्युतीकरण के लिए विद्युत अधोसंरचना विस्तार के लिए लगभग 78 करोड़ 94 लाख रुपए की द्वितीय चरण की कार्ययोजना की स्वीकृति प्रदान की गई है। इस के लिए 60 प्रतिशत राशि 47 करोड़ 36 लाख रुपए केन्द्र शासन से अनुदान प्राप्त होगा व शेष 40 प्रतिशत राशि 31 करोड़ 58 लाख रुपए राज्य शासन की ओर से वितरण कंपनियों को अंशपूंजी के रूप में उपलब्ध कराई जाएगी।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की अध्यक्षता में कैबिनेट की बैठक मंगलवार को मंत्रालय में सम्पन्न हुई। कैबिनेट ने प्रधानमंत्री जनजातीय आदिवासी न्याय महा अभियान (पीएम जन मन) के तहत प्रदेश में पीवीटीजी समूहों यथा भारिया, बैगा एवं सहरिया समुदाय के घरों के विद्युतीकरण के लिए विद्युत वितरण कंपनियों की अतिरिक्त कार्ययोजना द्वितीय चरण का अनुमोदन प्रदान किया गया है।

**मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में मंत्रि-परिषद के निर्णय**



### बक्स्वाहा के लिए 7 अतिरिक्त पद स्वीकृत

बक्स्वाहा जिला छतरपुर में व्यवहार न्यायाधीश, कनिष्ठ खण्ड स्तर के लिए कुल 7 पदों की स्वीकृति दी गई है। बक्स्वाहा जिला छतरपुर में व्यवहार न्यायाधीश, कनिष्ठ खण्ड में व्यवहार न्यायाधीश, कनिष्ठ खण्ड स्तर का एक नवीन पद व उनके अमले के तहत तृतीय एवं चतुर्थ श्रेणी के 06 पद, इस प्रकार कुल 07 नवीन पदों का सृजन के लिए 52 लाख 46 हजार रुपए प्रति वर्ष की स्वीकृति प्रदान की गई है।

### भारिया, बैगा एवं सहरिया समूहों के यहां बिजली कनेक्शन लगेंगे

प्रधानमंत्री जनजातीय आदिवासी न्याय महा अभियान (पीएम-जनमन) के तहत प्रदेश में 3 पीवीटीजी जनजाति, यथा भारिया, बैगा एवं सहरिया समूहों के अविद्युतीकृत घरों का विद्युतीकरण किया जा रहा है। 11 मार्च, 2024 को संपन्न कैबिनेट बैठक में योजना के तहत प्रथम चरण में 10 हजार 952 घरों के विद्युतीकरण के लिए लगभग 65 करोड़ रुपए की कार्ययोजना को स्वीकृति प्रदान की गई थी, जिसमें से 8 हजार 752 घरों को विद्युत कनेक्शन प्रदाय किए जा चुके हैं।

### क्षेत्रफल को बढ़ाकर कॉरिडोर अनुसार 28 मीटर किया गया

केवल तार के नीचे की जमीन 132 केवी लाइन में 7 मीटर क्षतिपूर्ण क्षेत्रफल को बढ़ाकर कॉरिडोर अनुसार 28 मीटर किया गया है। उसी तरह 220 केवी लाइन 14 मीटर में वृद्धि कर कॉरिडोर अनुसार 35 मीटर किया गया है। इसके अतिरिक्त 400 केवी लाइन के नीचे की जमीन का क्षतिपूर्ति क्षेत्रफल 52 मीटर निर्धारित किया गया है।

### जहां विद्युतीकरण नहीं, वहां गांव रोशन होंगे सोलर पैनल से

पीएम जनमन के तहत प्रदेश के 24 जिलों में निवासरत भारिया, बैगा एवं सहरिया समुदाय के अविद्युतीकृत घरों के विद्युतीकरण के लिए बसाहट वार पूर्व स्वीकृत सीमा एक लाख रुपए प्रति हाउसहोल्ड को बढ़ाकर 2 लाख रुपए प्रति हाउसहोल्ड किए जाने की स्वीकृति दी गई। विद्युत कंपनियों की ओर से 2 लाख रुपए प्रति हाउसहोल्ड तक आकलित लागत से विद्युतीकरण किया जाएगा। लागत अधिक होने की स्थिति में ऊर्जा विकास निगम की ओर से एक किलोवाट क्षमता का ऑफ ग्रिड सोलर पैनल और बैटरी लगाकर विद्युतीकरण किया जाएगा। 211 घरों का विद्युतीकरण ऑफ ग्रिड प्रणाली से किया जाएगा।

### बड़ी लाइन बिछाने के लिए किसानों को मुआवजा

132 केवी और उससे बड़ी लाइन बिछाने के कारण क्षतिपूर्ति राशि और क्षतिपूर्ति क्षेत्रफल में वृद्धि की स्वीकृति कैबिनेट की ओर से अति उच्च दाब पारेषण 132 केवी और उससे बड़ी लाइन बिछाने के लिए किसानों को दी जाने वाली मुआवजा, क्षतिपूर्ति राशि में वृद्धि करने की स्वीकृति प्रदान की गई है। स्वीकृति अनुसार टॉवर लगाने पर दी जाने वाली क्षतिपूर्ति राशि को 85 प्रतिशत से बढ़ाकर 200 प्रतिशत किया गया है। साथ ही लाइन ट्रान्समिशन लाइन के आरओडब्ल्यू (राइट ऑफ वे) में आने वाली भूमि की क्षतिपूर्ति राशि को 15 प्रतिशत से बढ़ाकर 30 प्रतिशत किया गया है। क्षतिपूर्ण क्षेत्रफल में टॉवर के चार पाए के अलावा सब तरफ 1-1 मीटर की अतिरिक्त वृद्धि की गई है। भूमि का स्वामित्व किसान का ही रहेगा। टॉवर के बीच में और लाइन के नीचे की फसल किसान ले सकेगा।

## जीवन का सच्चा अर्थ सिखाती है प्रकृति के प्रति आस्था

# जीवन शैली का हिस्सा बनना चाहिए पर्यावरण संरक्षणः सीएम डॉ. मोहन



विशेष प्रतिनिधि ⏭ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रकृति के प्रति आस्था ही हमें जीवन का सच्चा अर्थ सिखाती है। भारतीय संस्कृति ने सदैव प्रकृति के साथ सामंजस्य से जीने की परम्परा अपनाई है। दुनिया के कई देश प्रकृति का दोहन कर रहे हैं पर भारत ने सदियों से प्रकृति का पोषण किया है। उपभोग प्रधान जीवन शैली वर्तमान के जलवायु संकट को बढ़ाती है जबकि उपयोग से पहले संरक्षण की समझ और भोग से पहले योग का संतुलन ही भारतीय संस्कृति का सार है। भोपाल प्रकृति और प्रगति का अनूठा संगम है।

प्राकृतिक सुंदरता और जैव-विविधता सहेजे इस सुंदर शहर में जलवायु परिवर्तन और पर्यावरण संरक्षण को लेकर कार्यशाला का आयोजन शहर की विशेषता के अनुरूप है। डॉ. यादव पर्यावरण और जीवन शैली-जलवायु परिवर्तन और सतत विकास वैचारिक संगोष्ठी को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि पर्यावरण संरक्षण जीवन शैली का हिस्सा बनना चाहिए।

### *विकास तथा पर्यावरण के बीच संतुलन की जरूरत*

*मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि हमें स्थानीय सोच को वैश्विक समाधान से जोड़ने और विकास तथा पर्यावरण के बीच संतुलन बनाते हुए आगे बढ़ने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार प्रदेश में ग्रीन कवरेज बढ़ाने, वेटलैंड संरक्षण, जलस्रोतों के पुनर्जीवन और हरित उद्योगों को प्रोत्साहित करने के लिए निरंतर कार्य कर रही है। प्रदेश के 32 लाख किसानों को सोलर पम्प उपलब्ध कराने की दिशा में कार्य प्रगति पर है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य नीति आयोग, मध्यप्रदेश विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद और ऐप्को के संयुक्त तत्वावधान में मानव संग्रहालय में संगोष्ठी का आयोजन किया गया। नर्मदा समग्र, सिकोईडिकोन, पैरवी और राष्ट्रीय मानव संग्रहालय, कार्यक्रम के सह आयोजक हैं। जलवायु परिवर्तन के समाधान में राज्यों की भूमिका पर विचार विमर्श और व्यक्ति-समाज एवं सरकारों की सहभागिता से सतत विकास के लिए अनुकूल वातावरण तैयार करना संगोष्ठी का मुख्य उद्देश्य है। मप्र, इस चर्चा को आरंभ करने वाला भारत का पहला राज्य है।*

## ब्लॉक अध्यक्षों के नाम लेने के बाद वेरिफिकेशन भी कराएगी कांग्रेस

# नवंबर में जारी होगी कांग्रेस जिला अध्यक्षों की कार्यकारिणी और 1 हजार ब्लॉक अध्यक्ष

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

मध्य प्रदेश में संगठन सृजन अभियान को और तेजी से चलने के लिए जिला की कार्यकारिणी का गठन जल्द ही हो जाएगा। माना जा रहा है कि 30 नवंबर को जिला कार्यकारिणी और प्रदेश के 1000 ब्लॉक अध्यक्षों की नियुक्ति हो जाएगी। अभी जिले के प्रभारी और जिला अध्यक्षों से ब्लॉक अध्यक्षों के नाम की सूची ली गई है। पिछले दो दिनों के भीतर 20 जिलों के जिला अध्यक्षों ने ब्लॉक अध्यक्षों की सूची दी है।

अभी कांग्रेस दफ्तर में जिला अध्यक्षों से कार्यकारिणी के नाम की जानकारी दी जा रही है। इसके लिए बाकायदा कांग्रेस प्रदेश कार्यालय ने क्राइटेरिया बनाया है। अगर एक जिले में दो विधानसभा है तो 50 सदस्य बनाए जाएंगे। एक जिले में तीन विधानसभा है तो 70 सदस्य बनाए जाएंगे। वहीं चार विधानसभा एक जिले में है तो 100 कार्यकर्ताओं को कार्यकारिणी में शामिल किया जाएगा। उसके साथ-साथ जिले का संगठन भी ज्यादा मजबूत और सक्रिय रहेगा। कांग्रेस संगठन के पदाधिकारी ने बताया कि पिछले तीन दिनों से कार्यकारिणी के नाम और ब्लॉक अध्यक्षों को लेकर नाम लिए गए हैं। इसके बाद प्रदेश कांग्रेस कार्यालय की ओर से कार्यकर्ताओं का वेरिफिकेशन होगा। खास तौर पर सक्रिय भूमिका वाले कार्यकर्ताओं को कार्यकारिणी में शामिल किया जाएगा। साथ ही पुराने ब्लॉक अध्यक्षों को दोबारा रिपीट नहीं किया जाएगा।

**जिला कार्यकारिणी को लेकर प्रदेश कांग्रेस कार्यालय ने बनाई गाइडलाइन**

## खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण विभाग के पोर्टल पर दर्ज करनी होगी स्टॉक की जानकारी

# गेहूं पर स्टॉक सीमा तय, 31 मार्च 2026 तक लागू रहेगा आदेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

भारत सरकार के उपभोक्ता मामले, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मंत्रालय की ओर से आवश्यक वस्तु अधिनियम के तहत विशिष्ट खाद्य पदार्थों पर लाइसेंसी अपेक्षाएं, स्टॉक सीमाएं और संचलन प्रतिबंध हटाना (संशोधन) आदेश, 2025 जारी किया गया है। इस आदेश के अनुसार देशभर में गेहूं पर नई स्टॉक सीमा 31 मार्च 2026 तक के लिए लागू की गई है।

मप्र के खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने बताया कि भारत सरकार ने सभी राज्यों और संघ राज्य क्षेत्रों में गेहूं के लिए अधिकतम स्टॉक सीमा निर्धारित की है। मंत्री राजपूत ने बताया कि व्यापारी, थोक विक्रेता के अधिकतम स्टॉक सीमा 2000 मीट्रिक टन, प्रत्येक रिटेल आउटलेट के लिए 8 मीट्रिक टन, बिग चेन रिटेलर में प्रत्येक आउटलेट के लिए 8 मीट्रिक टन, बशर्ते अधिकतम मात्रा कुल दुकानों की संख्या 8 गुणा होना चाहिए। यह अधिकतम स्टॉक होगा जो उनके सभी रिटेल आउटलेट और डिपो पर एक साथ रखा जा सकता है।

### जानकारी विभाग के पोर्टल पर दर्ज करनी होगी



इसी प्रकार प्रोसेसर के लिए मासिक स्थापित क्षमता के 60 प्रतिशत को 2025-26 के शेष महीनों से गुणा के बराबर रखना होगा। मंत्री राजपूत ने बताया कि आदेश के तहत संबंधित विधिक इकाइयों को अपने स्टॉक की जानकारी खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण विभाग के पोर्टल पर दर्ज करनी होगी। यदि किसी के पास निर्धारित सीमा से अधिक स्टॉक है, तो उसे अधिसूचना जारी होने की तारीख से 15 दिनों के भीतर निर्धारित सीमा तक लाना होगा। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार द्वारा मध्यप्रदेश गेहूं (अधिकतम स्टॉक सीमा एवं स्टॉक घोषणा, नियंत्रण आदेश - संशोधन, 2025) का प्रारूप तैयार कर लिया गया है। इस आदेश के माध्यम से विभागीय और जिला प्रशासन के अधिकारी जांच तलाशी, अभिग्रहण की कार्यवाई करने में सक्षम होंगे।

### *राज्य में वह संशोधन स्वतः प्रभावी हो जाएगा*

*मंत्री राजपूत ने यह भी स्पष्ट किया कि भारत सरकार की ओर से यदि भविष्य में स्टॉक सीमा की अवधि या मात्रा में कोई परिवर्तन किया जाता है, तो राज्य में वह संशोधन स्वतः प्रभावी हो जाएगा। उन्होंने कहा कि सरकार का उद्देश्य उपभोक्ताओं के हितों की रक्षा करना और अनावश्यक जमाखोरी व कृत्रिम मूल्य वृद्धि पर प्रभावी नियंत्रण सुनिश्चित करना है।*

## खेतों में आड़ी हुई तो खलिहानों सड़ रही फसल, कृषि विशेषज्ञों और विधायकों ने किसानों के लिए राहत राशि की मांग

# आफत की बारिश, किसान बोले- कटाई से पहले ही बर्बाद हुईं धान-मक्का की फसलें



वाणिज्य प्रतिनिधि ⏭ भोपाल

राजधानी भोपाल सहित समूचे प्रदेश में मानसून की विदाई तो हो चुकी है, लेकिन आसमान से गिरती बेमौसम बारिश ने किसानों की उम्मीदों पर पानी फेर दिया है, क्योंकि धान और मक्का की फसलें कटाई के पहले बर्बाद हो रही है।

खेतिहरों के अनुसार खेतों में धान और मक्का की फसल जहां आड़ी हो गई है, वहीं खलिहानों में रखी फसलें पानी में भीगनें के कारण सड़ रही है। गौरतलब है कि यह पहली बार नहीं है जब मध्य प्रदेश में बेमौसम बारिश ने किसानों की मेहनत पर पानी फेरा हो। पिछले तीन सालों में मौसम के अनियमित पैटर्न ने प्रदेश की कृषि अर्थव्यवस्था को गहरा झटका दिया है।

### बारिश की बदौलत अब 200 से 250 रुपए क्विंटल और कम भाव मिलेंगेः भागीरथ



कृषि उपज मंडी समिति भोपाल के पूर्व अध्यक्ष और भाजपा किसान मोर्चा के पूर्व प्रदेश मंत्री भागीरथ पाटीदार के अनुसार वर्तमान में हो रही है। बारिश किसानों के लिए आफत की बारिश साबित हो रही है। खेतों में खरीदी पूसा बासमती धान की फसल आड़ी हो गई हैं, तो जिन किसानों ने फसल की कटाई कर खलिहानों में धान की फसल को गहाई के लिए रखा है, वह गीली हो गई है। अतः इस बारिश के बाद किसान को अब उचित दाम नहीं मिलेगा। पाटीदार ने कहा कि मंडियों में पूसा धान और मक्का के भाव पिछले साथ से काफी कम है, लेकिन आफत की बारिश की बदौलत किसानों को 200 से 250 रुपए प्रति क्विंटल और कम भाव मिलेंगे।

### सरकार धान और मक्का उत्पादक किसानों के हित में सार्थक कदम उठाएः राजेश जैन



मध्यप्रदेश राज्य कृषि विपणन (मंडी) बोर्ड के पूर्व सदस्य राजेश जैन ने कहा कि बेमौसम बारिश से खरीदी फसल उत्पादक किसानों को नुकसान हो रहा है। बारिश से खेतों में पानी भरने से फसलें आड़ी हो गई है, जिसका दाना सूखने के बाद दाना दागी हो जाएगा और किसानों को उचित दाम नहीं मिलेगा। अतः सरकार को धान और मक्का उत्पादक किसानों के हित में सार्थक कदम उठाना चाहिए।

### मौसम की यह मार किसानों की कमर तोड़ रही : भगवान सिंह परमार



धान उत्पादक किसान और भोपाल कृषि उपज मंडी समिति के पूर्व सदस्य भगवान सिंह परमार ने कहा कि भोपाल जिले के किसानों के साथ मध्यप्रदेश के कई जिलों में जारी बारिश से खरीफ सीजन की फसल को भारी नुकसान पहुंच रहा है। हार्वेस्टर मशीनें चल ही नहीं पा रहीं है।

### मकई की फसल को बड़ा नुकसान पहुंचाया : मनीष मरेले



मक्का कारोबारी मनीष मरेले ने बताया कि बारिश से मक्का उत्पादक किसानों को आर्थिक नुकसान हो रहा है। नई फसल आने से भाव में घटे हुए हैं, लेकिन अब बारिश के मक्का की गुणवत्ता पर असर पड़ेगा, जिससे मंडियों में किसानों को अब और कम भाव मिलेगें।

### किसानों को भारी आर्थिक नुकसान हो सकता हैः संजीव जैन



भोपाल ग्रेन मर्चेंट एंड ऑयल सीड्स एसोसिएशन के अध्यक्ष हरीश ज्ञानचंदानी और प्रवक्ता संजीव जैन ने कहा कि बारिश और हवा के कारण कई किसानों की धान की फसल गिर गई है। आशंका है कि किसानों को भारी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ सकता है। किसानों के लिए राहत योजना पर विचार होना चाहिए।

### विधायक, राजे और जंडेल ने मुख्यमंत्री से की राहत राशि की मांग

बीते 27 अक्टूबर की रात से लगातार हुई अतिवृष्टि ने डबरा के गांवों में किसानों की मेहनत पर पानी फेर दिया है। विधानसभा क्षेत्र 19-डबरा के विधायक सुरेश राजे ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव को पत्र लिखकर किसानों के लिए तत्काल राहत राशि स्वीकृत करने की मांग की है। श्योपुर जिले में बारिश से किसानों की फसलें बर्बाद हो गई हैं। श्योपुर विधायक बाबू जंडेल किसानों से मिलने गांव-गांव पहुंच रहे हैं। उन्होंने किसानों को उचित मुआवजा मिलने तक जूते न पहनने का संकल्प लिया है।

**श्रद्धांजलि कार्यक्रम**



श्री दीपक शर्मा

**श्री दीपक शर्मा**
सुपुत्र स्वर्गीय डॉ. सुरेश शर्मा, का देहावसान दिनांक 22 अक्टूबर 2025 को हो गया। उनकी श्रद्धांजलि सभा दिनांक 29 अक्टूबर 2025 को सायं 5 बजे से 6 बजे तक रखी गयी है।
**स्थान : मध्य प्रदेश सिंधु भवन ट्रस्ट, 5 No. बस स्टॉप, भोपाल**
**शोकाकुल :**
सिद्धार्थ शर्मा - आश्विन शर्मा (पुत्र)
अनमोल शर्मा, हर्ष द्विवेदी एवं समस्त परिवार
सिद्धार्थ - 9663571147 | आश्विन - 9981818068


• खून की कमी • पेडू में दर्द • कमर कटना • तनाव • चिड़चिड़ापन
90 वर्षों से महिलाओं की No.1 औषधि व टॉनिक
• कमज़ोरी • हथेली व तलवों में जलन • खून साफ़ करे • रूप निखारे
आदि में सहायक


पूरे माह रहें एक्टिव, फिट व स्वस्थ
हेमपुष्पा
Helpline: 011-23261111

## सीजन का पहला कोहरा...

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी में मंगलवार को दिनभर बादल घिरे रहे। दोपहर के समय कुछ हिस्सों में बुझी हुई धूप के दीदार हुए, लेकिन सर्द हवाओं का असर बढ़ने से ठंडक महसूस की गई। चारों ओर छाई धुंध ने शाम होने से पहले ही अंधेरा छा गया, जिससे शाम 6 बजे से पहले वाहनों की लाइटें जलती दिखीं। इससे विजिबिलिटी पर भी असर रहा है। मौसम विशेषज्ञ एके शुक्ला के अनुसार दोपहर बाद से हवाएं उत्तरी होने से ठंडक में तेजी से इजाफा हुआ है। एक दिन पहले हवाएं पूर्वी और दक्षिण पूर्वी होने से पारा बढ़ गया था। शहर में बादल, बारिश और बौछारों के मौसम का यह क्रम अभी जारी रहेगा।


स्थान: निशातपुरा स्टेशन क्षेत्र
समय: सुबह साढ़े दस बजे, मंगलवार

## एंबुलेंस में भरी जा रही थी एलपीजी गैस, टीम देखते ही संचालक भागा



**भोपाल।** राजधानी के माता मंदिर इलाके में खाद्य विभाग की टीम ने गैस रिफलिंग स्पॉट पर छापा मारकर एक एंबुलेंस जब्त की है। जिला आपूर्ति नियंत्रक चंद्रभान सिंह जादौन जब अवंती बाई चौक माता मंदिर स्थित अंसार की दुकान पर पहुंचे, तो संचालक उन्हें देखकर भाग खड़ा हुआ। मौके पर एक एंबुलेंस में मशीन से गैस रिफलिंग की जा रही थी। मौके पर पहुंची खाद्य विभाग की टीम ने एंबुलेंस सहित 37 एचपी कंपनी के गैस सिलेंडर भी जब्त किए हैं।

जिला आपूर्ति नियंत्रक ने बताया कि माता मंदिर पर पहले भी अंसार पर गैस रिफलिंग मामले में केस बनाया गया था। दोबारा से गैस रिफलिंग की सूचना के बाद टीम ने मौके पर पहुंचकर मौके से गैस रिफलिंग करते हुए पकड़ा है। पता लगाया जा रहा है कि अंसार को गैस रिफलिंग के लिए एचपी कंपनी के सिलेंडर कौन मुहैया करा रहा था।

### नगर निगम ने डॉग बाइट की रोकथाम को लेकर मुख्य सचिव जैन को रिपोर्ट सौंपी

## डॉग को वैक्सीनेट कर वापस छोड़ने संसाधन बढ़ाने व फीडिंग एरिया तय करने की तैयारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

नगर निगम भोपाल ने सुप्रीम कोर्ट द्वारा दिए गए निर्देशों पर अमल करते हुए स्ट्रीट डॉग से हो रहे हादसों की रोकथाम के उपाय के लिए किए जा रहे कामों की जानकारी मुख्य सचिव को सौंप दी है। निगम द्वारा अरविलया, आदमपुर और कजलीखेड़ा में एबीसी सेंटर संचालित किए जा रहे हैं। यहां रोजाना 70 से 75 डॉग की नसबंदी करके उन्हें वापस छोड़ा जा रहा है। एबीसी सेंटर की संख्या बढ़ाने और फीडिंग एरिया तय करने के लिए भी प्लान बनाया जा रहा है।

निगम प्रशासन का कहना है कि सुप्रीम कोर्ट के निर्देशों का पालन पूरी तरह से किया जा रहा हैं। डॉग को स्टरलाइज, वैक्सिनेट कर वापस छोड़ने के लिए संसाधन बढ़ाए जाएंगे और फीडिंग एरिया तय करने की तैयारी भी की जा रही है।

शहर में सवा लाख से ज्यादा स्ट्रीट डॉग, तीन एबीसी सेंटर, रोज हो रही 70-75 डॉग की नसबंदी

अरवलिया, कजलीखेड़ा और आदमपुर में संचालित हो रहे हैं एबीसी सेंटर

### शहर को दो डॉग स्क्वाड जोन में बांटा



नगर निगम ने पूरे शहर को दो डॉग स्क्वाड जोन में बांटा है। एक जोन में 13 निगम के जोन क्षेत्र हैं जबकि दूसरे जोन में 8 निगम के जोन क्षेत्र हैं। सीएम हेल्पलाइन, महापौर हेल्पलाइन और अन्य माध्यमों से स्ट्रीट डॉग संबंधी शिकायतें मिलने पर उन्हें तत्काल संबंधित क्षेत्र की डॉग स्क्वायड टीम को फारवर्ड किया जाता है, ताकि उन्हें पकड़ने की कार्रवाई की जा सके।

### सीएस को भेजी रिपोर्ट

नगर निगम भोपाल ने अपनी रिपोर्ट मुख्य सचिव को भेज दी है। सुप्रीम कोर्ट के आदेशों का पूरी तरह पालन हो रहा है। इन्हें पकड़ने के लिए अन्य जरूरी संसाधन भी बढ़ाए जाएंगे।

**संस्कृति जैन**
आयुक्त, नगर निगम

### 4 डॉग कैचर वाहन हैं निगम के पास

निगम के पास चार डॉग कैचर वाहन और करीब एक दर्जन डॉग कैचर का स्टाफ है। जो रोजाना अपने-अपने क्षेत्रों में आवारा डॉग को पकड़ने के लिए पहुंचता तो है, लेकिन बेहद कम संख्या में कैचर उन्हें पकड़ पाते हैं। खासी मशक्कत डॉग कैचर को करना पड़ती है।

### 1.25 लाख कुत्ते हैं शहर में

एक अनुमान के मुताबिक राजधानी में सवा लाख से ज्यादा कुत्ते हैं। इनकी संख्या हर साल बढ़ रही है। हालांकि नसबंदी का काम तेजी से करने के लिए तीन एबीसी सेंटरों को जिम्मेदारी दी है।

### अतिरिक्त संसाधन जुटाए गए

शहर में तीन स्थानों पर एबीसी सेंटर में रोजाना 70 से 75 डॉग की नसबंदी की जा रही है। निगम के वाहन से यह सेंटर तक पहुंचाए जाते हैं। सेंटरों पर संसाधन भी अतिरिक्त जुटाए गए हैं।

**पीपी सिंह**, प्रभारी, एबीसी सेंटर

### 40 से ज्यादा शिकायतें रोज मिलती हैं

निगम के कॉल सेंटर, सीएम हेल्पलाइन, जोन और वार्ड स्तर पर रोजाना 40 से ज्यादा शिकायतें मिलती हैं। हालांकि डॉग कैचर टीम को इन्हें पकड़ना मुश्किल होता है। अक्सर तो वे लक्ष्य से काफी पीछे रह जाते हैं।

### 82 स्ट्रीट डॉग पकड़े, नसबंदी केन्द्रों में भेजा

*निगम आयुक्त संस्कृति जैन के निर्देश पर डॉग स्कावड टीम ने मंगलवार को 82 स्ट्रीट डॉग पकड़कर नसबंदी केंद्रों में भेजा। निगम के डाग स्क्वॉड दलों ने शहर के विभिन्न क्षेत्रों में कार्रवाई की। इनमें से 26 को कजलीखेड़ा, 31 को आदमपुर और 25 को अरवलिया एबीसी सेंटर भेजकर नसबंदी के बाद वापस छोड़ा गया।*

### हमीदिया अस्पताल में किया गया उपचार

## कार्बाइड गन अटैक: गर्भ की झिल्ली से लौटी अक्षत की आंख की रोशनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल



दीपावली के दौरान शहर में कार्बाइड गन के उपयोग से करीब 150 से ज्यादा लोग घायल हो गए थे। इनमें से पांच लोगों को आंख में गंभीर चोट लगी थी। इनका एमनियोटिक मेम्ब्रेन (गर्भ की झिल्ली) लगाकर इलाज किया गया था। इन मरीजों में से सालसा खेड़ी का रहने वाला 13 वर्षीय अक्षत की रोशनी लौटने लगी है। अक्षत आठ अक्टूबर को कार्बाइड गन चलाते समय घायल हुआ था। इसमें उसकी बाई आंख की पुतली पर सफेद परत जम गई थी। इलाज के लिए बच्चा नौ अक्टूबर को हमीदिया अस्पताल उपचार के लिए पहुंचा। स्थिति को देखते हुए नेत्र विशेषज्ञ डॉ. भारती आहूजा ने गर्भ की झिली से सर्जरी करने का फैसला लिया, जिसके बेहतर परिणाम सामने आए हैं।

### 20 दिन में लौटा 60 प्रतिशत विजन

*अक्षत को चोट लगे 20 दिन हो चुके हैं। समय पर सही इलाज मिलने से उसका विजन अब 60 प्रतिशत से अधिक लौट आया है। अक्षत ने बताया कि उसके घर के बाहर यह कार्बाइड गन बिक रही थी। देखने में आकर्षक लगी तो परिवार से जिद कर उसने खरीद ली। पहले गन ठीक चली, लेकिन कुछ देर बाद बंद हो गई। जब उसने गन के मुहाने की ओर देखा तो वह अचानक चल पड़ी और आंख में चोट लग गई।*

### क्या है एम्नियोटिक मेम्ब्रेन

मालूम हो कि एमनियोटिक मेम्ब्रेन प्रसव के दौरान गर्भ से निकलती है। यह गर्भनाल की सबसे अंदरूनी झिल्ली होती है। यह बेहद पतली, पारदर्शी और लचीली परत होती है, जिसमें ग्रोथ फैक्टर, एंटी-इंफ्लेमेटरी प्रोटीन और हीलिंग एजेंट प्राकृतिक रूप से मौजूद रहते हैं। प्रसव के बाद इसे सुरक्षित रूप से लिया जाता है और स्टेराइल प्रक्रिया से संरक्षित किया जाता है ताकि जरूरत पड़ने पर सर्जरी में उपयोग किया जा सके।

## मकान की डिमांड पूरी न करने पर महिला को पीटा

**भोपाल।** महिला थाना में मकान की मांग को लेकर महिल के साथ मारपीट की घटना हुई है। दोनों ही मामलों में छह लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया। मकान की मांग को लेकर बंजारा बस्ती गांधीनगर में रहने वाली रेखा पटेल ने शिकायत दर्ज कराई कि पति सुनील पटेल मकान की मांग को लेकर लगातार प्रताड़ित कर रहे हैं साल 2023 से लगातार मकान ससुराल पक्ष से मांगने के लिए दबाव बना रहे हैं। मकान के डिमांड पूरी न करने पर उसके साथ मारपीट की जा रही है। इसी के आधार पर पुलिस ने पति और उसके परिजनों के खिलाफ मामला दर्ज किया है

### चार नवंबर से घर-घर वोटर लिस्ट के एसआईआर को लेकर गणना पत्रक बांटने का काम शुरू होगा

## गणना पत्रक के साथ नहीं देना पड़ेंगे दस्तावेज, लिस्ट में नाम नहीं तो मिलेगा नोटिस, पेश करना होगा प्रमाण

एसडीएम के दफ्तर में पेश करना पड़ेंगे नागरिकता के दस्तावेज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

चार नवंबर से घर-घर जाकर वोटर लिस्ट के स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन (एसआईआर) को लेकर गणना पत्रक बांटने का काम शुरू होगा, जिसके लिए जिले की सात विधानसभाओं के 2029 मतदान केंद्रों पर तैनात बीएलओ की ड्यूटी लगाई गई है। यह बीएलओ जिले के 21 लाख 18 हजार 364 मतदाताओं तक पहुंचेंगे। गणना पत्रक के साथ मतदाताओं को दस्तावेज नहीं देना पड़ेंगे। ऐसे में जो मतदाता वर्तमान पते पर नहीं मिलेगा। उसका नाम वोटर लिस्ट के प्रारंभिक प्रकाशन में काटकर लिस्ट सार्वजनिक जगहों पर प्रकाशित कर एसडीएम स्तर से नोटिस जारी किए जाएंगे। जिनके नाम वर्ष-2003 की वोटर लिस्ट में नहीं हैं, उन्हें भी नोटिस भेजे जाएंगे। जिसके बाद इन लोगों को भारत की नागरिकता का प्रमाण पेश करना पड़ेगा। जिसके आधार पर ही छूटे हुए लोगों के नामों को फाइनल वोटर लिस्ट में शामिल किया जाएगा।

मंगलवार को जिला निर्वाचन अधिकारी और कलेक्टर कौशलेंद्र विक्रम सिंह ने जिले के राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों की बैठक बुलाकर उन्हें एसआईआर से जुड़ी जरूरी जानकारी दी। कलेक्टर ने बताया कि किसी भी व्यक्ति का वोटर लिस्ट में नाम जोड़ने के लिए भारतीय नागरिक होना, अठारह साल आयु, निर्वाचन क्षेत्र में सामान्य रूप से निवास और किसी कानून के तहत अयोग्य न हो। उन्होंने बताया कि एसआईआर के दौरान नए वोटर्स भी नाम जुड़वा सकते हैं, जिसके लिए भारत निर्वाचन आयोग द्वारा तय दस्तावेज पेश करना पड़ेंगे।

### वर्ष-2003 की वोटर लिस्ट में नाम खोजना मुश्किल

*18 साल पूरे करने वाले मतदाता भी जुड़वा सकेंगे अपना नाम*

*निर्वाचन अधिकारी और कलेक्टर ने बैठक में दी जानकारी*




निर्वाचन आयोग ने वर्तमान वोटर लिस्ट में नाम सर्च करने के लिए सर्च इंजिन दिया है, जबकि वर्ष-2003 की वोटर लिस्ट में नाम सर्च करने के लिए सर्च इंजन नहीं है। ऐसे में मतदाताओं को 22 साल पुरानी विधानसभा और मतदान केंद्र के हिसाब से ही अपना नाम तलाश करना पड़ेगा। दरअसल एक विधानसभा में लाखों की तादाद में मतदाताओं के नाम होते हैं, ऐसे में अपना नाम तलाश करना मुश्किल हो जाएगा।

### बीएलओ को करना पड़ेगा फुल टाइम काम

बैठक में बहुजन समाज पार्टी के जिला प्रभारी मुकेश गौर ने कहा कि पोलिंग बूथों पर तैनात ज्यादातर बीएलओ इस काम के साथ अपने मूल विभाग का काम भी करते हैं। ऐसे में एसआईआर के दौरान उनसे पूरी तरह बीएलओ का ही काम कराया जाए, जिस पर उपजिला निर्वाचन अधिकारी भुवन गुप्ता ने कहा कि बीएलओ के काम की निगरानी के लिए 250 सुपरवाइजर भी लगाए गए हैं।

### जो वोटर जहां, वहां कर सकेगा आवेदन

बैठक में बताया गया कि वर्तमान में कई वोटर्स अपने तय पते पर नहीं मिलते हैं। ऐसे में इन लोगों को चाहिए कि वह जहां पर हैं, वहां पर आवेदन कर सकेंगे। नहीं मिलने वाले मतदाताओं के नाम की लिस्ट सार्वजनिक जगहों पर भी पब्लिश की जाएगी। जिससे संबंधित मतदाता अपने दस्तावेज पेश कर सकता है। गणना पत्रक जमा होने के बाद 9 दिसंबर को वोटर लिस्ट का प्रारंभिक प्रकाशन किया जाएगा।

### वॉलेंटियर्स की भी लेंगे मदद

एसआईआर के तहत जिन मतदाताओं के नाम वर्ष-2003 की लिस्ट में नहीं हैं, उनकी मदद के लिए वॉलेंटियर्स की भी मदद ली जाएगी, जिससे आम वोटर्स को परेशान न होना पड़े।

**कौशलेंद्र विक्रम सिंह**, कलेक्टर

### गणना पत्रक पर मिलेगा क्यूआर कोड

घर-घर दिए जाने वाले गणना पत्रक में वर्ष-2003 की वोटर लिस्ट में नाम सर्च करने के लिए क्यू आरकोड भी प्रिंट किया जाएगा। जिससे मतदाता को अपना नाम सर्च करने में आसानी होगी। गणना पत्रक पर वर्तमान कलर फोटो भी लगाना पड़ेगा। जिन मतदाताओं का नाम इसमें नहीं है, वह अपने पिता, दादा, चाचा और ताऊ का नाम सर्च कर सकते हैं। गणना पत्र के साथ कोई दस्तावेज देने की जरूरत नहीं है।

SBI
भारतीय स्टेट बैंक
केंद्रीय भर्ती एवं पदोन्नति विभाग, कॉरपोरेट केंद्र, मुंबई
ई-मेल: crpd@sbi.co.in
आवेदन के लिए क्यूआर स्कैन करें

**संविदा आधार पर विशेषज्ञ संवर्ग अधिकारियों की नियुक्ति**

संविदा आधार पर निम्नलिखित पदों के लिए भारतीय नागरिकों से आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं.

विज्ञापन सं.: CRPD/SCO/2025-26/15

| पद का नाम | रिक्ति |
|---|---|
| प्रमुख (उत्पाद, निवेश और अनुसंधान) | 01 |
| जोनल प्रमुख | 04 |
| क्षेत्रीय प्रमुख | 07 |
| आरएम – टीम प्रमुख | 19 |
| निवेश विशेषज्ञ | 22 |
| निवेश अधिकारी | 46 |
| परियोजना विकास प्रबंधक (व्यवसाय) | 02 |
| केंद्रीय अनुसंधान दल (सहायता) | 02 |

पात्रता मानदंड (आयु, शैक्षणिक योग्यता, अनुभव, जॉब प्रोफाइल आदि), रिक्ति विवरण, आवश्यक शुल्क एवं अन्य विवरण के लिए बैंक की वेबसाइट **https://sbi.bank.in/web/careers/current-openings** पर लॉग ऑन करें, जहाँ उपरोक्त विस्तृत विज्ञापन उपलब्ध हैं. इसके साथ आवेदन को ऑनलाइन जमा करने और साथ ही साथ आवेदन शुल्क का ऑनलाइन भुगतान करने हेतु एक लिंक भी दी गई है. आवेदन करने और शुल्क भेजने से पहले अपनी पात्रता सुनिश्चित करने एवं अन्य विवरणों के लिए विस्तृत विज्ञापन पढ़ें. कोई अन्य पूछताछ करने के लिए कृपया **"CONTACT US"→ "Post Your Query"** लिंक के माध्यम से हमें लिखें, जो कि बैंक की वेबसाइट **(https://sbi.bank.in/web/careers/post-your-query)** पर उपलब्ध है.

- **आवेदन ऑनलाइन जमा करने और शुल्क का भुगतान करने की तिथि : 27.10.2025 से 17.11.2025 तक.**

**स्थान:** मुंबई
**दिनांक:** 27.10.2025 **महाप्रबंधक (आरपी एंड पीएम)**

## जैकेट का शेष....

### दो नवंबर को ...

पीआरएस पर कई महत्वपूर्ण सेवाएं उपलब्ध नहीं होंगी। इनमें पीआरआर पूछताछ, करंट रिजर्वेशन, इंटरनेट बुकिंग, टिकट कैंसिलेशन, चार्टिंग, ईडीआर, आदि सेवाएं शामिल हैं।

### यूपीएससी की तर्ज ....

राज्य सरकार ने 9 साल से लंबित हाउस रेंट अलाउंस का निराकरण कराया है। राज्य सरकार की मंशा है कि सभी पात्र अधिकारी-कर्मचारियों के प्रमोशन हो, लेकिन प्रकरण अभी कोर्ट में लंबित है। हमें विश्वास है कि प्रदेश के लगभग 4 लाख अधिकारी-कर्मचारियों को जल्द ही पदोन्नति का लाभ मिलेगा। साथ ही नई भर्ती आरंभ कर 2 लाख नए पद भी सृजित किए जाएंगे। पुलिस विभाग में 20 हजार पद भरे जाएंगे। भर्ती प्रक्रिया शुरू की जा चुकी है। आंगनबाड़ी पर्यवेक्षकों के 476 नए पद स्वीकृत किए गए हैं। आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सहायिकाओं के 19,504 नए पदों पर पहली बार डिजिटल पद्धति से भर्ती की प्रक्रिया शुरू की जा रही हैं। अब तक कर्मचारियों को स्मार्ट सिटी परियोजना के 366 आवास आवंटित किए जा चुके हैं। नए 300 से अधिक आवास भी बनकर तैयार हैं जल्द ही इन्हें सिंगल क्लिक के माध्यम से अधिकारियों-कर्मचारियों को आवंटित किया जाएगा। आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और सहायिकाओं को भी जीवन ज्योति बीमा और प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना का लाभ देने की स्वीकृति दी गई है। कार्यक्रम में विधायक भगवानदास सबनानी, भारतीय मजदूर संघ के प्रदेश अध्यक्ष संजय सिंह, मप्र राज्य कर्मचारी संघ के प्रदेश अध्यक्ष हेमंत श्रीवास्तव,प्रदेश महामंत्री जितेंद्र सिंह सहित विभिन्न कर्मचारियों के पदाधिकारी और बड़ी संख्या में अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

### कटनी में भाजपा ....

को एक सीसीटीवी फुटेज मिला है। इसमें दोनों हमलावर बाइक से आकर नीलेश को गोली मारते स्पष्ट दिखाई दे रहे हैं। पुलिस ने फुटेज को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है। हत्या के बाद भाजपा नेता के परिजनों और समर्थकों में भारी आक्रोश है। उन्होंने शव का पोस्टमॉर्टम कराने से इनकार कर दिया और कैमोर अस्पताल के बाहर चक्काजाम कर दिया। एसडीओपी वीरेंद्र बारवे और अन्य भारी मात्रा में पुलिस-प्रशासन के अधिकारी परिजनों को समझाइश देने में जुटे रहे। एसडीओपी ने बताया कि हत्या की वजह फिलहाल स्पष्ट नहीं हो सकी है। केस दर्ज कर लिया गया है और आरोपियों की तलाश के लिए पुलिस की अलग-अलग टीमें रवाना कर दी गई हैं।

### समोसे की खौलती...

राघव के साथ बागेश्वर धाम दर्शन करने आए थे। बालाजी महाराज के दर्शन के बाद वे सोमवार शाम को धाम परिसर में एक हाथ ठेला समोसे की दुकान पर नाश्ता कर रहे थे। इस दौरान वहां पास में खड़े दो बैल आपस में लड़ने लगे, इससे वहां भगदड़ जैसे हालात बन गए। इस दौरान बैलों के धक्के से दादी की गोद में बैठा राघव खौलते तेल की कढ़ाई में गिर गया। जिला अस्पताल के बर्न वार्ड में तैनात डॉ. रोशन द्विवेदी ने बताया कि बच्चे का अस्पताल में इलाज चल रहा है। उसकी हालत फिलहाल नाजुक बनी हुई है। बमीठा थाना प्रभारी आशुतोष श्रोत्रिय ने बताया कि बैलों के झगड़े के दौरान हादसा होने की बात सामने आई है।

### खड़ी बस में...

वाली है। पति से तलाक का केस चल रहा है, लेकिन पति कोर्ट नहीं आ रहा। उसी का पता करने के लिए वह शिवपुरी देहात थाने गई थी। इसके बाद भिंड लौट रही थी। भिंड के फूप इलाके की रहने वाली 27 वर्षीय महिला एफआरवी (फर्स्ट रिस्पॉन्स व्हीकल) की मदद से पड़ाव थाना पहुंची। ग्वालियर से शिवपुरी के बीच सफर के दौरान महिला से बस कंडक्टर विष्णु ओझा निवासी बदरवास सखारोड़ से जान पहचान हो गई। विष्णु ने महिला से उसका मोबाइल नंबर ले लिया। उसने बताया कि 2 घंटे बाद गुना से बस लौटेगी तो वह उसे फोन कर देगा। उसे आराम से ग्वालियर छोड़ देगा। शाम को कंडक्टर विष्णु ओझा ने महिला को फोन कर शिवपुरी बुलाया और अपनी बस में बैठा लिया। रात करीब 9 बजे बस ग्वालियर बस स्टैंड पहुंच गई। पूरी बस खाली हो गई। करीब 9.30 बजे बस कंडक्टर वापस लौटा। उसने खाली बस के दरवाजे अंदर से लॉक कर दिए। जान से मारने की धमकी देकर उसके साथ दुष्कर्म किया। सीएसपी रॉबिन जैन ने बताया कि कंडक्टर ने जान पहचान का फायदा उठाकर वारदात की।

### रीवा एयरपोर्ट में ...

दोपहर एलायंस एयर कंपनी की टेस्ट फ्लाइट जबलपुर से उड़ान भरकर रीवा एयरपोर्ट पहुंची। एयरपोर्ट अथॉरिटी ऑफ इंडिया और एलायंस एयर के इंजीनियर्स की टीम ने रनवे, सुरक्षा, और टेकऑफ पैरामीटर्स की जांच की। निर्धारित मानकों के परीक्षण के बाद लैंडिंग को पूरी तरह सफल घोषित किया गया। एयरपोर्ट अथॉरिटी के अनुसार नवंबर 2025 से अलायंस एयर 72 सीटर विमान सेवा शुरू करेगी। वहीं, इंडिगो एयरलाइंस 1 जनवरी 2026 से अपनी उड़ानें शुरू करेगी। दोनों एयरलाइंस अलग-अलग रूट्स पर संचालित होंगी। अलायंस एयर दिल्ली रूट पर जबकि इंडिगो इंदौर और मुंबई रूट पर सेवा देगी। रीवा से पहली बार बड़े विमान की सफल लैंडिंग पर प्रदेश के डिप्टी सीएम राजेंद्र शुक्ल ने प्रसन्नता जताई है। उन्होंने कहा कि यह विंध्य क्षेत्र के विकास की दिशा में बड़ा कदम है और अब रीवा सीधे देश के प्रमुख शहरों से जुड़ेगा।

### ब्राजीलिया की मॉडल....

गलत व्यवहार किया, उसे गंदी नीयत से छुआ। सदमे और डर से स्तब्ध महिला ने उसे धक्का देकर दूर कर दिया, दरवाजा बंद कर लिया। वह घटना से इतनी हैरान और भयभीत थीं कि उन्होंने डर के मारे इस घटना की जानकारी तुरंत किसी को नहीं दी। बाद में उसने और उसके फ्लैटमेट्स ने कार्तिक को सूचित किया, जिन्होंने सीसीटीवी फुटेज की जांच की और पुलिस से संपर्क करने से पहले घटना की पुष्टि की। पुलिस ने आरोपी कुमार राव पवार को गिरफ्तार कर लिया है और भारतीय न्याय संहिता की धारा 75(1) और 76 के तहत मामला दर्ज किया है।

### देश में चलेगा...

हिंदू सम्मेलन भी किए जाएंगे, इसमें युवाओं के लिए भी विशेष कार्यक्रम चलाए जाएंगे। उन्होंने बताया कि स्थानीय स्तर पर बस्ती और मंडल के स्तर पर हिंदू सम्मेलनों का आयोजन होगा। राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के अखिल भारतीय कार्यकारिणी मंडल की बैठक में देश की सामाजिक हालातों पर चिंतन होगा। इसमें बस्ती-मंडल स्तर पर होने वाले हिंदू सम्मेलन की कार्ययोजना पर बात होगी। इसके अलावा शताब्दी वर्ष पर प्रारंभ होने वाले सघन गृह संपर्क अभियान पर चर्चा की जाएगी।

## पेज एक का शेष....

### काशी के घाटों ...

से उत्तर भारत की लोक परंपराओं को जीवंत करेंगी। पद्मश्री गीता चंद्रन का भरतनाट्यम नृत्य भी कार्यक्रम का विशेष आकर्षण रहेगा। वहीं, नमो घाट पर काशी सांसद सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रतियोगिता के प्रमुख कलाकार भी अपनी प्रस्तुति देंगे। संयुक्त निदेशक पर्यटन दिनेश कुमार ने बताया कि चार दिवसीय इस उत्सव में गीत, संगीत, नृत्य और वादन की गंगा बहेगी।

### काशी गंगा महोत्सव....

नृत्य, इन्दु गुप्ता-लोक गायन, चेतन जोशी-बांसुरी वादन, विदुषी कविता द्विवेदी-ओडिसी नृत्य, पद्मश्री मालिनी अवस्थी-लोक गायन।

- **चौथा दिन, 4 नवंबर**: डॉ. शुभांकर डे-गायन, डॉ. प्रेम किशोर मिश्र एवं साथी-सितार, सरोद जुगलबन्दी व गायन, राहुल रोहित मिश्र-शास्त्रीय गायन, रूपन सरकार समन्ता-शास्त्रीय गायन, वासुमती बद्रीनाथन-शास्त्रीय गायन, शिवानी मिश्रा-कथक समूह नृत्य, मानसी रघुवंशी-गायन, हंसराज रघुवंशी-भजन गायन।

### अब राफेल जेट ....

राष्ट्रपति दिल्ली से अपने विशेष विमान से अंबाला के लिए उड़ान भरेंगी। एक घंटे में उनका विमान अंबाला एयरफोर्स स्टेशन में पहुंचेगा। इसके बाद उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर दिया जाएगा, और वह अधिकारियों को भी संबोधित करेंगी। इसके बाद लगभग 12 बजे यह कार्यक्रम समाप्त हो जाएगा।

### आठवां वेतनमान 1....

सहित लगभग 50 लाख केंद्र सरकार के कर्मचारियों को कवर करेंगी। यानी, करीब 1.19 करोड़ कर्मचारियों को इसका लाभ मिलेगा। माना जा रहा है कि आठवें वेतन आयोग की सिफारिशें लागू होने के बाद लोअर डिविजन क्लर्क (एलडीसी) की सैलरी और पेंशनधारकों के पेंशन में बड़ा इजाफा दिख सकता है। केंद्रीय सरकारी कर्मचारियों में एलडीसी का पद लेवल-2 में आता है और इसका ग्रेड पे 1900 है। सातवें वेतन आयोग के तहत एलडीसी की बेसिक सैलरी 18,000-19,000 तय की गई थी। इसके साथ ही एचआरए, डीए, ट्रेवल अलाउंस आदि जोड़ने पर कुल सैलरी लगभग 37,000 से 39,000 के बीच हो जाती है।

### एलडीसी की सैलरी....

गुना था। अगर आठवें वेतन आयोग में यह 3.00 से 3.42 गुना तक तय होता है, तो एलडीसी की सैलरी में उल्लेखनीय बढ़ोतरी होगी। उदाहरण के तौर पर, यदि एलडीसी की नई बेसिक सैलरी 19,900 और फिटमेंट फैक्टर 3.00 माना जाए, तो नई सैलरी 59,700 तक पहुंच सकती है।

### पेंशन में करीब....

आर्थिक सुरक्षा मिलेगी। आठवां वेतन आयोग सरकारी नौकरियों में लंबे समय तक लोगों के बने रहने को भी बढ़ावा दे सकता है। अगर यह प्रस्ताव मंजूर होता है तो इससे रिटायरमेंट के करीब पहुंच रहे हजारों कर्मचारियों को लाभ मिल सकता है। अनुमानों के मुतबिक आठवें वेतन आयोग की सिफारिशों के बाद, न्यूनतम बेसिक पेंशन 9,000 से बढ़ाकर 25,000 प्रति माह तक बढ़ सकता है। यानी पेंशन में करीब तीन गुना तक बढ़ोतरी संभव है।

### हवा में उड़ाया....

कर रही हैं। उनको स्पांसर किया गया है। यह टीमें उनके फेक वीडियो बनाकर इंटरनेट मीडिया पर प्रसारित कर रही हैं। पं. शास्त्री ने आगे कहा कि हम मंचों से उनकी ठठरी बांधते हैं, तो क्या वह चुप रहेंगे। उनके पास जो शक्तियां होंगी, वो उनको छोड़ते होंगे। बालाजी सरकार की कृपा से सभी तांत्रिकों की दुकानें बंद हो गई हैं। अब तो वे कुछ न कुछ करेंगे। बालाजी के आगे कोई कुछ नहीं बिगाड़ सकता। बता दें कि धीरेंद्र शास्त्री 7 नवंबर से हिंदू राष्ट्र की कामना लेकर पदयात्रा निकाल रहे हैं। यह पदयात्रा दिल्ली से वृंदावन के तक निकाली जाएगी।

### डॉक्टरों का ध्यान...

विशेषकर उन मामलों में जहां डॉक्टर आधिकारिक तौर पर सरकारी ड्यूटी पर नहीं थे, हालांकि महामारी के दौरान मरीजों की सेवा करते रहे। समाज को चिकित्सा पेशेवरों के साथ खड़े होने पर जोर देने वाली ये टिप्पणियां न्यायमूर्ति पीएस नरसिम्हा और आर. महादेवन की पीठ ने कोरोना महामारी के दौरान जान गंवाने वाले चिकित्सा पेशेवरों के परिजनों द्वारा दाखिल याचिकाओं पर सुनवाई के दौरान कीं। कोर्ट ने केंद्र सरकार की ओर से पेश अतिरिक्त सालिसिटर जनरल ऐश्वर्या भाटी से कहा कि सरकार को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि बीमा कंपनियां वैध दावों का सम्मान करें।

### उदित होते सूर्य को...

शीतलदास की बगिया घाट व सरस्वती मंदिर मैदान पर पूर्व के समापन पर श्रमदान कर साफ-सफाई की। भोजपुरी समाज के लोगों मंगलवार को अल सुबह करीब 4 बजे से एकत्रित होने लगे थे। इसके बाद उगते सूर्य को गाय के दूध व जल से अर्घ्य देकर पूजा-अर्चना की। इसके बाद घाट स्वच्छता मुहिम चलाई गई।

### धमाके से 4 किमी...

17, एचएच-4330 में इलेक्ट्रिक वेल्डिंग का काम किया जा रहा था। ब्लास्ट इतना शक्तिशाली था कि गैस टैंकर का ड्रायवर कैबिन सहित मशीन वाला पूरा हिस्सा पूरी तरह से चकनाचूर हो गया और उसके परखच्चे उड़ गए। प्रारंभिक सूचना के अनुसार, इस घटना में ट्रक ड्रायवर नीरज सिंह सहित 8 लोगों के घायल होने की खबर है, जिन्हें तत्काल इलाज के लिए अस्पताल भेजा गया है। 5 लोग शासकीय अस्पताल में और 3 लोग एक निजी अस्पताल में भर्ती हैं। एसडीओपी वीरेंद्र मिश्रा और टीआई गौरव सिंह बुंदेला भी तत्काल अस्पताल पहुंचे और घायलों के उपचार की जानकारी ली। घटना के बाद रास्ते से गुजर रहे वाहनों के पहिये थम गए और देखते ही देखते मौके पर भीड़ जमा होने से जाम लग गया।

### पुलिस ने संभाला...

कि अस्पताल में एक महिला और चार पुरुष सहित कुल पांच मरीज आए हैं। सभी को उपचार दिया जा रहा है, कुछ आगे की जांच होनी है। अभी एक पुरुष की हालत गंभीर है, उसके पैर में फ्रैक्चर है और सिर में चोट है। आगे की जांचों के बाद और जानकारी सामने आएंगी, हो सकता है, गंभीर मरीजों को रेफर करना पड़े।

### पारा लगातार ले रहा यू-टर्न...

6.2 डिग्री कम है, जबकि रात का पारा 20.8 डिग्री रहा। सोमवार को भोपाल सहित आधा दर्जन जिलों में पारा 6 डिग्री तक बढ़ा था, जिसने मंगलवार को यूटर्न ले लिया। मौसम केंद्र के अनुसार बुधवार को भी मौसम ऐसा ही रहेगा। मौसम विशेषज्ञ एके शुक्ला के अनुसार अभी राजस्थान में सिस्टम होने और बंगाल की खाड़ी तथा अरब सागर में सिस्टम की सक्रियता से प्रदेश में बारिश, बादलों का दौर रहेगा। मंगलवार को आधा दर्जन जिलों में दिन-रात के तापमान में औसतन तीन डिग्री का अंतर रह गया। इनमें भोपाल, गुना, ग्वालियर, श्योपुर, शिवपुरी, दमोह, रीवा, सागर, सतना, टीकमगढ़ और उमरिया आदि जिले शामिल रहे हैं। इन जिलों में दिन में ठंडक महसूस की गई।


**राष्ट्रीय बीज निगम लिमिटेड**
(भारत सरकार का उपक्रम-मिनीरत्न कम्पनी)
एन एस सी NSC 150 YEARS OF CELEBRATING THE MAHATMA
CIN NO. U74899DL1963GOI003913, (An ISO 9001:2015 & 14001:2015 Certified Company)
क्षेत्रीय कार्यालय : मध्यप्रदेश एवं छत्तीसगढ़, 48-49, सेक्टर-बी, औद्योगिक क्षेत्र, गोविन्दपुरा, भोपाल-462023
फोन : 0755-2580271, 2580319 ई-मेलः mktgnscbhopal@gmail.com, rm.bhopal@indiaseeds.com, वेबसाइटः www.indiaseeds.com

उत्पादन.5(5)A/रा.बी.नि./आर.ओ.-भो/2025-26 दिनांक : 27.10.2025

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

क्षेत्रीय कार्यालय, राष्ट्रीय बीज निगम लिमिटेड, गोविंदपुरा, भोपाल आधारीय/प्रमाणित मसूर (300 क्विंटल), चना (100 क्विंटल) एवं बरसीम (20 क्विंटल) की प्रदायगी हेतु, जो कि रबी-2024-25 के उत्पादन से उत्पादित हों, को क्रय करने हेतु प्रतिष्ठित बीज उत्पादकों/संस्थानों/सहकारी समितियों एवं बीज कंपनियों से स्व-उत्पादित, बीज की मध्यप्रदेश एवं छत्तीसगढ़ पर ऑफलाइन (offline) निविदा दिनांक 03/11/2025 को आमंत्रित करता है।

अधिक जानकारी हेतु हमारी वेबसाइट www.indiaseeds.com को देखें। निविदा में भाग लेने हेतु टेंडर फार्म दिनांक 03/11/2025 को मध्यान्ह 12:30 बजे तक जमा किए जा सकते है। संशोधन/ परिशिष्ठ यदि कोई हुआ तो एनएससी वेबसाइट पर देखा जा सकता है।

**क्षेत्रीय प्रबंधक**



**M.P. MADHYA KSHETRA VIDYUT VITARAN CO.LTD.**
Office of The General Manager (Area Store)
Nishtha Parisar, Govindpura, Bhopal, E-mail : areastorebhopal@gmail.com
Telephone : 0755-2601285
No. 23358/A.S./Gen/Enq./3654-55 Bhopal, Dated : 28.10.2025

**OFFER FOR HIRING VEHICLE**

M.P.M.K.V.V.CO.L. hereby invited offer/rate for hiring the below mentioned type of vehicle in the following location :-

| Name of the Office | Particulars | EMD (Rs.) | Due Date of Submission of Offer | Opening Date & Time |
|---|---|---|---|---|
| G.M. Area Store MPMKVVCL Bhopal | Enquiry of 01 No. Type-H2, Truck (10 Metric Ton) (Single Shift) (Model 2024 or after) | 3,000/- | 04.11.2025 up to 3:00 P.M. | 04.11.2025 at 3:30 P.M. |

Other details, terms and conditions are available on Company website **https:// portal.mpcz.in** or the under signed office.
M.P. Madhyam/122717/2025 **GM (AREA STORE) BHOPAL**



**कार्यालय, नगर पंचायत पुसौर जिला-रायगढ़ (छत्तीसगढ़)**
क्रमांक /941/लो.क.शा./न.पं/2025-26 **ई-प्रोक्योरमेन्ट प्रथम निविदा आमंत्रण सूचना** पुसौर, दिनांक : 28/10/2025

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत टेकेदारों से निम्नलिखित कार्य हेतु ऑनलाईन (Online) ई-निविदा आमंत्रित की जाती है :-
1. Date of issue of Tender :- 29/10/2025 Time 10.30 AM
2. Last Date of Online Submission for Technical & Financial Bid :- 21/11/2025 Time 5.30 PM
3. Last Date for Submission of physical bid :- 28/11/2025 Time 5.00 PM
4. Bid Open Date :- 28/11/2025 Time 5.30 PM

| क्र. | सि.नि. क्र. | कार्य का विवरण | अनुमानित लागत (रू. लाख में) | अमानत राशि (लाख में) | निविदा प्रपत्र शुल्क (लाख में) | समय सीमा (वर्षा ऋतु को छोड़कर) | मूल दस्तावेज का फिजिकल लिफाफा नगर पंचायत पुसौर कार्यालय में जमा करने की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 178184 | वार्ड 03 पुष्पवाटिका उद्यान निर्माण कार्य। (SOR+Non SOR) | 292.40 | 1.50 | 0.03 | 09 माह | 28/11/2025 समय 05.00 PM |
| 2 | 178195 | वार्ड 15 में चंदन तालाब का सौन्दर्यीकरण कार्य। (SOR+Non SOR) | 210.40 | 1.20 | 0.03 | 09 माह | |

उपरोक्त कार्य की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई-प्रोक्योरमेन्ट वेब पोर्टल https://eproc.cgstate.gov.in अथवा विभागीय वेबसाईट www.uad.cg.gov.in से डाउनलोड की जा सकती है एवं कार्यालयीन अवधि में कार्यालय आकर जानकारी प्राप्त की जा सकती है। निविदा नियम शर्तों का अवलोकन ध्यान पूर्वक भली भांति किया जावे।

मुख्य नगरपालिका अधिकारी
नगर पंचायत पुसौर, जिला रायगढ़ (छ.ग.)






**Medical Help Line**
विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें : मो.9407279644



नये दागों का आना तुरन्त बंद
**सफेद दाग**
गारंटेड इलाज
Timing 10:30 am to 8:00 pm
Dr. Safi's HOMEOPATHIC CLINIC
कृपया फोन पर अपॉइंटमेंट लें।
M : 9425006131, 9827249409
5/4, संजय कॉम्पलेक्स माता मंदिर, टी.टी. नगर भोपाल | सौलत मंजिल पुरानी कजियात के सामने मोती मस्जिद भोपाल

हरिभूमि
रनिंग क्लासीफाइड
उठावना, शोक संदेश, जन्मदिन, आम सूचना/कोर्ट नोटिस

हरिभूमि **भोपाल बाजार** विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें मो.9977912473




**प्लाट मात्र 3,55,000 हजार में आसान किश्तों पर**
साईट:- 220 फिट रिंग रोड न्यू बायपास से लगी हुई
डायवर्सन एवं NOC एप्रूव्ड
आफिस इंडिया प्रोपर्टी करोंद भोपाल
मो. 7772079910

**आवश्यक सूचना**
पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (धन भेजने, लेन संबंधित, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित अथवा अनुबंध) से पहले अच्छी तरह जाँच पड़ताल कर लें। किसी भी उत्पाद या सेवायें के संबंध में किये किसी विज्ञापन दाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि की जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक संपादक और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाये किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।
– व्यावस्थापक


## राशिफल

**मेष**: धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। शैक्षिक कार्यों के लिए विदेश जाने के योग बन रहे हैं। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। भाइयों का साथ मिलेगा।

**वृष**: वाणी में मधुरता तो रहेगी, परन्तु मन परेशान रहेगा। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। सन्तान की ओर से सुखद समाचार मिल सकते हैं।

**मिथुन**: शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। कारोबार में परिश्रम अधिक रहेगा, परन्तु लाभ में कुछ कमी आ सकती है। क्रोध पर नियंत्रण रखें।

**कर्क**: आत्मविश्वास में कमी आएगी। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। कुटुम्ब के बुजुर्ग के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। धर्म के प्रति श्रद्धाभाव रहेगा।

**सिंह**: सम्पत्ति में वृद्धि के योग बन रहे हैं। परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं। मित्रों का सहयोग मिलेगा। किसी नए कारोबार की शुरुआत करेंगे।

**कन्या**: किसी पुराने मित्र से भेंट हो सकती है। सुस्वादु खानपान में रुचि बढ़ सकती है। कारोबार में परिश्रम अधिक रहेगा। संबंधों में निकटता आएगी।

**तुला**: मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। शैक्षिक एवं शोधादि कार्यों के लिए किसी दूसरे स्थान पर जा सकते हैं।

**वृश्चिक**: शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। नौकरी में अफसरों का सहयोग तो मिलेगा, परन्तु कार्यक्षेत्र में वृद्धि हो सकती है।


**धनु**: आत्मविश्वास भी भरपूर रहेगा। घर-परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। सन्तान के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। खर्च बढ़ेंगे। वाणी पर नियंत्रण रखें।

**मकर**: व्यर्थ के क्रोध से बचें। लाभ में वृद्धि होगी। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। रहन-सहन कष्टमय हो सकता है। सुखद समाचार मिलेगा।

**कुंभ**: मन अशान्त हो सकता है। संयत रहें। आलस्य भी बढ़ सकता है। सन्तान सुख में वृद्धि होगी। कारोबार में कुछ सुधार होगा।

**मीन**: परिवार की समस्या परेशान कर सकती है। आय में कमी एवं खर्च अधिक की स्थिति हो सकती है। नौकरी में कोई नई जिम्मेदारी मिल सकती है।

## शब्द पहेली - 6031



**बाएँ से दाए-**
1. पक्षियों का शोर-4
3. मुठभेड़, भिड़ंत-4
5. क्रोधित होवा-5
8. लाश, पार्थिव देह-2
10. नवीन-2
11. सरिता-2
12. संजय दत्त, मंदाकिनी अभिनीत फिल्म-2
13. दोजख, नर्क-3
15. नमकीन लवण-3
17. बेकार-3
18. आंचल-3
20. फायदा, लाभ-2
21. चिट्ठी, पत्र-2
22. जी, चित-2
24. संपूर्ण-2
26. कुचलना, दबाना-3
28. दाड़म, एक फल-3
30. सांभर जैसा खाद्य पदार्थ-3
32. खिचड़ी, पुलाव-3
34. मां, आई-2
35. भाग्य (अंग्रेजी-2)
36. सौतन-2
38. लीन-2
39. चमकीला-5
40. नसीब, किस्मत-4
41. चुनौती-4

**ऊपर से नीचे**
1. दलाली-4
2. स्वदेश, जन्मभूमि-3
3. दौंडी पीटना-3
4. बेमिसाल-4
6. इसमें तलवार रखते हैं-3
7. मापदंड, आदर्श-3
9. इच्छित वस्तु-4
12. जीरक, कणिका-2
14. थोड़ा, जरा-2
16. आनंद-2
17. क्रोधित, रुष्ट-2
19. अदा-3
20. पति की बहन-3
23. मन को हरने वाला-4
24. निष्कर्ष-2
25. उम्मीद-2
27. वोट, अभिमत-2
28. धरोहर, थाती-4
29. रिश्ता-2
30. नकद राशि, रोकड़-3
31. संधिपत्र, मसविदा-3
33. रीति अनुसार-4
35. अदृढ, तर्कहीन-3
37. द्रव पदार्थ-3

**शब्द पहेली -6030 का हल**



## सूडोकू नवताल - 6041

★★★ मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | | | | | 9 | 6 | | |
| | | | | | | 1 | 4 | |
| | | | 2 | 8 | | | | |
| | | | 8 | | | | 5 | 2 |
| 6 | | | | | | | | 7 |
| 1 | 4 | | | | 3 | | | |
| | | | | 4 | 1 | | | |
| | 2 | 5 | | | | | | |
| | | 3 | 7 | | | | | 4 |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकू नवताल - 6040 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 6 | 2 | 3 | 5 | 8 | 9 | 1 | 7 |
| 8 | 1 | 7 | 9 | 2 | 6 | 3 | 5 | 4 |
| 3 | 5 | 9 | 1 | 7 | 4 | 8 | 2 | 6 |
| 6 | 4 | 1 | 5 | 3 | 7 | 2 | 8 | 9 |
| 2 | 7 | 5 | 8 | 4 | 9 | 6 | 3 | 1 |
| 9 | 3 | 8 | 2 | 6 | 1 | 4 | 7 | 5 |
| 1 | 2 | 3 | 6 | 9 | 5 | 7 | 4 | 8 |
| 5 | 9 | 4 | 7 | 8 | 2 | 1 | 6 | 3 |
| 7 | 8 | 6 | 4 | 1 | 3 | 5 | 9 | 2 |

# पतंजलि विवि में 'स्वस्थ धरा' पर राष्ट्रीय सम्मेलन
# नाबार्ड-पतंजलि के सहयोग से बढ़ेगी जैविक खेती

## सार्वभौमिक और निहित संपदा को पुनर्जीवित करना आवश्यक है बोले आचार्य बालकृष्ण

हरिभूमि न्यूज ▶▶हरिद्वार

पतंजलि विश्वविद्यालय में 'मृदा स्वास्थ्य परीक्षण एवं प्रबंधन द्वारा गुणवत्तापूर्ण जड़ी-बूटियों की सतत खेती' पर दो दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन मंगलवार को खत्म हुआ। यह वर्कशॉप भारत सरकार के आयुष मंत्रालय, पतंजलि ऑर्गेनिक रिसर्च इंस्टिट्यूट, आरसीएससीएनआर-1, राष्ट्रीय कृषि एवं ग्रामीण विकास बैंक (नाबार्ड) और भरुवा एग्री साइंस की संयुक्त कोशिश से 'स्वस्थ धरा' योजना के अंतर्गत आयोजित की गई थी।

नाबार्ड के अध्यक्ष और कार्यक्रम में मुख्य अतिथि शाजी केवी ने पतंजलि के साथ सहयोग को महत्वपूर्ण बताया। उन्होंने कहा कि नाबार्ड का उद्देश्य देश में स्थायी कृषि और ग्रामीण विकास को बढ़ावा देने के लिए ऋण उपलब्ध कराना है और यह सहयोग सृजनात्मक कार्य को प्रभावी ढंग से संचालित कर सकता है। उन्होंने विकसित भारत 2027 के लक्ष्य को साकार करने के लिए इस वर्ष को अत्यंत महत्वपूर्ण बताया। उन्होंने मोनोकल्चर कृषि के कारण मिट्टी की उर्वरता में कमी और जैव विविधता पर नकारात्मक प्रभाव की ओर भी ध्यान आकर्षित किया।

**'स्वस्थ धरा' के लिए मृदा प्रबंधन आधुनिक समय की आवश्यकता आयुर्वेद शिरोमणि आचार्य बालकृष्ण**



**फसल सुरक्षा से ही मानव स्वास्थ्य की रक्षा संभव: बालकृष्ण**

कार्यक्रम में पतंजलि विश्वविद्यालय के कुलपति आचार्य बालकृष्ण ने कहाकि 'फसल की सुरक्षा से ही मानव स्वास्थ्य की रक्षा संभव है'। उन्होंने 'मूल की भूल' को सुधारते हुए मिट्टी को उसके मूल स्वरूप में लौटाने का आह्वान किया। उन्होंने जोर दिया कि 'स्वस्थ धरा' के लिए मृदा प्रबंधन आधुनिक समय की जरूरत है और सार्वभौमिक और निहित संपदा को पुनर्जीवित करना आवश्यक है।

### 'धरती का डॉक्टर' (डीकेडी) मशीन बनी आकर्षण का केंद्र

कार्यशाला का मुख्य आकर्षण पतंजलि की ऑटोमेटेड मृदा परीक्षण मशीन 'धरती का डॉक्टर' (डीकेडी) रही। आचार्य बालकृष्ण ने बताया कि यह मशीन मृदा संबंधी चुनौतियों को दूर कर धरती को रोगमुक्त बनाने में सहायक है। इसकी किट से केवल आधे घंटे में मिट्टी के आवश्यक पोषक तत्व जैसे नाइट्रोजन, फॉस्फोरस, पोटेशियम, पीएच, ऑर्गेनिक कार्बन और इलेक्ट्रिकल कंडक्टिविटी का सटीक परीक्षण किया जा सकता है। भरुवा एग्री साइंस के निदेशक डॉ. केएन शर्मा ने बताया कि डीकेडी किसानों को उच्च गुणवत्ता वाली फसल उत्पादन की चुनौतियों का समाधान करने में मदद करती है। इस अवसर पर 'स्वस्थ धरा' और 'मेडिसिनल प्लांट्स: इंटरनेशनल जर्नल ऑफ फाइटोमेडिसिन्स एंड रिलेटेड इंडस्ट्रीज' पुस्तकों का लोकार्पण भी हुआ।

### पतंजलि की डीकेडी मशीन धरती को रोगमुक्त बनाने में हो रही सहायक सिद्ध

*आचार्य श्री ने कहा कि फसल की सुरक्षा से ही मानव स्वास्थ्य की रक्षा संभव है। अब समय आ गया है जब हमें अपने पूर्वजों से प्राप्त मिट्टी को उसके मूल स्वरूप में पुनः लौटाना चाहिए और 'मूल की भूल' को सुधारना चाहिए। पतंजलि की डीकेडी मशीन मृदा संबंधी चुनौतियों को दूर कर धरती को रोगमुक्त बनाने में सहायक सिद्ध हो रही है। इसकी किट से केवल आधे घंटे में मिट्टी के आवश्यक पोषक तत्व, नाइट्रोजन, फॉस्फोरस, पोटेशियम, पीएच, ऑर्गेनिक कार्बन और इलेक्ट्रिकलकंडक्टिविटी, का परीक्षण किया जा सकता है, जिससे मिटटी में पोषक तत्वों की कमी या अधिकता का सटीक पता चलता है। किसानों को उच्च गुणवता वाली फसल उत्पादन की चुनौतियों का समाधान करने के लिए डीकेडी, ऑटोमेटेड मृदा परीक्षण मशीन बनाई है। इसके द्वारा मिट्टी से पोटैशियम, फॉस्फोरस, मैग्नीशियम, कैल्शियम जैसे महत्वपूर्ण तत्वों को रासायनिक तरीके से पृथक किया जाता है और उनके स्तर का मूल्यांकन किया जाता है।*

### मृदा प्रबंधन, उपज बढ़ाने में मददगार, लागत में कमी, मिट्टी की गुणवता में सुधार

*मृदा विश्लेषण पौधों के लिए आवश्यक पोषक तत्वों की सही मात्रा जानने का एक प्रभावी तरीका है जो मृदा प्रबंधन, उत्पादन, लागत में कमी, मिट्टी की गुणवता में सुधार और उपज बढ़ाने में मदद करता है, जिससे कृषि स्थिरता में सुधार होता है। कार्यक्रम में बागवानी एवं वानिकी विश्वविद्यालय, सोलन के डॉ. राजेश्वर सिंह चंदेल ने पर्वतीय क्षेत्रों में सीमित भूमि के बावजूद एकीकृत कृषि प्रणाली प्रभावी बताते हुए पारंपरिक ज्ञान, नवाचारी उपकरण और महिला प्रशिक्षण की आवश्यकता पर जोर दिया। इसके अलावा अन्य विशेषज्ञों प्रो बीआर कांबोज, डॉ. जेएन रैना, डॉ. जीपी. राव और डॉ. प्रदीप शर्मा ने स्वस्थ मिट्टी, बेहतर फसल और प्रबंधन तकनीक से वैश्विक स्वास्थ्य के भविष्य से जुड़ी महत्त्वपूर्ण जानकारी साझा की। कार्यक्रम के अंत में पोस्टर सत्र के विजेताओं को पुरस्कृत किया गया।*

# टाटा में विवाद बढ़ा, नोएल व दो और लोग मेहली मिस्त्री को फिर से ट्रस्टी नियुक्त करने के विरोध में

एजेंसी ▶▶नई दिल्ली



चेयरमैन नोएल टाटा | मेहली मिस्त्री

टाटा ट्रस्ट्स से जुड़ा विवाद थमने का नाम नहीं ले रहा। चेयरमैन नोएल टाटा और उनके करीबी माने जाने वाले दो अन्य प्रभावशाली ट्रस्टियों ने दिवंगत रतन टाटा के करीबी सहयोगी और कारोबारी मेहली मिस्त्री की ट्रस्टी के रूप में फिर से नियुक्ति को रोक दिया है।

मामले की जानकारी रखने वाले सूत्रों के हवाले से यह जानकारी सामने आई है। इससे टाटा समूह की होल्डिंग कंपनी को नियंत्रित करने वाली परोपकारी शाखा में मतभेद और गहरा गए हैं। पिछले वर्ष टाटा समूह के संरक्षक रतन टाटा के निधन के बाद नोएल टाटा को टाटा ट्रस्ट का प्रमुख नियुक्त किया गया था। टीवीएस मोटर कंपनी के मानद चेयरमैन वेणु श्रीनिवासन और पूर्व रक्षा सचिव विजय सिंह ने मंगलवार को मिस्त्री का तीन साल का कार्यकाल समाप्त होने के बाद उन्हें ट्रस्टी के रूप में फिर से नियुक्त किए जाने के खिलाफ मतदान किया। उन्होंने बताया कि तीन अन्य ट्रस्टी- सिटीबैंक इंडिया के पूर्व सीईओ प्रमित झावेरी, मुंबई के वकील डेरियस खंबाटा और पुणे के समाजसेवी जहांगीर एचसी जहांगीर- जिन्हें मिस्त्री का करीबी माना जाता है, ने उनकी फिर से नियुक्ति का समर्थन किया। टाटा ट्रस्ट में मतों का यह विभाजन ट्रस्टियों की सर्वसम्मति से नियुक्ति के उसके दृष्टिकोण से अलग है। नोएल टाटा और मेहली मिस्त्री, टाटा ट्रस्ट्स में दो प्रमुख शक्ति केंद्र हैं।

# केंद्रीय कैबिनेट ने पोषक तत्व आधारित सब्सिडी योजना को दी मंजूरी

एजेंसी ▶▶नई दिल्ली



केंद्रीय कैबिनेट ने चालू रबी सीजन (2025-26) के लिए पोषक तत्व आधारित 37,952 करोड़ रुपए की सब्सिडी योजना को भी मंजूरी दे दी है।

सरकार ने प्रति किलोग्राम के आधार पर नाइट्रोजन (एन), फास्फोरस (पी), पोटाश (के) और सल्फर (S) के लिए सब्सिडी अधिसूचित की है।

### नई दरें होंगी 1 अक्टूबर से लागू

वैष्णव ने बताया कि इस रबी के लिए सब्सिडी दरें पिछले वर्ष की तुलना में लगभग 14,000 करोड़ रुपए अधिक रखी गई हैं। ये दरें पोषक तत्व आधारित सब्सिडी योजना के तहत तय की गई हैं, जिसमें आयात कीमतों, पोषक तत्वों की मांग, सब्सिडी भार और अधिकतम खुदरा मूल्य जैसे कारकों को ध्यान में रखा गया है। नई सब्सिडी दरें 1 अक्तूबर से लागू होंगी। एनबीएस सब्सिडी व्यवस्था के अंतर्गत 28 ग्रेड के पी और के उर्वरक शामिल हैं। वैष्णव ने बताया कि नाइट्रोजन की 43.02 प्रति किलो है। जबकि फॉस्फोरस की 47.96 प्रति किलो, पोटाश की 2.38 प्रति किलो, सल्फर की 2.87 प्रति किलो सब्सिडी दर तय की गई है। इस मौसम में प्रमुख फसलें गेहूं, सरसों और चना होती हैं।

**न्यायालय नायब तहसीलदार, तहसील-कोलार, जिला भोपाल**

**प्रकरण क्रमांक 2479/अ-6/2024-25**

**उद्घोषणा पत्र**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है आवेदक श्री राजेन्द्र प्रसाद तिवारी आत्मज जे. पी. तिवारी निवासी भोपाल म.प्र.भू.रा. संहिता 1959 की धारा 109,110 अंतर्गत आवेदन पत्र प्रस्तुत कर रजिस्टर्ड विक्रय के आधार पर नामांतरण हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। ग्राम रतनपुर सड़क सुरैया नगर प.ह.न..... स्थित भूमि खसरा न. 242 व अन्य 0.15 है. भूमि का नामांतरण राजस्व अभिलेखों में आवेदक के नाम पर किये जाने का अनुरोध किया है।

उक्त संबंध में किसी व्यक्ति / संस्था को कोई आपत्ति हो तो वह 12/11/2025 को या इससे पूर्व इस न्यायालय में उपस्थित होकर पेश कर सकता है। समयावधि पश्चात् प्रस्तुत किसी भी आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

उक्त उद्घोषणा पत्र मेरे द्वारा न्यायालय की पदमुद्रा एवं मेरे हस्ताक्षर से आज दिनांक 09/10/2025 को जारी किया गया।

**तहसीलदार**
**तहसील-कोलार भोपाल**

**न्यायालय तहसीलदार वृत-1 तहसील हुजूर जिला भोपाल**

**प्रकरण क्रमांक 0031/अ-70/2022-23**

गोपीलाल आ. श्री गोरेलाल.........आवेदक

विरुद्ध

हेमचन्द आ. श्री चम्पालाल व अन्य

........... अनावेदकगण

**सूचना-पत्र**

**1. सुरेश आ.श्री नन्दराम मेहर**
**2. हेमचन्द आ. श्री चम्पालाल**
**निवासीगण ग्राम बगोनिया तहसील हुजूर जिला भोपाल म.प्र.**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि गोपीलाल आ. श्री गोरेलाल निवासी ग्राम बगोनिया तहसील हुजूर जिला भोपाल म.प्र. ने अपने स्वामित्व की ग्राम बगोनिया तहसील हुजूर जिला भोपाल स्थित भूमि खसरा क्रमांक 94/2/1 रकबा 2.3880 हेक्टेयर भूमि अंशभाग रकबा 0.307 हेक्टेयर भूमि पर किये गये अवैध कब्जे को वापसी हेतु म.प्र.भू राजस्व संहिता की धारा 250 के अन्तर्गत आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। जो कि वर्तमान में अधोहस्ताक्षरी के न्यायालय में विचाराधीन है।

अतः सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि वह दिनांक 31/10/2025 को स्वंय या अपने अभिभाषक के माध्यम से अपने स्वत्व की भूमि से सम्बंधित आवश्यक दस्तावेजों सहित उपस्थित होकर दावा आपत्ति प्रस्तुत करें। अनुपस्थिति की दशा में सम्भावित के विरुद्ध एक पक्षीय कार्यवाही कर प्रकरण का निराकरण किया जावेगा।

यह सूचना पत्र आज दिनांक 22/10/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन पद मुद्रा से जारी किया गया।

**तहसीलदार**
**वृत-1 तहसील हुजूर जिला भोपाल**

# सोना 1.20 लाख और चांदी 1.40 लाख रु. से नीचे

## सोने-चांदी की कीमतों में भारी गिरावट

वाणिज्य डेस्क ▶▶भोपाल



सोने-चांदी के वायदा भाव में मंगलवार को बड़ी गिरावट देखने को मिली। दोनों के भाव गिरावट के साथ खुले। घरेलू बाजार में सोने के वायदा भाव 1,18,400 रुपए, जबकि चांदी के भाव 1,46,500 रुपए के करीब कारोबार किए। अंतरराष्ट्रीय बाजार में सोने चांदी के वायदा भाव नरमी रही। तकनीकी समस्या के कारण मंगलवार को एमसीएक्स पर वायदा कारोबार दोपहर बाद शुरू हुआ।

रोजाना यह सुबह 9 बजे शुरू होता है। बाजार जानकारों के अनुसार सोने के वायदा भाव की शुरुआत सुस्ती के साथ हुई। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज पर सोने का बेंचमार्क दिसंबर कॉन्ट्रैक्ट 851 रुपए की गिरावट के साथ 1,20,106 रुपए के भाव पर खुला। लेकिन यह कॉन्ट्रैक्ट 12,757 रुपये की गिरावट के साथ 1,18,200 रुपए के भाव पर कारोबार किया। इस समय इसने 1,20,106 रुपये के भाव पर दिन का उच्च और 1,18,352 रुपये के भाव पर दिन का निचला स्तर छू लिया। सोने के वायदा भाव ने इस साल 1,31,699 रुपये के भाव पर सर्वोच्च स्तर छू लिया था।

### सोना और चांदी में एमसीएक्स पर वायदा भाव की शुरुआत सुस्त रही

*जबकि चांदी के वायदा भाव की भी शुरुआत सुस्त रही। एमसीएक्स पर चांदी का बेंचमार्क दिसंबर कॉन्ट्रैक्ट 1,001 रुपए की गिरावट के साथ 1,42,366 रुपये पर खुला और कॉन्ट्रैक्ट 3,202 रुपए की गिरावट के साथ 1,40,165 रुपए के भाव पर कारोबार किया। चांदी ने 1,43,298 रुपए के भाव पर दिन का उच्च और 1,39,715 रुपए के भाव पर दिन का निचला स्तर छू लिया। चांदी के वायदा भाव ने इस साल 1,69,200 रुपए किलो के भाव पर सर्वोच्च स्तर छू लिया।*

**आम सूचना**

**भूखण्ड क्रमांक 20, ग्राम नवीबाग,वार्ड क्रमांक 79, तहसील हुजूर, भोपाल (म.प्र.)**

मेरे पक्षकार गृहम हाउसिंग फायनेंस लिमिटेड की ओर से सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्री कुनाल नीलकण्ठ आत्मज श्री रमेश नीलकंण्ठ निवासी–ए.एम.–14, इंण्डस सिटी, निशातपुरा, जिला भोपाल, के स्वत्व, स्वामित्व व अधिपत्य का एक किता भूखण्ड क्रमांक 20, जिसका कुल क्षेत्रफल 450 वर्गफीट, जो कि खसरा क्रमांक 98/3 का अंश भाग है, जो ग्राम नवीबाग, वार्ड क्रमांक 79, तहसील हुजूर, जिला भोपाल (म.प्र.) में स्थित है, यह कि जिसके पूर्व के मूल पंजीयत विक्रय पत्र दिनांक–18/12/2013, पुस्तक क्रमांक अ–1, ग्रंथ क्रमांक 1874, दस्तावेज क्रमांक 1/4179 जो कि श्रीमती सुरेखा पत्नी श्री राजेकुमार ठाकुर के पक्ष में पंजीवद्ध थी, उक्त विक्रय पत्र की मूल दस्तावेज श्रीमती सुरेखा द्वारा कहीं गुम हो गये है जिसकी सूचना थाना गौतम नगर, जिला भोपाल को प्रदान की गई है। यह कि उक्त भूखण्ड के उक्त संव्यवहार के संबंध में किसी व्यक्ति, संस्था, बैंक का कोई ऋण, भार, दान, बंधक, अनुबंध हो अथवा इस अन्तरण से किसी के कोई हित प्रभावित हों तो इस आम सूचना के प्रकाशन से 7 (सात) दिवस की अवधि में मय दस्तावेजी साक्ष्य सहित मेरे समक्ष निम्न पते पर लिखित में आपत्ति प्रस्तुत करें, उक्त निर्धारित अवधि में कोई आपत्ति प्राप्त न होने पर मेरे पक्षकार उक्त सम्पत्ति को बंधक रख ऋण सुविधा प्रदान करने हेतु स्वतंत्र रहेंगे एवं उक्त अवधि पश्चात प्राप्त होने वाली आपत्तियां मेरे पक्षकार पर बंधनकारी नहीं होंगी।

**आनंद नेमा अधिवक्ता**
कार्यालयः-163, द्वितीय तल, रमा काम्पलेक्स,जोन-1, एम. पी. नगर भोपाल
मोबा. नं. : 9755585002

**भारत सरकार, विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्रालय, जैव प्रौद्योगिकी विभाग, ब्लॉक-2 एवं 3, सीजीओ कॉम्प्लेक्स, लोदी रोड, नई दिल्ली - 110003**

// सूचना //

विज्ञापन संख्या एआई-99013/25/2025-एआईपीएसयू-डीबीटी आईब्रिक के निदेशक/कार्यकारी निदेशक के पद को भरने हेतु आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि को बढ़ाये जाने के संबंध में।

27 सितंबर - 03 अक्टूबर, 2025 के रोजगार समाचार में एक विज्ञापन प्रकाशित किया गया था, जिसमें जैव प्रौद्योगिकी अनुसंधान एवं नवाचार परिषद (आईब्रिक) के अंतर्गत आने वाले संस्थानों में निदेशक/कार्यकारी निदेशक के सात (07) पदों के लिए आवेदन/नामांकन आमंत्रित किए गए थे, आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि 26.10.2025 थी। आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि को 15 (पंद्रह) दिनों की अवधि, अर्थात 27.10.2025 से 10.11.2025 तक बढ़ा दिया गया है।

विस्तृत विज्ञापन और आवेदन पत्र www.dbtindia.gov.in, www.bric.nic.in और सभी सात संस्थानों की वेबसाइटों (www.nbrc.ac.in, www.nccs.res.in, www.ibsd.gov.in, www.nipgr.ac.in, www.niab.res.in, www.rgcb.res.in और www.nabi.res.in) पर उपलब्ध हैं।

**CBC 36301/11/0005/2526**

# बिजनेस न्यूज

### एलएनसीटी समूह के आर्यभट्ट सभागार में 'भारतीय गुणवत्ता मंडल का' सम्मेलन संपन्न




**भोपाल।** एलएनसीटी समूह के आर्यभट्ट सभागार में भारतीय गुणवत्ता मंडल (क्वालिटी सर्किल फोरम ऑफ इंडिया- क्यूसीएफआई) के भोपाल प्रकोष्ठ द्वारा आयोजित दसवां अध्याय सम्मेलन भव्य रूप से संपन्न हुआ। इस सम्मेलन में भारत हैवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड (भेल), हर्षा इंडिया लिमिटेड, वर्धमान समूह तथा दुग्ध संघ की कुल बत्तीस टीमों ने भाग लिया। इनमें से पंद्रह गुणवत्ता मंडलों ने स्वर्ण पुरस्कार प्राप्त कर आगामी राष्ट्रीय अधिवेशन में अपनी भागीदारी सुनिश्चित की। इस अवसर पर भेल, भोपाल के कार्यपालक निदेशक पीके उपाध्याय मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे, जबकि भेल के महाप्रबंधक (गुणवत्ता) जीपी बघेल ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की।कार्यक्रम में अनिक डेयरी के इकाई प्रमुख रामचंद्रन, हर्षा इंडिया लिमिटेड से दीपांजन एवं मानस पांडे, वर्धमान समूह से अतुल शर्मा, भेल से अपर महाप्रबंधक अनुराग शुक्ला, प्रबंधक रविन्द्र किरार एवं विवेक कुमार, साथ ही एलएनसीटी के सुनील सिंह, डॉ. अनुराग राय एवं आकाश राय सहित अनेक गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे।सभी अतिथियों का स्वागत क्यू.सी.एफ.आई. भोपाल प्रकोष्ठ के सचिव पद्मश्री बनवारीलाल चौकसे, नामदेव एवं उनकी समर्पित टीम द्वारा पुष्पगुच्छ एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर किया गया।एलएनसीटी समूह के छात्र-छात्राओं ने गणपति वंदना से कार्यक्रम का शुभारंभ किया तथा संगीतमय एवं सांस्कृतिक प्रस्तुतियों द्वारा दर्शकों का मन मोह लिया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि ने निदेशक रामानाथन का संदेश वाचन किया तथा गुणवत्ता मंडलों के माध्यम से भेल को नई ऊँचाइयों पर पहुँचाने का आह्वान किया। महाप्रबंधक (गुणवत्ता) ने भी भेल की गुणवत्ता नीति एवं वर्तमान औद्योगिक परिवेश में गुणवत्ता के महत्व पर अपने विचार साझा किए।सभी अतिथियों ने क्यूसीएफआई भोपाल प्रकोष्ठ के एलआईसी–एआईआईसी तथा संपूर्ण आयोजन टीम की सराहना करते हुए इस अभिनव प्रयास की प्रशंसा की।

### पीएनबी का रक्तदान शिविर का आयोजन आज




**भोपाल।** पंजाब नेशनल बैंक(पीएनबी), मंडल कार्यालय भोपाल द्वारा सतर्कता जागरूकता सप्ताह-2025 (सतर्कताः हमारी साझा जिम्मेदारी) का आयोजन किया जा रहा है। जिसका मुख्य उद्देश्य कर्मचारियों एवं नागरिकों में सकारात्मक सतर्कता, पारदर्शिता एवं नैतिकता के प्रति जागरूकता उत्पन्न करना है। इसी श्रंखला में रक्तदान शिविर का आयोजन 29 अक्टूबर 2025 को 11 बजे से मंडल कार्यालय परिसर, अरेरा हिल्स भोपाल में किया जा रहा है। मंडल प्रमुख धीरेंद्र कुमार झा के अध्यक्षता में किए जा रहे इस शिविर में आम नागरिक अपनी स्वेच्छा से रक्तदान कर सकते है। बैंक ने सभी से अनुरोध किया है कि वह अपनी स्वेच्छानुसार इस शिविर में सहभागिता लेकर इस पुनीत कार्य को सफल बनाएं एवं रक्तदान कर मानवता की सेवा में योगदान दें।

### यूनियन बैंक ने आयोजित किया सतर्कता जागरुकता सप्ताह



**भोपाल।** यूनियन बैंक ऑफ इंडिया द्वारा अपनी सभी शाखाओं और कार्यालयों में 2 नवंबर,2025 तक सतर्कता जागरूकता सप्ताह 2025 का आयोजन किया गया है । इस वर्ष का विषय ₹सतर्कताः हमारी साझा जिम्मेदारी₹ है। बैंक के प्रबंध निदेशक एवं सीईओ आशीष पाण्डेय द्वारा बैंक के केंद्रीय कार्यालय में कार्यपालक निदेशकों, मुख्य सतर्कता अधिकारी और वरिष्ठ कार्यपालकों की उपस्थिति में सत्यनिष्ठा शपथ ली गई और ईमानदारी एवं सत्यनिष्ठा के उच्चतम मानकों को बनाए रखने की प्रतिबद्धता व्यक्त की गई। देश भर के सभी क्षेत्रीय कार्यपालक भी शपथ लेने के लिए वर्चुअल माध्यम से जुड़े.सतर्कता जागरूकता सप्ताह 2025 पर राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री और केंद्रीय सतर्कता आयोग के संदेश सभी को बताए गए। आशीष पाण्डेय द्वारा अपने संदेश के माध्यम से सभी कर्मचारियों से संवहनीय विकास और भविष्य के लिए जीवन में ईमानदारी, पारदर्शिता और सत्यनिष्ठा का अनुसरण करने का अनुरोध किया गया।

### एलएमआईएल के मैनेजिंग डायरेक्टर दूसरी बार सम्मानित

**मुंबई।** लॉर्ड्स मार्क इंडस्ट्रीज लिमिटेड (एलएमआईएल) के मैनेजिंग डायरेक्टर सचिदानंद उपाध्याय ने टाइम मैगजीन में लगातार दूसरी बार फीचर होकर एक उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की है। यह दुर्लभ सम्मान उन्हें वैश्विक व्यापार जगत के उन चुनिंदा व्यक्तियों के समूह में शामिल करता है, जिनमें भारत के कुछ सबसे सम्मानित उद्योग अग्रणी भी शामिल हैं, जिन्हें उद्योग और समाज में उनके योगदान के लिए दो बार फीचर किया जा चुका है। टाइम मैगजीन की 'एंटरप्रेन्योर्स टू वॉच' सूची में 2024 और 2025 दोनों वर्षों में सचिदानंद उपाध्याय का नाम शामिल होना इस बात का प्रमाण है कि वह भारत में हेल्थकेयर और एडवांस्ड मैन्युफैक्चरिंग के भविष्य को नया आकार देने वाले एक अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रतिष्ठित लीडर बन चुके हैं। टाइम मैगजीन की प्रोफ़ाइल में इस बात पर विशेष जोर दिया गया है कि सचिदानंद उपाध्याय ने किस तरह लॉर्ड्स मार्क इंडस्ट्रीज को भारत के नवाचार एजेंडे के अनुरूप एक सशक्त मेडटेक और डायग्नोस्टिक्स संस्था में परिवर्तित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।



### श्रीजी शिपिंग का मुनाफ़ा मार्जिन 325 बेसिस पॉइंट बढ़ा

**जामनगर।** श्रीजी शिपिंग ग्लोबल लिमिटेड ने वित्त वर्ष 2025-26 की दूसरी तिमाही के लिए अपने अनऑडिटेड वित्तीय परिणामों की घोषणा की है। 30 सितंबर 2025 को समाप्त तिमाही और अर्धवार्षिक अवधि के घोषित परिणाम के अनुसार कंपनी का परिचालन से राजस्व वित्त वर्ष 2026 की पहली छमाही में 323.39 करोड़ रहा, जबकि वित्त वर्ष 2025 की पहली छमाही में यह 275.80 करोड़ था। कंपनी का ईबीआईटीडीए 118.63 करोड़ रहा, मार्जिन 36.68 फीसदी हो गया। कंपनी का शुद्ध लाभ 97.35 करोड़ रुपए रहा।

### नया एक्सिस इनकम प्लस आर्बिट्राज पैसिव एफओएफ पेश

**मुंबई।** एक्सिस म्यूच्युअल फंड ने नया एक्सिस इनकम प्लस आर्बिट्राज पैसिव एफओएफ शुरू करने की घोषणा आज की। यह एक अभिनव ओपन एंडेड योजना है। इस योजना का उद्देश्य निवेशकों को ऐसा निवेश विकल्प देना है, जो सुरक्षित हो, जहां रिटर्न का अनुमान लगाया जा सके और कर का बोझ भी कम हो। नया फंड ऑफर (एनएफओ) मंगलवार यानी 28 अक्टूबर को सबस्क्रिप्शन के लिए खुला और 11 नवंबर 2025 तक रहेगा। इस फंड का प्रबंधन करेंगे - देवांग शाह (फिक्स्ड इनकम के प्रमुख), आदित्य पगारिया (सीनियर फंड मैनेजर), हार्दिक सतारा (सीनियर फंड मैनेजर) और कार्तिक कुमार (फंड मैनेजर)। कंपनी के एमडी और सीईओ बी गोपकुमार ने कहाकि एक्सिस म्यूचुअल फंड में, हमारा ध्यान हमेशा से ऐसे नए और निवेशक-केंद्रित समाधान देने पर रहा है जो अच्छा प्रदर्शन करने के साथ-साथ समझने में भी आसान हों। एक्सिस इनकम प्लस आर्बिट्राज पैसिव एफओएफ इसी सोच का प्रमाण है। यह फंड स्थिरता, पारदर्शिता और कर दक्षता का एक अनूठा मिश्रण प्रदान करता है।

### जेके टायर का शुद्ध लाभ 54 प्रतिशत बढ़ा

**नई दिल्ली।** टायर निर्माता जेके टायर एंड इंडस्ट्रीज लिमिटेड ने मंगलवार को 30 सितंबर 2025 को समाप्त हुई दूसरी तिमाही के अनऑडिटेड वित्तीय परिणामों की घोषणा की। कंपनी के चेयरमैन एंड मैनेजिंग डायरेक्टर डॉ. रघुपति सिंघानिया ने परिणामों पर टिप्पणी करते हुए कहा कि जेके टायर ने वित्तीय वर्ष 26 की दूसरी तिमाही में मजबूत प्रदर्शन किया है, जो विकास की सकारात्मक गति को समर्थन प्रदान करता है । घरेलू बाजारों में 15 फीसदी की वॉल्यूम ग्रोथ दर्ज की गई, जो सभी सेगमेंट्स में उल्लेखनीय वृद्धि को दर्शाती है। उन्होंने आगे कहा, अमेरिका में टैरिफ दरों की अनिश्चितता के बावजूद पिछली तिमाही की तुलना में एक्सपोर्ट वॉल्यूम्स में 13फीसदी की वृद्धि दर्ज की गई है। कंपनी का समेकित एबिटिडा इस तिमाही में 13.3 प्रतिशित की सुधारात्मक मार्जिन दर के साथ 536 करोड़ रूपए का रहा . बेहतर परिचालन प्रदर्शन का श्रेय अधिक बिक्री मात्रा, कच्चे माल की कीमतों में नरमी और उच्च ऑपरेशनल दक्षता को जाता है। शुद्ध लाभ में साल-दर-साल 54फीसदी की वृद्धि दर्ज की गई, जो 223 करोड़ रूपए तक पहुंच गया।

### अमेजन ने निर्यात में 20 अरब डॉलर का आंकड़ा किया पार

**नई दिल्ली ।** अमेजन ने घोषणा की, कि उसने अमेजन ग्लोबल सेलिंग प्रोग्राम के जरिए 2015 से 2025 के बीच भारत से लाखों भारतीय विक्रेताओं को 20 अरब डॉलर से अधिक का निर्यात करने में मदद की। 2020 में अमेज़न ने 2025 तक भारत से कुल 10 अरब डॉलर के ई-कॉमर्स निर्यात का लक्ष्य रखा था, जिसे बाद में उसी समय-सीमा के भीतर बढ़ाकर 20 अरब डॉलर कर दिया गया। अमेज़न ने समय से पहले ही इस बढ़े हुए निर्यात लक्ष्य को पूरा कर लिया। अमेजन का प्रमुख ई-कॉमर्स निर्यात कार्यक्रम, अमेज़न ग्लोबल सेलिंग, 2015 में लांच किया गया था। इस कार्यक्रम ने पिछले 10 साल में 2 लाख से अधिक निर्यातकों को पंजीकृत किया है, जो दुनिया भर के ग्राहकों को कुल मिलाकर 75 करोड़ से अधिक 'मेड इन इंडिया' उत्पाद की बिक्री कर चुके हैं। पिछले साल भर में इस कार्यक्रम के तहत कुल विक्रेताओं की संख्या में 33 फीसदी से अधिक की वृद्धि हुई है। कंपनी के प्रमुख, श्रीनिधि कलवापुडी ने कहा कि अमेजन ने भारत की पारंपरिक निर्यात श्रेणी, जैसे स्वास्थ्य और व्यक्तिगत देखभाल, सौंदर्य प्रसाधन, खिलौने, घरेलू परिधान और फर्नीचर, आदि में उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की है। हम इस सफलता के आधार पर, 2030 तक अपने 80 अरब डॉलर के संचयी ई-कॉमर्स निर्यात लक्ष्य की ओर बढ़ते हुए, प्रौद्योगिकी, नवोन्मेष, क्षमता निर्माण और परितंत्र साझेदारी के जरिए वैश्विक बिक्री को सरल बनाने पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं। हम इसे सक्षम बनाने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

**बैंक ऑफ़ बड़ौदा Bank of Baroda**

बैंक ऑफ बड़ौदा, आरओएसएआरबी, भोपाल
फोनः 0755-4045435 Mobile : 7247770078

**अनुलग्नक -1 रिडमशन नोटिस**

वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 (सरफेसी अधिनियम, 2002) के प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 6(2) और/या नियम 8(6) के अंतर्गत सूचना

संदर्भः- 1. सरफेसी अधिनियम 2002 की धारा 13(2) के अंतर्गत जारी दिनांक 29.08.2023 का मांग नोटिस (पहले ही दिया जा चुका है)।
2. सरफेसी अधिनियम 2002 की धारा 13(4) के अंतर्गत जारी दिनांक 03.11.2023 का कब्जा नोटिस (पहले ही दिया जा चुका है)।

प्रिय महोदय/महोदया,

चूंकि **बैंक ऑफ बड़ौदा, आरओएसएआरबी, भोपाल** के प्राधिकृत अधिकारी, जो एक सुरक्षित सिक्यूटर्ड क्रेडिटर है ने सरफेसी अधिनियम 2002 (जिसे आगे 'अधिनियम' कहा जाएगा) की धारा 13(2) के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 (जिसे आगे 'नियम' कहा जाएगा) के नियम 3 के साथ पठित, नीचे उल्लिखित तिथियों पर मांग सूचना जारी की है, जिसमें नीचे उल्लिखित उधारकर्ताओं/ बंधककर्ता/जमानतदार से उक्त मांग सूचना में उल्लिखित राशि को उक्त सूचना प्राप्त होने के 60 दिनों के भीतर चुकाने का अनुरोध किया गया है।

और चूंकि आप राशि चुकाने में विफल रहे हैं, इसलिए अधोहस्ताक्षरी ने उक्त अधिनियम की धारा 13(4) के साथ नियम 4 और/या नियम 8 के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, नीचे अनुसूची में विशेष रूप से वर्णित सुरक्षित संपत्तियों (जिन्हें आगे उक्त संपत्तियों के रूप में संदर्भित किया गया है) का कब्जा ले लिया है। सुरक्षित संपत्ति का कब्जा लेने के बाद भी, आपने उपरोक्त कब्जा नोटिस में उल्लिखित बैंक को देय राशि का भुगतान नहीं किया है। सुरक्षित संपत्तियों को भुनाने के लिए उपलब्ध समय के संबंध में आपका ध्यान सरफेसी अधिनियम, 2002 की धारा 13 की उपधारा (8) के प्रावधानों की ओर आकर्षित किया जाता है।

इसलिए आप सभी से अनुरोध है कि इस नोटिस की प्राप्ति से 30 दिनों के भीतर लागू ब्याज, लागत, शुल्क और खर्चों के साथ कब्जा नोटिस में उल्लिखित बकाया राशि का भुगतान करें और नीचे उल्लिखित अनुसार सुरक्षित संपत्ति को छुड़ा लें। यदि आप इस सूचना की प्राप्ति से 30 दिनों के भीतर उपर्युक्त बकाया राशि का भुगतान करने और सुरक्षित संपत्ति को भुनाने में विफल रहते हैं, तो बैंक ई-नीलामी बिक्री सूचना प्रकाशित करके सार्वजनिक ई-नीलामी के माध्यम से सुरक्षित संपत्ति को बेचने के लिए बाध्य होगा। ई-नीलामी की तिथि, समय और संपत्ति का आरक्षित मूल्य आपको अलग से सूचित किया जाएगा।

| ऋणी /जमानतदार एवं खाते का नाम | संपत्ति का विवरण | मांग सूचना दि. / कब्जा दिनांक |
|---|---|---|
| 1.**मैसर्स ओम साई वेयरहाउस** प्रोपराइटर- श्रीमती जानकी देवी अहिरवार पत्नि श्री रामस्वरूप अहिरवार (ऋणी)<br>2. श्रीमती जानकी देवी अहिरवार पत्नि श्री रामस्वरूप अहिरवार<br>दौलतपुरा कोकता क्रमांक 1, (मुक्ति धाम के पास) कोकता, भोपाल जिला भोपाल-462022<br>**जमानतदारः**<br>1. **श्री दीपचंद शर्मा** (मृतक- जमानतदार-स्व. श्रीमती प्रेमबाई शर्मा पत्नि श्री दीपचंद शर्मा के कानूनी उत्तराधिकारी)<br>मकान नंबर 130, ग्राम रामपुरा बालाचौन, तहसील- बैरसिया तहसील भोपाल म.प्र.- 462031<br>2. **श्री प्रदीप छापवाल पुत्र श्री के एम छापरवाल,** मकान नंबर 64 ए गोविंद गार्डन भोपाल 462023<br>3. **श्री सीता राम शर्मा पुत्र श्री दीपचंद शर्मा** (मृतक- जमानतदार-स्व. श्रीमती प्रेमबाई शर्मा पत्नि श्री दीपचंद शर्मा के कानूनी उत्तराधिकारी)<br>मकान नंबर 130, ग्राम रामपुरा बालाचौन, तहसील- बैरसिया जिला भोपाल म.प्र.-463106<br>4. **श्री दपांशु छापरवाल कानूनी उत्तराधिकारी स्व. श्री संदीप छापरवाल पुत्र श्री के.एम. छापरवाल (जमानतदार),** मकान संख्या 64 ए गोविंद गार्डन भोपाल 462023<br>5. **श्री राधेश्याम शर्मा पुत्र श्री दीपचंद शर्मा** (मृतक- जमानतदार-स्व. श्रीमती प्रेमबाई शर्मा पत्नि श्री दीपचंद शर्मा के कानूनी उत्तराधिकारी) वार्ड-12, मेला ग्राउंड, बैरसिया तहसील-बैरसिया जिला-भोपाल (म.प्र.)<br>6. **श्री गिरिराज छापरवाल कानूनी उत्तराधिकारी स्व. श्री संदीप छापरवाल पुत्र श्री के.एम. छापरवाल (जमानतदार),** मकान नं. 64 ए गोविंद गार्डन भोपाल 462023<br>7. **श्रीमती अंजू शर्मा पत्नी श्री भजनलाल शर्मा** (मृतक- जमानतदार-स्व. श्रीमती प्रेमबाई शर्मा पत्नि श्री दीपचंद शर्मा के कानूनी उत्तराधिकारी) ग्राम-जंगीखेड़ी, तहसील-कालापीपल जिला-शुजालपुर (मध्य प्रदेश)<br>8.**श्रीमती अर्चना छापरवाल कानूनी उत्तराधिकारी पत्नी स्व. श्री संदीप छापरवाल पुत्र श्री के एम छापरवाल (जमानतदार),** मकान नंबर 64 ए गोविंद गार्डन भोपाल 462023<br>9. **श्रीमती पप्पी शर्मा पत्नी श्री सुरेश शर्मा** (मृतक- जमानतदार-स्व. श्रीमती प्रेमबाई शर्मा पत्नि श्री दीपचंद शर्मा के कानूनी उत्तराधिकारी), ग्राम-मधुसूदनगढ़, तहसील-राघौगढ़ जिला-गुना (म.प्र.)<br>10. **श्री रामस्वरूप अहिरवार पुत्र श्री राजाराम अहिरवार**<br>दौलतपुरा कोकता नंबर 1 (मुक्ति धाम के पास), कोक्टा, भोपाल जिला भोपाल-462022 | 1.साम्यिक बंधक कमर्शियल डायवर्टेड भूमि पर निर्मित वेयरहाउस स्थित खसरा नं. 337, प.ह.नं. 31, ग्राम-रामपुरा बलोचन, तहसील-बैरसिया जिला- भोपाल कुल क्षेत्रफल- 1.465 हेक्टेयर (3.62 एकड़) संपत्ति मालिक- श्रीमती प्रेम बाई शर्मा पत्नि श्री दीपचंद शर्मा (जमानतदार) चर्तुसीमाएं- पूर्व - श्री प्रीतम सिंह की भूमि, पश्चिम- रोड, उत्तर- ओमप्रकाश एवं राजेश की भूमि, दक्षिण- सरकारी भूमि | 29-08-2023<br>03.11.2023<br>कब्जे का प्रकार भौतिक<br>कब्जा नोटिस प्रकाशन दिनांक 08.11.2023 |

स्थानः भोपाल — प्राधिकृत अधिकारी, बैंक ऑफ बड़ौदा

## चिंतन

# मोदी सरकार ने कर्मचारियों के हित में लिया बड़ा फैसला

सरकारी कर्मचारी समाज और सरकार के लिए बहुत ज़रूरी हैं, क्योंकि वे सार्वजनिक सेवाएं प्रदान करते हैं, जो समाज के सुचारू कामकाज के लिए आवश्यक हैं। वे शिक्षा, स्वास्थ्य सेवा, कानून व्यवस्था और बुनियादी ढांचे जैसी महत्वपूर्ण सेवाएं प्रदान करके देश के विकास में महत्वपूर्ण योगदान देते हैं। सरकारी कर्मचारी ही देश में कानून और व्यवस्था बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं, जिससे समाज में स्थिरता और सुरक्षा बनी रहती है। वे सरकार की नीतियों और विकास योजनाओं को ज़मीनी स्तर पर लागू करते हैं, जिससे समाज के हर वर्ग को इसका लाभ मिल सके। कर्मचारी सरकारी विभागों, संस्थानों और सार्वजनिक उपक्रमों के माध्यम से रोजगार और आर्थिक गतिविधियों को बढ़ावा देकर अर्थव्यवस्था में योगदान करते हैं। ऐसे में सरकार का भी दायित्व बनता है कि समय-समय पर कर्मचारियों के हितों और उनकी जरूरतों को पूर्ण किया जाए। ऐसा ही कदम केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार ने मंगलवार को उठाया है। प्रधानमंत्री की अध्यक्षता में हुई केंद्रीय कैबिनेट ने 8वें वेतन आयोग के गठन को मंजूरी दी है। यह आयोग केंद्रीय कर्मचारियों के वेतन, भत्ते, पेंशन और अन्य लाभों की समीक्षा करेगा और उसी के आधार पर सैलरी में बढ़ोतरी की सिफारिश करेगा। आयोग को अपनी रिपोर्ट साल 2026 तक सौंपनी होगी। आमतौर पर वेतन आयोग का गठन हर दस साल में किया जाता है। पिछला यानी 7वां वेतन आयोग 2014 में बना था और इसकी सिफारिशें 2016 में लागू की गई थीं। केंद्र सरकार द्वारा गठित वेतन आयोग एक उच्चस्तरीय विशेषज्ञ समिति होती है, जिसका उद्देश्य सरकारी कर्मचारियों के वेतन और भत्तों की समीक्षा कर उन्हें वर्तमान आर्थिक परिस्थितियों के अनुसार न्यायोचित बनाना होता है। यह आयोग सुनिश्चित करता है कि कर्मचारियों को ऐसा वेतन मिले, जिससे वे सम्मानजनक जीवन जी सकें। इसके अलावा यह पेंशन, महंगाई भत्ता, चिकित्सा और आवास जैसी सुविधाओं से जुड़ी नीतियों में सुधार की सिफारिशें भी करता है। वेतन आयोग का गठन सामान्यतः हर 10 वर्ष में एक बार किया जाता है। हालांकि, यह कोई अनिवार्य नियम नहीं है। सरकार आर्थिक स्थिति, महंगाई और राजकोषीय जरूरतों को देखते हुए इसे पहले या बाद में भी गठित करती रही है। वेतन आयोग का लाभ केवल उन्हीं कर्मचारियों को मिलता है, जिन्हें केंद्र सरकार के कंसोलिडेटेड फंड से वेतन प्राप्त होता है। यानी, केंद्रीय सिविल सेवाओं के सभी अधिकारी और कर्मचारी इसके दायरे में आते हैं। इसके बाद राज्य सरकारें भी अपने कर्मचारियों के लिए केंद्र की तर्ज पर ही वेतन संशोधन का कार्य करती हैं। वेतन आयोग देखता है कि पिछले वर्षों में महंगाई दर कितनी बढ़ी है और इसका कर्मचारियों की जीवनशैली पर क्या असर पड़ा है। महंगाई बढ़ने पर आयोग वेतन वृद्धि का अनुपात उसी अनुसार तय करता है। आयोग यह भी देखता है कि कर्मचारियों की उत्पादकता और कार्यकुशलता में कितना सुधार आया है। यदि प्रदर्शन बेहतर है, तो सिफारिशों में इसका असर दिखाई देता है। आयोग निजी क्षेत्र में मिलने वाले वेतन का भी अध्ययन करता है, ताकि सरकारी और निजी कर्मचारियों के बीच अत्यधिक असमानता न रहे। इसका देश की अर्थव्यवस्था पर भी खासा प्रभाव पड़ता है। जब कर्मचारियों की जेब में पैसा होता है तो बाजार में खरीददारी ज्यादा होती है। इससे अर्थव्यवस्था को भी लाभ होता है। उम्मीद की जानी चाहिए कि इस बार भी वेतन आयोग की रिपोर्ट के बाद कर्मचारियों की बल्ले-बल्ले होने वाली है।



**आरएसएस के सौ वर्ष**
कैप्टन अभिमन्यु

# शताब्दी का पर्व, राष्ट्र चेतना का उत्सव

> संघ की शताब्दी केवल एक इतिहास नहीं, बल्कि एक सतत चलने वाली साधना है। यह देश और समाज प्रेम की भावना को कूट-कूट कर भरती है। संघ की यह यात्रा हर भारतवासी को प्रेरित करती है कि वह अपने जीवन में सेवा, अनुशासन और समर्पण के आदर्शों को अपनाए। यही मूल मंत्र भारत को विश्वगुरु बनाएगा और दुनिया में भारत की पताका फहराएगी। इसके लिए संघ के स्वयंसेवक हमेशा तत्पर हैं और भारत जैसे विशाल देश को आत्मनिर्भर, मजबूत और सशक्त बनाने की भावना के साथ लगातार तत्परता से काम कर रहे हैं। "चरैवेति चरैवेति" यही संघ का मूल मंत्र है। निरंतर कर्म, निरंतर सेवा, और निरंतर राष्ट्र के प्रति समर्पण यही भारत की शक्ति है।

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) की स्थापना के 100 वर्ष पूर्ण होना सम्पूर्ण राष्ट्र के लिए गर्व और गौरव का विषय है। यह केवल एक संगठन की शताब्दी नहीं, बल्कि राष्ट्रभक्ति, संगठन, सेवा, संस्कृति और संस्कारों की सौ वर्षीय साधना का उत्सव है। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की स्थापना 27 सितंबर, 1925 को डॉ. केशव बलिराम हेडगेवार ने विजयादशमी के दिन नागपुर में की थी। डॉ. केशव बलिराम हेडगेवार द्वारा प्रज्ज्वलित वह दीप आज करोड़ों स्वयंसेवकों के जीवन में त्याग, अनुशासन और समर्पण का आलोक बन चुका है। संघ की शताब्दी केवल एक इतिहास नहीं, बल्कि एक सतत चलने वाली साधना है। जो पीढ़ी दर पीढ़ी में राष्ट्र-प्रेम, भाईचारे और समाज सेवा की भावना का संचार करती है। यह देश और समाज प्रेम की भावना को कूट-कूट कर भरती है।

संघ से प्रेरित हर शख्स देश, समाज और राष्ट्र सेवा के लिए हमेशा तैयार रहता है। संघ के स्वयंसेवक देश और समाज के लिए हमेशा सजग रहते हैं। परिस्थितियां चाहें कैसी भी हो, संघ के स्वयंसेवक देशप्रेम की भावना से कभी विमुख नहीं होते। देश के लिए हमेशा कुछ कर गुजरने का जज्बा इनमें देखते ही बनता है। निरंतर कर्म का शाश्वत संदेश संघ की यात्रा हमारे ऋषि-मुनियों की उस अमर वाणी का स्मरण कराती है।"चरैवेति... चरैवेति...", अर्थात रुकना नहीं, थकना नहीं, हारना नहीं। यही सतत कर्म और निस्वार्थ सेवा का भाव संघ की आत्मा है। संघ के स्वयंसेवक इस भावना को अपने जीवन का हिस्सा बनाकर समाज के प्रत्येक वर्ग तक राष्ट्र सेवा का प्रकाश पहुंचा रहे हैं। यह वही भाव है, जिसने हर कठिन परिस्थिति में संघ को और अधिक सशक्त बनाया है। चाहे देश का विभाजन काल हो, प्राकृतिक आपदाएं हों या समाज के भीतर फैला विषमता का अंधकार, स्वयंसेवक सदैव राष्ट्रसेवा में अग्रणी रहे हैं। उनमें समाज सेवा के लिए किसी भी हद जक जाने का जज्बा हमेशा विद्यमान रहा है। जो उनकी सेवा और समर्पण को दर्शाता है। यह सौ साल यानी वर्ष 1925 से चली आ रही परंपरा आज भी निर्बाध गति से जारी है। यह एक साधना है। इसमे तपकर निकले सेवकों ने हमेशा देश और समाज का मान बढ़ाया है। दुनिया में देश की पताका फहराने का काम किया है। यही हिम्मत और जोश इन्हें आमजन से अलग बनाता है। सेवा, संगठन और संस्कार की अद्भुत त्रिवेणी राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने पिछले सौ वर्षों में समाज जीवन के हर क्षेत्र में सृजनात्मक भूमिका निभाई है। संघ की प्रेरणा से देशभर में हजारों सामाजिक, सांस्कृतिक और शैक्षणिक संगठन कार्यरत हैं। जो समाज में महती भूमिका निभा रहे हैं। विद्या भारती ने संस्कारयुक्त और राष्ट्रनिष्ठ शिक्षा प्रणाली को जन-जन तक पहुंचाया। इससे हजारों युवा शिक्षा ग्रहण कर अपने जीवन को सफल बना चुके हैं। आज भी बच्चे और युवा संघ के स्कूलों में शिक्षा ग्रहण कर समाज और देश सेवा के लिए आगे आ रहे हैं। सेवा भारती ने निर्धन, वंचित और आपदा-ग्रस्त लोगों के जीवन में आशा की किरण जगाई। इसके जरिये समाज के गरीब और वंचित तबके को आगे लाकर मुख्यधारा में जोड़ने का काम किया जा रहा है। इसके लिए संघ सेवक हमेशा तैयार हैं और हर लड़ाई लड़ने के लिए सज हैं। ग्रामोदय अभियान और एकात्म मानव दर्शन पर आधारित कार्यों ने स्वावलंबी



भारत की नींव रखी। इसके जरिये ग्रामीण क्षेत्रों को विकास की धारा से जोड़ने के लिए सभी संभव प्रयास किए गए हैं। कहा जाता है शहर के विकास का रास्ता गांवों से ही होकर गुजरता है। आरएसएस ने इस भावना को और आगे बढ़ाया और ग्रामीण क्षेत्रों के विकास के लिए ग्रामोदय अभियान शुरू किया और गांवों के विकास के पथ पर आगे बढ़ाया। राष्ट्र सेविका समिति ने मातृशक्ति को संगठन और नेतृत्व के केंद्र में स्थापित किया। इसका उद्देश्य महिलाओं को शारीरिक, मानसिक और बौद्धिक रूप से सशक्त बनाना और उन्हें राष्ट्र निर्माण में शामिल करना है। "संघ का प्रत्येक स्वयंसेवक यह मानता है कि संगठन की शक्ति ही राष्ट्र की शक्ति है। जब समाज संगठित होता है, तब राष्ट्र सशक्त होता है।" इसलिए नारी सशक्तिकरण भी बेहद जरूरी है। इसी भावना को देखते हुए राष्ट्र सेविका समिति लगातार महिलाओं को मजबूत एवं आत्मनिर्भर बनाने का काम कर रही है। आज भारत "वसुधैव कुटुम्बकम" के मंत्र के साथ विश्व मंच पर अग्रणी भूमिका निभा रहा है। इस विचार की जड़ें संघ के संस्कारों में गहराई तक विद्यमान हैं। संघ ने विश्व भर में भारतीय संस्कृति, परिवार मूल्यों और सामाजिक एकता का संदेश पहुंचाया है। विदेशों में भी हजारों स्वयंसेवक भारतीय जीवन-दृष्टि के प्रचारक बनकर "भारत की आत्मा" को जीवित रखे हुए हैं। यह वही विचारधारा है जो कहती है कि "हम सब एक परिवार हैं, हमारा सुख और दुःख समाज के सुख-दुःख से जुड़ा है।" यही भावना विश्व पटल पर भारतीय दृष्टि की पहचान है। इसी धारणा को लेकर संघ ने दुनिया में भारत का नाम चमकाया है। अपनी संस्कृति से दुनिया को अवगत करवाया और देश में सामाजिक मूल्यों को जन-जन तक पहुंचाने का काम किया। इससे एकता और भाईचारे की भावना बढ़ी और लोगों में एक दूसरे पर विश्वास कायम हुआ। अब जब भारत "अमृत काल" में प्रवेश कर चुका है, तब संघ की भूमिका और भी व्यापक होती जा रही है। अब जिम्मेदारियां और बड़ी हैं। इनको समय पर पूरा करना और देश को आत्मनिर्भरता की ओर ले जाना जैसी चुनौतियों को समय पर पूरा करना होगा। तभी अमृतकाल का यह समय सार्थक होगा और हर भारतीय गर्व से कह सकेगा की मैं अब आत्मनिर्भर हूं। अब संघ का उद्देश्य केवल संगठन निर्माण ही नहीं है, बल्कि एक सशक्त, आत्मनिर्भर और संस्कारित भारत का निर्माण करना है। संघ का संकल्प है कि आने वाले सौ वर्षों में भारत को पुनः विश्वगुरु के रूप में प्रतिष्ठित किया जाए और भारत दुनिया में अग्रणी भूमिका निभाए। इसके लिए संघ लगातार दृढ़ता के साथ काम कर रहा और आगे बढ़ रहा है। संघ के स्वयंसेवक देश के हर कोने में यह संदेश लेकर आगे बढ़ रहे हैं कि सेवा ही धर्म है। राष्ट्र ही सर्वोपरि है और संगठन ही शक्ति है।

यह एक सतत साधना का शतक है। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की शताब्दी केवल बीते सौ वर्षों का स्मरण नहीं, बल्कि आने वाले सौ वर्षों का संकल्प भी है। यह उस जीवन दृष्टि का उत्सव है, जिसमें व्यक्ति का जीवन समाज और राष्ट्र के लिए समर्पित होता है। संघ की यह यात्रा हर भारतवासी को प्रेरित करती है कि वह अपने जीवन में सेवा, अनुशासन और समर्पण के आदर्शों को अपनाए। यही मार्ग भारत को सशक्त, समरस और आत्मनिर्भर बनाएगा। इसके लिए संघ के स्वयंसेवक हमेशा तत्पर हैं और भारत जैसे विशाल देश को आत्मनिर्भर, मजबूत और सशक्त बनाने की भावना के साथ लगातार तत्परता से काम कर रहे हैं। यही मूल मंत्र भारत को विश्वगुरु बनाएगा और दुनिया में भारत की पताका फहराएगी। "चरैवेति चरैवेति" यही संघ का मूल मंत्र है। निरंतर कर्म, निरंतर सेवा, और निरंतर राष्ट्र के प्रति समर्पण यही भारत की शक्ति है।

(लेखक पूर्व वित्त मंत्री, हरियाणा एवं सामाजिक चिंतक हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)
लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

## दो टूक
उमेश चतुर्वेदी



# वीजा नियमों के उल्लंघन की छूट किसी को नहीं


दीपावली के अगले दिन यानी 21 अक्टूबर की सुबह भारत के अखबार दिल्ली समेत समूचे उत्तर भारत की दमघोटूं जहरीली हवा की खबरों से भरे हुए थे। उन्हीं खबरों के बीच एक छोटा-सा समाचार अखबारों के पन्नों के बीच खो गया था। खबर यह थी कि लंदन में रह रही इतालवी मूल की हिंदी विद्वान फ्रांचेस्का ओरसिनी को इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से ही हांगकांग वापस भेज दिया गया। भारतीय मनीषा के बीच फ्रांचेस्का का नाम उनके हिंदी और उर्दू अध्ययन के लिए जाना-पहचाना है। लिहाजा इस समाचार को हिंदी का बौद्धिक समाज ले उड़ा। वामपंथ वर्चस्व वाले भारत के बौद्धिक समाज के लिए यह समाचार अहर्निश रूदन की अगली कड़ी साबित हुआ। सोशल मीडिया का हर मंच ओरसिनी की वापसी को लेकर सरकार पर हमलों से भर उठा। एक कहावत है, कौवा कान ले उड़ा। हिंदी के बौद्धिक समाज की हालत भी कुछ वैसी ही है। साहित्य की चाहे जितनी भी किताबें वह पढ़ ले, लेकिन ज्ञान के दूसरे अनुशासनों में उसकी वैसी गति नहीं है। दिलचस्प यह है कि हिंदी का समाज इन दिनों शोध से भी उफन रहा है, लेकिन किसी ने यह जानने की कोशिश नहीं कि आखिर ओरसिनी को अधिकारियों ने क्यों हवाई अड्डे से ही वापस भेज दिया। भारत सरकार के अधिकारियों की भी गलती रही कि उन्होंने ओरसिनी को वापस भेजने की नैरेटिव केंद्रित हो चुके भारतीय समाज के लिए संभावित गंभीरता को नहीं समझा। उन्हें तत्काल इसकी जानकारी देनी चाहिए कि भारत विद् के तौर पर विख्यात ओरसिनी को वापस क्यों भेजा।

हिंदी के बौद्धिक समाज के कुछ कूपमंडूक टाइप लोगों की नजर में ओरसिनी की वापसी केंद्र सरकार के डर को जाहिर करता है। कुछ ने तो उनके हिंदी और उर्दू के तुलनात्मक अध्ययन को भी इसका कारण मान लिया। अधिकारियों का ओरसिनी को वापस भेजते वक्त इन तथ्यों की ओर ध्यान गया या नहीं, लेकिन हिंदी का बौद्धिक समाज तरह-तरह की बातें बताने लगा। उसकी नजर में चूंकि ओरसिनी उर्दू और हिंदी के बीच जिस तरह के संबंधों की व्याख्या करती हैं, इसलिए वह मौजूदा कथित हिंदुत्ववादी सरकार को परेशानी है। किसी ने यह जानने की कोशिश नहीं कि वीजा को लेकर राष्ट्रों के कैसे-कैसे नियम हैं। जरा दूसरे देशों में वीजा नियमों का उल्लंघन करके देखिए, लोकतंत्र का परचम फहराने और दुनिया को लोकतंत्र की ताकीद करने वाले देश अमेरिका हो या ब्रिटेन या ऑस्ट्रेलिया या फिर यूरोप के दूसरे देश, आपने वीजा नियमों का उल्लंघन किया नहीं कि आपको वहां से दर-बदर कर दिया जाएगा। इस्लामी और तानाशाही शासन व्यवस्था वाले देशों की बात तो इससे भी आगे है। इसमें दो राय नहीं है कि 'द हिंदी पब्लिक स्फेयर, 1920-1940' और 'प्रिंट एंड प्लेजर' ओरसिनी की बहुचर्चित और गंभीर पुस्तकें हैं। द हिंदी पब्लिक स्फेयर उनकी सबसे प्रसिद्ध पुस्तकों में से एक है, जो आधुनिक भारतीय साहित्यिक अध्ययन में मील का पत्थर मानी जाती है। 1920 से 1940 के बीच हिंदी किस तरह भारत के विकसित हो रहे राष्ट्रवाद और उसके समाज के मूल्यों को स्थापित करने का वाहक बन रही थी, इस पुस्तक में इसकी गहन मीमांसा है। इसी तरह उन्होंने प्रिंट एंड प्लेज़र नामक पुस्तक में औपनिवेशिक काल के उत्तरी भारत में हिंदी और उर्दू के वाणिज्यिक प्रकाशनों का विश्लेषण किया है। लेकिन इसका मतलब यह नहीं है कि वे वीजा नियमों का उल्लंघन करें। वे भारत की नागरिक नहीं हैं।

लंदन विश्वविद्यालय के स्कूल ऑफ ओरिएंटल स्टडीज की प्रोफेसर ओरसिनी भले ही जवाहर लाल नेहरू विश्वविद्यालय में पढ़ी हैं, भले ही हिंदी पर उनका अधिकार है। इसका मतलब यह नहीं है कि भारतीय कानूनों का उल्लंघन करें। बेशक उनके पास भारत का पांच साल का पर्यटक वीजा है। लेकिन भारत सरकार के विदेश मंत्रालय और गृहमंत्रालय की नजरों में उन्होंने वीजा नियमों का उल्लंघन किया है। वह पर्यटक वीजा पर भारत आती रहीं, लेकिन शोध और अध्ययन में शामिल रहीं। भारत के अधिकारियों ने जब उनकी गतिविधियों की समीक्षा की तो उन्हें वीजा नियमों का उनके द्वारा उल्लंघन की बात सामने आई। लिहाजा बीते मार्च में उन्हें ब्लैक लिस्टेड घोषित कर दिया। हिंदी के कुछ बौद्धिकों को भारत सरकार की इस कार्रवाई से शर्म आ रही है। राष्ट्रीय सुरक्षा और नियमों के उल्लंघन को लेकर अधिकारियों को जरूरी कदम उठाने का पूरा अधिकार है। ओरसिनी के मामले को इन्हीं संदर्भों में देखा और परखा जाना चाहिए। जिन्हें हांगकांग वापस भेज दिया, इसलिए कि वे हांगकांग से ही भारत आई थीं।

(ये उनके अपने विचार हैं।)


# बहुत-सी परेशानियों का कारण हमारा मोह



संकलित
## दर्शन

श्रीरामचरितमानस और अन्य ग्रंथों का जीवन में महत्व समझें। आप कह सकते हैं कि भागदौड़ भरे जीवन में ग्रंथ पढ़ने का समय कहां से निकाले? मैं कहता हूं कि आज के इस दौर में तो इंटरनेट के जरिए भी बहुत से ग्रंथ पढ़ कर अपनी समस्याओं का समाधान प्राप्त किया जा सकता है। ये ग्रंथ हमारे गुरु हैं। कलिकाल में समस्याओं के समाधान का एक बड़ा साधन और उपाय हरि नाम है। स्वयं भगवान शिव राम नाम जपते हैं। राम परम तत्व हैं। हमारी बहुत सी परेशानियों का कारण हमारा मोह है। मोह रूपी रावण को राम ने मारा था। हमारे भीतर महामोह का महिषासुर बैठा है। महिषासुर का वध राम ने नहीं, मां काली ने किया था। इसे मारने के लिए हम राम कथा का सहारा लें। राम कथा एक ओर जहां काली के रूप में कराल है, तो वहीं चंद्रमा की किरणों की तरह उसमें कोमलता-शीतलता भी है। प्रसन्न रहना है तो प्रत्येक व्यक्ति पर, प्रत्येक बात और प्रत्येक परिस्थिति पर संदेह करने की आदत छोड़नी होगी। एक समय सती ने शिव की बातों का विश्वास नहीं किया और भगवान की परीक्षा लेने लगीं। इस कारण अंत में उन्हें शिव वियोग का सामना करना पड़ा। शंकर विश्वास हैं। भक्ति में संशय का कोई स्थान नहीं। विश्वास जीवन है, संशय हमें नाश तक ले जाता है। एक बात और, किसी भी विपरीत परिस्थिति या किसी भी कठिनाई को विपत्ति मत समझें। श्रीरामचरितमानस की प्रसिद्ध पंक्ति है- कह हनुमंत बिपति प्रभु सोई। जब तव सुमिरन भजन न होई।।

# योजना बनाकर किए काम में मिलती है सफलता



संकलित
## प्रेरणा

रामायण में देवी सीता का हरण हो गया था। श्रीराम और लक्ष्मण सीता को खोज रहे थे। राम-लक्ष्मण उस जंगल में पहुंच गए, जहां सुग्रीव बाली की डर से छिपे हुए थे। सुग्रीव के साथ ही हनुमान जी भी थे। सुग्रीव ने दो राजकुमारों को देखा तो वे डर गए। सुग्रीव ने सोचा कि बाली ने मुझे मारने के लिए इन्हें यहां भेजा है। सुग्रीव ने हनुमान जी से कहा कि आप देखिए वहां दो राजकुमार दिख रहे हैं, वहां जाकर मालूम करो कि कहीं ये हमारे शत्रु तो नहीं हैं। अगर वे शत्रु हैं तो वहीं से इशारा कर देना, हम यहां से कहीं और भाग जाएंगे। अगर वे मित्र हैं तो वहीं से इशारा करना, हम यहीं रुक जाएंगे। हनुमान जी सुग्रीव की आज्ञा पाते ही उन दोनों राजकुमारों के सामने पहुंच गए। हनुमान जी वेष बदलकर गए थे। हनुमान जी ने बुद्धिमानी का उपयोग करते हुए अपना सही परिचय बताए बिना राम-लक्ष्मण की परख की। जब हनुमान जी को मालूम हुआ कि ये राम-लक्ष्मण हैं तो वे अपने असली रूप में आ गए और सुग्रीव को इशारा कर दिया कि ये हमारे शत्रु नहीं हैं। हनुमान जी ने राम-लक्ष्मण से कहा कि आप मेरे राजा सुग्रीव के पास चलिए और उनसे मित्रता कर लीजिए। हनुमान जी राम-लक्ष्मण को लेकर सुग्रीव के पास पहुंचे और इनकी मित्रता कराई। हनुमान जी समझ गए थे कि इन दोनों की समस्याएं एक-दूसरे की मदद से हल हो सकती हैं। इस मित्रता के बाद श्रीराम ने बाली वध किया और सुग्रीव को राजा बना दिया। इसके बाद सुग्रीव ने अपनी पूरी वानर सेना सीता की खोज में लगा दी। वानर सेना ने रावण से युद्ध में भी श्रीराम का साथ दिया था।

## सटाका




## आज की पाती

### पराली का हो उचित प्रयोग

पराली को जलाना वायु को तो प्रदूषित करती ही है, साथ ही खेतों की उपजाऊ क्षमता को भी कम करती है। किसानों को यह समझना और समझाना जरूरी है कि अगर वो पराली को ऐसे ही जलाते रहेंगे तो उनके खेत बंजर भी हो सकते हैं। अमेरिका की आयोवा स्टेट यूनिवर्सिटी के प्रोफेसर डॉन हॉफस्ट्रैंड के अनुसार हम जिस पराली को परेशानी समझ रहे हैं, वह ऊर्जा का बेशकीमती स्रोत है। धान, मक्का, गेहूं जैसी फसलों के अवशेष का इस्तेमाल फाइबर बोर्ड और कागज बनाने में किया जा सकता है। अगर पेपर इंडस्ट्री में इसका इस्तेमाल हो तो कागज बनाने के लिए जरूरी फाइबर का लगभग चालीस फीसदी हिस्सा फसलों के अवशेष से मिल सकता है। इस तरह पराली का सही उपयोग सुनिश्चित बनाना होगा। – *महेश सराफ, राजनांदगांव*

## करंट अफेयर

# द. अफ्रीका तीन साल बाद 'ग्रे सूची' से बाहर निकला

दक्षिण अफ्रीका को करीब तीन साल बाद वित्तीय कार्रवाई कार्य बल (एफएटीएफ) की संदिग्ध (ग्रे) सूची से बाहर निकलने में सफलता मिली है। वैश्विक धन शोधन और आतंकवादी वित्तपोषण निगरानी संस्था ने पिछले सप्ताह पेरिस में अपनी तीन दिवसीय पूर्ण बैठक के समापन के बाद इस निर्णय की घोषणा की। एफएटीएफ की संदिग्ध सूची में शामिल देशों पर कड़ी निगरानी रखी जाती है और ऐसे देशों को धन शोधन, आतंकवादी वित्तपोषण आदि का मुकाबला करने के लिए रणनीतिक कमियों को दूर करना होता है। दक्षिण अफ्रीका के वित्त मंत्रालय ने एक बयान में कहा, 'गत 32 महीनों में, दक्षिण अफ्रीका ने कार्य योजना की प्रगति का आकलन





करने के लिए एफएटीएफ द्वारा नियुक्त समीक्षकों की एक टीम के साथ काम किया है।' बयान के मुताबिक, 'इस सहयोग की वजह से जुलाई 2025 के अंत में समीक्षकों ने मौके का मुआयना किया। इस दौरान समीक्षक सुधारों की स्थिरता की पुष्टि करने के लिए यहां आए और उनके द्वारा तैयार रिपोर्ट एफएटीएफ के समक्ष प्रस्तुत की गई।' बयान में कहा गया कि एफएटीएफ को आश्वासन दिया गया कि सरकार धन शोधन निरोधक और आतंकवाद के वित्तपोषण का मुकाबला करने (एएमएल/सीएफटी) वाली प्रणाली में स्थायी सुधार के लिए प्रतिबद्धता है।

## ऑफ बीट

# 'चैटजीपीटी एटलस' से इंटरनेट ब्राउजिंग का नया दौर होगा शुरू

ओपनएआई ने पिछले सप्ताह 'चैटजीपीटी एटलस' नामक वेब ब्राउज़र पेश किया जिसे इंटरनेट के साथ हमारी बातचीत के तरीके को पूरी तरह बदलने वाला




कदम बताया जा रहा है। कंपनी के मुख्य कार्यकारी अधिकारी सैम ऑल्टमैन ने इसे "दशक में एक बार मिलने वाला अवसर" बताते हुए कहा कि यह लोगों के इंटरनेट उपयोग के अनुभव को नए सिरे से परिभाषित करेगा। एटलस को इस तरह से तैयार किया गया है कि यह उपयोगकर्ता के साथ हर वेबसाइट पर सक्रिय रहे, उनकी पसंद याद रखे, लेखों का सारांश दे और फ्लाइट बुक करने या किराने का सामान ऑर्डर करने जैसे कार्य तक स्वचालित रूप से पूरा करे। हालांकि विशेषज्ञों का कहना है कि इस अत्याधुनिक तकनीक के पीछे गंभीर सुरक्षा और गोपनीयता संबंधी खतरे छिपे हैं, जिनसे आम उपयोगकर्ता निपटने के लिए तैयार नहीं हैं। 'एजेंट मोड' : सुविधा के साथ जोखिम एटलस की सबसे बड़ी खासियत इसका "एजेंट मोड" है, जो चैटजीपीटी को उपयोगकर्ता की ओर से वेब पर अर्ध-स्वायत्त रूप से कार्य करने की अनुमति देता है। उदाहरण के लिए, यदि कोई उपयोगकर्ता कहे "मेरे पास के किसी कॉकटेल बार में टेबल बुक करो", तो यह सुविधा न केवल विकल्प ढूंढेगी, बल्कि स्वतः बुकिंग करने का प्रयास भी करेगी।

## ट्रेंड

### राष्ट्र निर्माण में योगदान



विकसित भारत युवा नेता संवाद 2.0 हमारे युवाओं के लिए राष्ट्र निर्माण में योगदान देने का एक शानदार अवसर है। हमारे युवाओं के विचार और अंतर्दृष्टि, विकसित भारत के निर्माण का मार्ग प्रशस्त कर सकते हैं।
-नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री

### महाझूठ का पुलिंदा



महागठबंधन का घोषणापत्र "महाझूठ का पुलिंदा" है। बिहार की जनता को गुमराह करने, धोखा देने और भ्रष्टाचार व जंगलराज को वापस लाने की साजिश! जनता ने पहले ही इनके हर झूठे वादे को नकार दिया है।
- केशव प्रसाद मौर्य, डिप्टी सीएम, उप्र

### आदिवासियों की आवाज



खुद को आदिवासियों की हितैषी बताने वाली हेमंत सरकार अब उन्हीं की आवाज़ को दबाने के लिए बर्बरता पर उतर आई है। अपनी मांगों के लिए ने स्थानीय विधायक के आवास पर जाने की कोशिश की, तो उन्हें रोकने के लिए धारा 144 लागू कर दी।
-बाबूलाल मरांडी, पूर्व सीएम, झारखंड

### एसआईआर प्रक्रिया



करीब 20 साल पहले भी एसआईआर प्रक्रिया हुई, तब कोई विरोध नहीं हुआ। अब चुनाव आयोग ने ही ऐसा माहौल बना दिया जिससे आमजन के मन में शक पैदा हुआ है। एसआईआर से जनता के मन में मताधिकार छीनने की आशंका पनप गई है।
-अशोक गहलौत, पूर्व सीएम, राजस्थान

**अपने विचार**
**हरिभूमि कार्यालय**
पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्पलैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016
**aapkepatra.haribhoomi@gmail.com**
पर भेज सकते हैं।






### बिहार का 'तेजस्वी प्रण', महागठबंधन ने वादों की लगाई झड़ी

# 20 माह में परिवार के हर सदस्य को नौकरी, 200 यूनिट बिजली फ्री

*बिहार विधानसभा चुनाव के लिए महागठबंधन ने अपना घोषणापत्र जारी कर दिया है। 'बिहार का तेजस्वी प्रण' शीर्षक से महागठबंधन ने अपना घोषणापत्र जारी किया है। इसके मौके पर महागठबंधन के सीएम उम्मीदवार तेजस्वी यादव सहित सहयोगी दलों के नेता मंच पर उपस्थित थे।*

एजेंसी ▶▶ पटना

बिहार विधानसभा चुनाव के लिए महागठबंधन ने अपना घोषणापत्र जारी कर दिया है। 'बिहार का तेजस्वी प्रण' शीर्षक से महागठबंधन ने अपना घोषणापत्र जारी किया है। इसके मौके पर महागठबंधन के सीएम उम्मीदवार तेजस्वी यादव सहित सहयोगी दलों के नेता मंच पर उपस्थित थे। घोषणापत्र में 20 महीने के अंदर परिवार के हर सदस्य को नौकरी, 200 यूनिट फ्री बिजली, जीविका सीएम दीदियों को नियमित करने और ओल्ड पेंशन स्कीम लागू करने सहित कई बड़े वादे किए गए हैं। तेजस्वी ने साझा घोषणापत्र को जारी करते हुए कहा कि एक-एक घोषणा दिल से लिया हुआ प्रण है। हमें प्रण को प्राण खोकर भी पूरा करने पड़े तो हम अपने प्रण को पूरा करेंगे। जब भी कोई बिहारी ठान लेता है तो उसको पूरा करता है। हम सब लोग नौजवान हैं, बिहार को अव्वल राज्यों में हम देखना चाहते हैं, विकसित बिहार देखना चाहते हैं।




### बिहार 20 साल में पीछे चला गयाः खेड़ा

*इस मौके पर पवन खेड़ा ने कहा कि महागठबंधन ने सबसे पहले सीएम फेस घोषित किया और सबने मिलकर संयुक्त घोषणा पत्र जारी किया। इससे यह स्पष्ट है कि कौन बिहार के लिए गंभीर है। उन्होंने कहा कि बिहार 20 सालों में पीछे चला गया है। उसे वापस पटरी पर लाना है।*

### सीएम नीतीश कुमार से जताई सहानुभूति

*उन्होंने कहा कि सीएम नीतीश कुमार के प्रति सहानुभूति रखता हूं, लेकिन कहना चाहता हूं कि भाजपा के लोगों ने, भ्रष्ट अधिकारियों ने नीतीश को पुतला बनाकर रखा है। उन्होंने कहा कि अमित शाह ने साफ कहा कि विधायक तय करेंगे कि एनडीए का सीएम कौन होगा? चुनाव के बाद भाजपा नीतीश को सीएम नहीं बनाएगी।*

## संकल्प पत्र में ये किए वादे

- इंडिया गठबंधन की सरकार बनते ही 20 दिनों के अंदर प्रदेश के हर परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी देने का अधिनियम लाया जाएगा
- हमारी सरकार युवकों को नौकरी देने के अपने संकल्प पर अमल करते हुए 20 महीने में शीघ्र नौकरी प्रदान करने की प्रक्रिया प्रारम्भ कर देगी
- सभी जीविका दीदियों को स्थायी किया जाएगा और उन्हें सरकारी कर्मचारी का दर्जा दिया जाएगा। उनका वेतन 30,000 प्रतिमाह सुनिश्चित किया जाएगा।
- जीविका दीदियों के द्वारा लिए गए ऋण पर ब्याज माफ किया जाएगा और दो वर्षों तक बिना ब्याज का ऋण प्रदान किया जाएगा। जीविका केंद्र की दीदीयों को उनके कार्य के निष्पादन के लिए हर महीने 2,000 रुपए। भत्ता दिया जाएगा।
- जीविका केंद्र के अध्यक्ष और कोषाध्यक्ष को भी मानदेय प्रदान किया जाएगा।
- सभी संविदाकर्मियों और आउटसोर्सिंग पर कार्यरत कर्मचारियों को स्थायी किया जाएगा।
- आईटी पार्क, स्पेशल इकोनॉमिक जोन, डेयरी-वेस्ड इंडस्ट्रीज, एग्रो-वेस्ड इंडस्ट्रीज, स्वास्थ्य सेवा, कृषि उद्योग, फूड प्रोसेसिंग, नवीकरणीय ऊर्जा, लॉजिस्टिक्स, -टेलिकम्यूनिकेशन और पर्यटन के क्षेत्रों में कौशल-आधारित रोजगार का सृजन किया जाएगा।
- 2000 एकड़ में एजुकेशनल सिटी
- माई बहिन योजना के तहत महिलाओं को ढाई हजार रुपए प्रतिमाह की राशि दी जाएगी।
- सामाजिक सुरक्षा पेंशन 1500 रुपए दी जाएगी और इसमें हर साल 200 रुपए की वृद्धि की जाएगी।
- 200 यूनिट फ्री बिजली देने का भी ऐलान किया।
- ओल्ड पेंशन स्कीम लागू की जाएगी
- वक्फ संशोधन विधेयक (कानून) पर रोक लगाई जाएगी और वक्फ संपत्तियों के प्रबंधन को पारदर्शी बनाएंगे।
- आर्थिक और शैक्षिक रूप से पिछड़े मुस्लिम समुदाय की समानता और उन्नति सुनिश्चित करने के लिए सच्चर समिति की सिफारिशों को लागू किया जाएगा।

### केंद्रीय गृहमंत्री शाह करेंगे घोषणा

## कल एनडीए जारी करेगा घोषणा पत्र, दिया जा रहा अंतिम रूप



बिहार विधानसभा चुनाव के लिए बीजेपी के घोषणापत्र को अंतिम रूप दिया जा रहा है। संकल्प पत्र को लेकर आज पटना में भाजपा के बिहार चुनाव के मैनिफेस्टो कमिटी की बैठक होगी। इस बैठक में भाजपा संकल्प पत्र के मुद्दों, वादों को अंतिम रूप दिया जाएगा। इस बैठक में संकल्प पत्र जारी करने की तारीख भी तय होगी। 30 अक्टूबर को भाजपा का संकल्प पत्र जारी हो सकता है। गृह मंत्री अमित शाह इसे जारी कर सकते हैं। इसके साथ ही एनडीए का साझा एजेंडा फॉर गवर्नेंस भी तैयार किया जा रहा है।

### इन मुद्दों पर रहेगा जोर

इसमें एनडीए के सभी सहयोगी दलों के घोषणापत्र की प्रमुख बातों को शामिल किया जाएगा। बिहार को शैक्षणिक और औद्योगिक हब बनाने पर जोर होगा। युवाओं को रोजगार देने के लिए कई बड़ी योजनाओं का ऐलान हो सकता है।

### मुख्यमंत्री के चेहरे पर किया खुलासा

## चिराग ने सीएम के लिए नीतीश का नाम बताया



बिहार में अब सीएम फेस को लेकर चर्चा शुरू होने लगी है। अब एनडीए के नेता चिराग पासवान ने खुद सीएम फेस को लेकर बड़ा बयान दिया है। चिराग से एनडीए के मुख्यमंत्री पद के चेहरे पर सवाल किया तो उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा कि आखिर एक ही घोषणा कितनी बार की जाएगी? चिराग ने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार चुनाव का नेतृत्व कर रहे हैं। विधायक आएंगे और विधायक चुनेंगे, यह सामान्य लोकतांत्रिक प्रक्रिया है। चिराग ने यह भी कहा कि मुझे पूरा भरोसा है कि मेरी पार्टी से जितने भी विधायक जीतकर आएंगे वे सभी नीतीश कुमार को फिर से मुख्यमंत्री चुनेंगे।

### नायक विवाद पर महागठबंधन पर भड़के ललन

## आप जाति और धर्म के नाम पर उन्माद फैला रहे



आरजेडी कार्यालय के बाहर तेजस्वी यादव को 'नायक' बताने वाले कथित पोस्टरों पर केंद्रीय मंत्री राजीव रंजन (ललन) सिंह ने कहा कि जब उन्हें खुद ही पोस्टर बनवाकर लगाना है, तो उन्हें कौन रोक रहा है? क्या आप 20 साल से कोशिश नहीं कर रहे थे? आप हर साल पोस्टर लगाते हैं, लेकिन बिहार की जनता आपको हर साल नकार देती है क्योंकि आप इसके लायक नहीं हैं। आप जाति और धर्म के नाम पर उन्माद फैलाते हैं।

### दो वोटर आईडी रखने का मामला

## पीके को चुनाव आयोग का नोटिस, 3 दिन में जवाब दें



बिहार विधानसभा चुनाव के बीच जन सुराज पार्टी के सूत्रधार प्रशांत किशोर को निर्वाचन आयोग ने नोटिस भेज दिया है। आयोग ने पीके से दो वोटर आईडी रखने के मामले में जवाब मांगा है। प्रशांत का नाम पश्चिम बंगाल और बिहार, दोनों राज्यों की वोटर लिस्ट में शामिल है। चुनाव आयोग ने उनसे 3 दिन के भीतर अपना पक्ष रखने का निर्देश दिया है। रोहतास जिले की करगहर विधानसभा क्षेत्र के निर्वाची पदाधिकारी सह डीसीएलआर सासाराम की ओर से मंगलवार को यह नोटिस जारी किया गया। उनका नाम बिहार में करगहर विधानसभा क्षेत्र की वोटर लिस्ट में है, जबकि पश्चिम बंगाल की भवानीपुर विधानसभा से भी वह मतदाता हैं।

### पूर्वी चंपारण में ओवैसी को झटका

## 200 कार्यकर्ताओं ने छोड़ी पार्टी, जेडीयू में शामिल



चुनाव के बीच एआईएमआईएम प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी जहां पूर्वी चंपारण में रैली कर अपने प्रत्याशी के लिए समर्थन मांग रहे हैं। वहीं, उसी जिले से उनकी पार्टी को बड़ा झटका लगा है। नरकटिया विधानसभा क्षेत्र में पार्टी के करीब 200 कार्यकर्ताओं और स्थानीय नेताओं ने पार्टी से इस्तीफा देकर जदयू की सदस्यता ले ली। नाराजगी के बीच सोमवार को बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं ने ओवैसी की पार्टी को छोड़ते हुए मुख्यमंत्री नीतीश कुमार पर भरोसा जताया और जदयू में शामिल हो गए।

---

## खबर संक्षेप

### मनोज दास बने गुजरात ने नए मुख्य सचिव

**अहमदाबाद।** गुजरात को नया मुख्य सचवि मिल गया है। आईएएस मनोज कुमार दास को



प्रदेश का नया चीफ सेक्रेटरी नियुक्त किया गया है। सामान्य प्रशासन विभाग की ओर से जारी आधिकारिक अधिसूचना के अनुसार दास को मुख्य सचिव बनाया गया है। वह 31 अक्टूबर की दोपहर से इस पद को संभाल लेंगे।

### डॉक्टर की आत्महत्या के खिलाफ बंद का ऐलान


**सतारा।** जिले में महिला डॉक्टर की आत्महत्या का मामला बढ़ता जा रहा है। मंगलवार को डॉक्टर के गृह



क्षेत्र बीड जिले के वडवानी में बंद बुलाया गया। पीड़ित परिजनों ने एसआईटी जांच की मांग की है। डॉक्टर पिछले हफ्ते सतारा जिले के फलटन तालुका के एक होटल में फंदे से लटकी मिली थी। हथेली पर एक सुसाइड नोट लिखा था।

### सेवानिवृत्त इंजीनियर से सवा करोड़ की ठगी

**नई दिल्ली।** ग्रेटर नोएडा वेस्ट में रहने वाले एक बुजुर्ग सेवानिवृत्त



इंजीनियर से अज्ञात साइबर अपराधियों ने शेयर मार्केट में ट्रेडिंग के नाम पर एक करोड़ 30 लाख रुपए ठगी की। पीड़ित ने मंगलवार को साइबर अपराध थाने में शिकायत दर्ज कराई। 18 अगस्त को सीएचसीपी ग्लोबल सिक्योरिटीज नामक कंपनी की तरफ से उसे वॉट्सएप पर एक संदेश मिला था।

### ऐसा मत कहो, वरना अंजाम भुगतने होंगे

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने कानून के छात्र के खिलाफ फेसबुक पोस्ट पर दर्ज आपराधिक कार्यवाही को



रद्द करने की मांग वाली याचिका पर विचार करने से इनकार कर दिया। पोस्ट में कहा गया था कि बाबरी मस्जिद भी एक दिन फिर से बनाई जाएगी। कोर्ट ने कहा यदि आप ऐसा व्यवहार करेंगे, तो इसके परिणाम भुगतने होंगे।

---

### विशाखापत्तनम में भारी बारिश जारी

### मलकापुरम पुलिस स्टेशन के पास दीवार ढही

## आंध्रप्रदेश के तट से टकराया मोंथा, उदयपुर में 40 घंटे से बारिश

# विशाखापत्तनम एयरपोर्ट बंद, सभी उड़ानें रद्द और 120 ट्रेनें भी कैंसिल



> तूफान मोंथा अब और ज्यादा तीव्र हो गया है और इसका लैंडफॉल शुरू हो गया है। चेतावनी जारी

एजेंसी ▶▶ विशाखापत्तनम

गंभीर चक्रवाती तूफान मोंथा अब और ज्यादा तीव्र हो गया है और इसका लैंडफॉल शुरू हो गया है। तूफान आंध्र प्रदेश के तट से टकराया है। जो कि उत्तर-उत्तरपश्चिम दिशा में आगे बढ़ता रहेगा और अगले 3-4 घंटों में मछलीपट्टनम और कलिंगपट्टनम के बीच काकीनाडा के आसपास आंध्र प्रदेश के तट को पार करेगा। इस दौरान अधिकतम 90-100 किमी प्रति घंटे की निरंतर हवा की गति से 110 किमी प्रति घंटे तक की गति पकड़ेगा। आईएमडी ने बताया कि अगले 3-4 घंटों तक लैंडफॉल की प्रक्रिया जारी रहेगी। 'मोंथा' आंध्र प्रदेश के तट से टकरा गया है। 3-4 घंटों में मछलीपट्टनम और कलिंगपट्टनम के बीच काकीनाडा के आसपास आंध्र प्रदेश के तट को पार करेगा। चक्रवात का परोक्ष असर राजस्थान सहित उत्तर-पश्चिम भारत के मौसम पर भी देखा जा रहा है, जिससे प्रदेश में ठंडी हवाएं और बादलों का असर बना हुआ है। कोटा के खातोली में सबसे ज्यादा 69 मिमी बारिश दर्ज की गई। उदयपुर में भी दिनभर रिमझिम बारिश का सिलसिला जारी रहा।



### विशाखापत्तनम में सभी 32 फ्लाइट्स कैंसिल

'मोंथा' के कारण मंगलवार को विशाखापत्तनम एयरपोर्ट से संचालित होने वाली सभी 32 फ्लाइट्स कैंसिल कर दी गईं। विशाखापत्तनम एयरपोर्ट के डायरेक्टर एन. पुरुषोत्तम ने बताया कि 27 अक्टूबर को एयर इंडिया एक्सप्रेस की दो फ्लाइट्स कैंसिल कर दी गई थीं। असल में, हम रोजाना 30 से 32 फ्लाइट्स (घरेलू और इंटरनेशनल) ऑपरेट करते हैं। वे सभी फ्लाइट्स कैंसिल कर दी गई हैं। एयरपोर्ट्स अथॉरिटी ऑफ इंडिया की गाइडलाइंस के अनुसार, गंभीर चक्रवाती तूफान से बचने के लिए सावधानियां बरती हैं, जिसमें तूफान से पहले और तूफान के बाद के चरण शामिल हैं। विजयवाड़ा एयरपोर्ट ने 16 फ्लाइट्स कैंसिल कर दीं, लेकिन 5फ्लाइट्स ऑपरेट हुईं। तिरुपति एयरपोर्ट पर 4 फ्लाइट्स कैंसिल कर दी गईं। एक रेलवे अधिकारी ने बताया कि साउथ सेंट्रल रेलवे जोन में 27 अक्टूबर और मंगलवार को कुल 120 ट्रेनें कैंसिल कर दी गईं।

### हवा का झोंका 110 किमी प्रति घंटा होगा, पीएम ने की सीएम से बात



*यह उत्तर-उत्तरपश्चिम दिशा में चलता रहेगा और मंगलवार को आंध्र तट पार कर जाएगा। हवा की गति 90-100 किमी प्रति घंटे रहेगी और इसके झोंके 110 किमी तक पहुंच सकते हैं। इस बीच पीएम नरेंद्र मोदी ने आंध्र के मुख्यमंत्री एन चंद्रबाबू नायडू से फोन पर बात की और हर संभव मदद का भरोसा दिया है।*

### स्कूल बंद, एनडीआरएफ की तैनाती की गई

*सरकार ने 5 राज्यों आंध्र, ओडिशा, पुडुचेरी, तमिलनाडु और छत्तीसगढ़ में 22 एनडीआरएफ टीमें तैनात की हैं। दक्षिण मध्य रेलवे और पूर्वी तट रेलवे ने अगले दो दिनों के लिए 100 से ज्यादा ट्रेनें रद्द कर दी हैं। इसके अलावा स्कूलों को भी बंद करने का निर्देश जारी किया गया है। सभी निचले इलाकों से लोगों को निकाला जा रहा है। वहीं फ्लाइट पर भी मोंथा चक्रवात का असर पड़ा है। इस वजह से एहतियातन कई फ्लाइट्स रद्द कर दी गईं हैं।*

### आंध्र प्रदेश को सबसे ज्यादा खतरा




*आईएमडी के महानिदेशक डॉ. एम मोहापात्रा ने कहा कि तट से टकराने के बाद मोंथा की रफ्तार थोड़ी कम होगी और यह ओडिशा की ओर बढ़ेगा। आंध्र सबसे ज्यादा प्रभावित होगा, फिर ओडिशा और उसके बाद छत्तीसगढ़ में दाखिल होगा। मौसम वि 28 से 30 अक्टूबर तक आंध्र, ओडिशा, छत्तीसगढ़ और तमिलनाडु में भारी बारिश जारी रहेगी।*

---

### दिल्ली में क्लाउड सीडिंग का पहला परीक्षण

## बुराड़ी के साथ करोल बाग इलाके में कानपुर से आए विमान ने की बारिश



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

राजधानी दिल्ली में क्लाउड सीडिंग का पहला परीक्षण हो गया है। मंगलवार को बुराड़ी और करोल बाग इलाके में कानपुर से आए विमान ने क्लाउड सीडिंग की। अधिकारियों ने बताया कि बुराड़ी और करोल बाग इलाकों सहित दिल्ली के कुछ हिस्सों में क्लाउड-सीडिंग का पहला परीक्षण किया गया है। अब बारिश का इंतजार है।अधिकारियों के अनुसार विमान ने कानपुर से दिल्ली के लिए उड़ान भरी और यह परीक्षण किया। वायु प्रदूषण से निपटने के लिए कृत्रिम वर्षा कराने के उद्देश्य से यह परीक्षण किया गया है। सर्दियों के महीनों में बिगड़ती वायु गुणवत्ता को कम करने की दिल्ली सरकार की व्यापक रणनीति का हिस्सा है। सरकार ने पिछले हफ्ते बुराड़ी के ऊपर एक परीक्षण उड़ान भरी थी। परीक्षण के दौरान कृत्रिम वर्षा कराने के लिए इस्तेमाल किए जाने वाले सिल्वर आयोडाइड और सोडियम क्लोराइड यौगिकों की थोड़ी मात्रा विमान से छोड़ी गई। हालांकि, क्लाउड सीडिंग के लिए आमतौर पर आवश्यक 50 प्रतिशत की तुलना में 20 प्रतिशत से भी कम वायुमंडलीय नमी के कारण, वर्षा नहीं हो सकी।

### 15 मिनट से 4घंटे के भीतर दिल्ली में बारिशः सिरसा



*पर्यावरण मंत्री मंजिंदर सिंह सिरसा ने ट्रायल को लेकर जानकारी देते हुए कहा कि 8 अग्नि फ्लेयर्स छोड़े गए। दिल्ली के आसमान में परीक्षण आधे घंटे तक चला। उन्होंने कहा कि आईआईटी-कानपुर का कहना है कि क्लाउड-सीडिंग परीक्षण के 15 मिनट से 4घंटे के भीतर बारिश हो सकती है। दूसरा परीक्षण बाद में बाहरी दिल्ली में किया गया। अगले कुछ दिनों में 9-10 परीक्षणों की योजना है। उड़ान भरने से पहले पर्यावरण मंत्री मंजिंदर सिंह सिरसा ने कहा था कि कानपुर से खास विमान आते ही यह काम शुरू हो जाएगा। अभी कानपुर में धुंध के कारण दृश्यता 2,000 मीटर है, जैसे ही 5,000 मीटर हो जाएगी, विमान उड़कर दिल्ली आएगा।*

### विपक्ष को नसीहत, आप ने उठाए सवाल

सिरसा ने कहा था कि विमान आते ही परीक्षण हो जाएगा। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने आईटीओ घाट पर उगते सूरज को अर्घ्य दिया था। उनके साथ मंत्री मंजिंदर सिंह सिरसा, कपिल मिश्रा और रविंदर इंद्राज भी थे। सिरसा ने कहा था कि छठ पूजा बहुत धूमधाम से मनाई गई। उन्होंने आप पर निशाना साधते हुए कहा कि आप वाले तीन दिन से नकारात्मक बातें फैला रहे हैं। छठी मइया उन्हें सद्बुद्धि दें। क्लाउड सीडिंग का मकसद यह परीक्षण दिल्ली की गंदी हवा साफ करने के लिए किया जा रहा है। इससे कृत्रिम बारिश होगी, जो प्रदूषण कम करेगी। उधर, आप के पूर्व मंत्री सौरव भारद्वाज ने छप पर जाकर कृत्रिम बारिश देखी और सरकार पर सवाल उठाए और कहा कि इंद्र भी भाजपा से नाराज हैं।

---

### संघ की गतिविधियां कर्नाटक में बैन

## सिद्धारमैया सरकार को लगा झटका हाईकोर्ट ने आदेश पर लगाई पाबंदी

एजेंसी ▶▶ बेंगलुरु



कर्नाटक उच्च न्यायालय ने राज्य सरकार को झटका देते हुए उसके एक आदेश पर रोक लगा दी है। इस आदेश के तहत कर्नाटक सरकार ने निजी संगठनों को सरकारी परिसरों और सार्वजनिक जगहों, सड़कों आदि पर कोई भी कार्यक्रम आयोजित करने से प्रशासन की मंजूरी लेना अनिवार्य कर दिया था। कर्नाटक सरकार के इस आदेश को संघ की गतिविधियों को राज्य में बाधित करने के तौर पर देखा जा रहा था।

### सरकार का आदेश मौलिक अधिकारों पर प्रतिबंध जैसा

*राज्य सरकार के आदेश के खिलाफ 'पुनशचैतन्य सेवा समस्थे' नामक संगठन ने याचिका दायर की थी। जस्टिस नागप्रसन्ना की एकल पीठ ने राज्य सरकार के आदेश पर अंतरिम रोक लगाते हुए मामले की सुनवाई 17 नवंबर तक टाल दी है। याचिका दायर करने वाले संगठन की तरफ से पेश हुए वरिष्ठ वकील अशोक हरनहल्ली ने सुनवाई के दौरान कहा कि राज्य सरकार का आदेश संविधान में दिए गए मौलिक अधिकारों पर प्रतिबंध जैसा है। सरकार का आदेश है कि 10 से ज्यादा लोगों को भी इकट्ठा होने के लिए सरकार की मंजरी लेनी होगी।*

---

### अयोध्या राम मंदिर का ध्वज आंधी-तूफान में भी फहराएगा

# 360 डिग्री घूमेगा, 10 हजार मेहमान आमंत्रित

एजेंसी ▶▶ अयोध्या

यहों भगवान राम का भव्य मंदिर बनकर तैयार हो चुका है। रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के बाद अयोध्या में फिर से बड़ा आयोजन किया जाएगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 25 नवंबर को धर्मध्वजा फहराएंगे। ध्वजा बहुत खास है, केसरिया रंग की ध्वजा बहुत विशेष है। ये बड़े से बड़े आंधी-तूफान को झेल जाएगा। इसे कोई नुकसान नहीं होगा। प्रेशर बनने पर धव्जा 360 डिग्री पर घूम सकती है। मंदिर का ध्वज केसरिया रंग की है, जिस पर सूर्य, ओम, कोविदर के चिन्ह बने हुए हैं। राम मंदिर के 161 फीट ऊंचे शिखर पर 42 फीट ऊंचा स्तंभ स्थापित किया गया है. इसी स्तंभ पर 22 फीट लंबी और 11 फीट चौड़ी पताका फहराई जाएगी।

> प्रधानमंत्री मोदी 25 नवंबर को फहराएंगे कपड़े की गुणवत्ता को परखा जा रहा



### 21 नवंबर से शुरू हो जाएगा कार्यक्रम

*पीएम मोदी राम मंदिर के साथ-साथ आठ अन्य मंदिरों के शिखर पर भी ध्वजारोहण करेंगे। ध्वजारोहण के बाद 70 एकड़ परिसर में बने मंदिरों के दर्शन शुरू हो जाएंगे। ध्वजारोहण कार्यक्रम राम मंदिर के पूर्ण होने का संकेत हैं। ध्वजारोहण कार्यक्रम 21 नवंबर से शुरू हो जाएगा। मुख्य आयोजन 25 नवंबर को होगा। सुबह 10.30 से लेकर दोपहर 12.30 तक कार्यक्रम किया जाएगा। लोग इस दौरान, रामलला के दर्शन नहीं कर पाएंगे।*

### अन्य मंदिरों में भी होगा ध्वजारोहण

*राम मंदिर परिसर के जिन आठ मंदिरों पर ध्वजारोहण होगा, उसमें भगवान शिव, भगवान गणेश, भगवान सूर्य, भगवान हनुमान, मां भगवती, मां अन्नपूर्णा और शेषावतार मंदिर सहित कुल 8 मंदिर शामिल हैं।*

### ध्वजा की टेस्ट रिपोर्ट की कर रहे पड़ताल

*ट्रस्ट ध्वज को विभिन्न एजेंसियों की मदद से तैयार किया जा रहा है। मंगलवार को को भवन निर्माण समिति की बैठक हुई जिसमें टेस्ट रिपोर्ट पेश की गई। इसके आधार पर ही ध्वज के कपड़े का चयन किया जाएगा। 60 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से चलने वाली हवा को ध्वज झेल पाए, उसके लिए कपड़े की गुणवत्ता जरूरी है। बैठक में इस पर भी मुहर होगा।*

# पहली बार भारत में बनेगा सुखोई यात्री विमान, अब मेड इन इंडिया से होगा हवाई सफर

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत की एविएशन इंडस्ट्री के लिए ऐतिहासिक कदम उठाया गया है। हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल) और रूस की यूनाइटेड एयरक्राफ्ट कॉरपोरेशन (पीजेएससी-यूएसी) ने सोमवार को मॉस्को में समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं। इस समझौते के तहत दोनों देश मिलकर सुखोई एसजे-100 पैसेंजर एयरक्राफ्ट का निर्माण भारत में करेंगे। यह पहली बार होगा, जब भारत में किसी फुल पैसेंजर एयरक्राफ्ट का प्रोडक्शन किया जाएगा। इससे पहले ऐसा प्रोजेक्ट 1961 में शुरू हुए एवीआरओ एचएस- 748 विमान के साथ हुआ था, जो 1988 में बंद हो गया था। एचएएल और रूस की पीजेएससी-यूएसी कंपनी ने 27 अक्टूबर 2025 को मॉस्को में एसजे-100 सिविल कम्यूटर एयरक्राफ्ट के निर्माण के लिए समझौता किया है। यह समझौता भारत के नागरिक उड्डयन इतिहास में एक नए अध्याय की शुरुआत है और 'आत्मनिर्भर भारत' की दिशा में अहम कदम है।

## भारत के विमानन इतिहास में महत्वपूर्ण कदम

**एचएएल और रूस के बीच हुआ समझौता**

**10 साल में भारत को इस कैटेगरी के करीब 550 छोटे जेट विमान की जरूरत होगी**

### घरेलू यात्रियों के लिए बनेगा 'मेड इन इंडिया' प्लेन



*इस समझौते के तहत एचएएल को भारत के घरेलू बाजार के लिए एसजे-100 बनाने का अधिकार मिलेगा। इसका मकसद सरकार की उड़ान योजना के तहत छोटी दूरी की हवाई कनेक्टिविटी को मजबूत करना है। विशेषज्ञों के मुताबिक, अगले 10 साल में भारत को इस कैटेगरी के करीब 550 छोटे जेट विमान की जरूरत होगी, जिनमें से 200 क्षेत्रीय रूट्स के लिए और बाकी 350 भारतीय महासागर क्षेत्र व अंतरराष्ट्रीय टूरिस्ट रूट्स के लिए होंगे।*



### सुखोई एसजे-100 की खासियत

एसजे-100 एक ट्विन-इंजन, नैरो-बॉडी वाला शॉर्ट-हॉल जेट है, जो अभी 16 से ज्यादा एयरलाइन ऑपरेटरों के साथ उड़ान भर रहा है। अब तक दुनिया भर में 200 से अधिक एसजे-100 विमान बनाए जा चुके हैं।

### सुखोई में आसान सफर

- सीट क्षमता- 103 यात्री तक
- फ्लाइट रेंज- 3,530 किलोमीटर
- इंजन- ट्विन जेट इंजन
- कंट्रोल सिस्टम- डिजिटल फ्लाई-बाय-वायर तकनीक
- कॉकपिट- अत्याधुनिक कंट्रोल साइड स्टिक के साथ
- सुविधा- विशाल ओवरहेड बिन्स, आरामदायक इंटीरियर, मुख्यधारा के जेट जैसी कम्फर्ट लेवल
- सिक्योरिटी- एडवांस्ड एरोडायनामिक्स और आधुनिक टेक्नोलॉजी से लैस।
- एसजे-100 का प्रोडक्शन भारत में शुरू होना न सिर्फ 'मेक इन इंडिया' को नई उड़ान देगा, बल्कि देश को सिविल एविएशन के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में भी बड़ा कदम साबित होगा।


## खबर संक्षेप

### डीजीपी और 3 आईएएस के वेतन में होगी कटौती



**नई दिल्ली।** पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय ने संशोधित वाहनों से संबंधित अपने आदेश का पालन न करने पर डीजीपी गौरव यादव समेत पंजाब के चार वरिष्ठ अधिकारियों पर दो लाख का जुर्माना लगाया है। न्यायमूर्ति सुदीप्ति शर्मा ने राशि वेतन से 50,000 रुपए के बराबर हिस्से में वसूल की जाए और पंजाब के मुख्यमंत्री राहत कोष में जमा की जाए। जिन तीन अन्य अधिकारियों पर भी बतौर जुर्माना लगाया गया है।

### ब्रिटेन में भारतीय मूल की युवती से दुष्कर्म



**लंदन।** ब्रिटेन के वॉलसॉल शहर में 20 साल की भारतीय मूल की एक युवती के साथ दुष्कर्म के मामले में एक संदिग्ध को हिरासत में लिया गया है। पुलिस ने इसे नस्लीय रूप से प्रेरित हमला बताया है। वेस्ट मिडलैंड्स पुलिस के मुताबिक, वॉलसॉल के पार्क हॉल इलाके में सड़क पर एक महिला के रोते हुए देखे जाने की सूचना मिली थी। मौके पर पहुंचने पर पुलिस को पता चला कि महिला के साथ दुष्कर्म हुआ है। पुलिस ने पीड़िता की पहचान गुप्त

## चीन को घेरने के लिए अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप का नया दांव

# जापान के साथ साइन की क्रिटिकल मेटल की डील, ड्रैगन के उड़ गए होश!

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनल्ड ट्रंप ने चीन को घेरने के लिए एक नया दांव चला है। उन्होंने जापान के साथ क्रिटिकल मेटल को लेकर बड़ा समझौता किया है। दरअसल, चीन ने रेयर अर्थ मेटल के निर्यात पर कड़े प्रतिबंध लगा रखे है। ऐसे में अमेरिका को दिक्कतों का सामना करना पड़ा रहा है। यही वजह है कि अमेरिका अब चीन को घेरने के जापान का सहारा ले रहा है। अमेरिका और जापान ने मंगलवार को जरूरी और रेयर-अर्थ मिनरल्स के प्रोडक्शन और सप्लाई में सहयोग के लिए एक एग्रीमेंट पर साइन किए।

यह कदम अमेरिकी राष्ट्रपति डोनल्ड ट्रंप के टैरिफ के जवाब में चीन के रेयर अर्थ और चिप बनाने वाले इक्विपमेंट पर एक्सपोर्ट कंट्रोल कड़ा करने के फैसले के बाद उठाया गया है। यह डील ट्रंप के टोक्यो दौरे के दौरान हुई, जहां उन्होंने जापान की नई प्रधानमंत्री सुनाए ताकाइची से पहली बार मुलाकात की। जानकारी के अनुसार, दोनों पक्षों ने घरेलू इंडस्ट्रीज, जिसमें एडवांस्ड टेक्नोलॉजी और उनके संबंधित इंडस्ट्रियल बेस शामिल हैं, को सपोर्ट करने के लिए जरूरी जॉइंट प्रोजेक्ट्स को बढ़ावा देने और जरूरी मिनरल्स और रेयर अर्थ के लिए अलग-अलग, लिक्विड और निष्पक्ष बाजारों के विकास में तेजी लाने के लिए आर्थिक नीति के साधनों और कोऑर्डिनेटेड इन्वेस्टमेंट का इस्तेमाल करने पर सहमति जताई। जापान की पीएम ने ट्रंप से कहा ने वे उनके लिए नोबेल पुरस्कार की मांग करेंगी।

**चीन में दुनिया के 90% दुर्लभ पृथ्वी धातुओं का प्रसंस्करण**

**ट्रंप के लिए जापान ने की नोबेल पुरस्कार की मांग**

**ट्रंप ने जमकर की जापान की पीएम की सराहना**



### चीन का रेयर अर्थ मेटल के 90% हिस्से पर कब्जा

चीन दुनिया के 90% रेयर अर्थ को प्रोसेस करता है। उसने हाल ही में एक्सपोर्ट पर पाबंदियां बढ़ा दी हैं, और अपनी कंट्रोल लिस्ट में नए एलिमेंट्स जोड़े हैं। उन्होंने उन विदेशी प्रोड्यूसर्स पर भी अपनी निगरानी कड़ी कर दी है जो चीनी मटेरियल पर निर्भर हैं। इसके उलट, अमेरिका में सिर्फ एक ही रेयर अर्थ माइन चालू है और वह इलेक्ट्रिक गाड़ियों और एडवांस्ड मैन्युफैक्चरिंग के लिए जरूरी मिनरल्स को सुरक्षित करने की दौड़ में लगा हुआ है। ट्रंप गुरुवार को चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग से मिलेंगे। अपने एग्रीमेंट में, अमेरिका और जापान इस बात पर सहमत हुए कि वे परमिट पाने और रेयर अर्थ और जरूरी मिनरल्स को सुरक्षित करने के लिए प्रोसेस और टाइमलाइन को आसान बनाएंगे और उनमें ढील देंगे, और साथ ही गलत ट्रेड प्रैक्टिस और नॉन-मार्केट पॉलिसीज पर भी ध्यान देंगे। यूएस ने कहा कि दोनों देश एक स्टॉकपाइलिंग एग्रीमेंट पर भी विचार करेंगे जो दोनों के लिए फायदेमंद होगा और सप्लाई चेन की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए दूसरे इंटरनेशनल पार्टनर्स के साथ काम करेंगे।

### नोबेल के लिए ट्रंप को मिला नया साथी

इस लिहाज से पाकिस्तान, इस्राइल और की तरह ही जापान भी अब उन देशों की सूची में शामिल हो गया है, जिन्होंने ट्रंप के लिए नोबेल शांति पुरस्कार देने के लिए आवाज उठाई है। अमेरिकी राष्ट्रपति मंगलवार को टोक्यो में अमेरिकी नौसेना के विमानवाहक पोत यूएसएस जॉर्ज वाशिंगटन पर तैनात सैनिकों से भी मिलने वाले हैं। इससे पहले सोमवार को उन्होंने जापान के सम्राट से औपचारिक मुलाकात की थी। ट्रंप इससे पहले मलेशिया के कुआलालंपुर में आसियान शिखर सम्मेलन में शामिल हुए, जहां उन्होंने थाईलैंड और कंबोडिया के बीच हुए संघर्षविराम समझौते की सराहना की।

## पाक-अफगान की बातचीत बेनतीजा

# अफगानिस्तान पर हमले करता रहेगा पाकिस्तान



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

तुर्की में अफगानिस्तान और पाकिस्तान के बीच हुई शांति वार्ता बिना किसी नतीजे के खत्म हो गई। बताया जा रहा है कि वार्ता के दौरान पाकिस्तानी प्रतिनिधिमंडल का रवैया इतना अजीब और असहयोगी था कि वहां मौजूद मध्यस्थ कतर और तुर्की के प्रतिनिधि भी हैरान और नाराज हो गए। सूत्र ने बताया कि पाकिस्तानी प्रतिनिधि बातचीत की प्रक्रिया से परिचित नहीं थे, वे बार-बार अतार्किक मुद्दे उठाते रहे और कई मौकों पर असभ्य भाषा का इस्तेमाल किया।

वार्ता के सभी एजेंडा बिंदु पूरे हो चुके थे, लेकिन जब एक मुद्दे पर चर्चा चल रही थी, तभी पाकिस्तानी पक्ष ने गलत बर्ताव कर बैठक का माहौल बिगाड़ दिया। बताया जा रहा है कि पाकिस्तानी टीम के प्रमुख ने अफगान पक्ष से कहा कि वे उन सभी समूहों को नियंत्रित करें जो पाकिस्तान में हमले करते हैं। यह मांग सुनकर मध्यस्थ भी हैरान रह गए। उन्होंने सवाल किया कैसे कोई देश दूसरे देश से कह सकता है कि वह उसके अपने विद्रोही समूहों को नियंत्रित करे? वार्ता के दौरान पाकिस्तानी पक्ष ने यह भी कहा कि यदि पाकिस्तान में टीटीपी के हमले जारी रहे, तो वे उसका बदला अफगानिस्तान से लेंगे। इस पर अफगान टीम ने जवाब दिया कि पाकिस्तान में सुरक्षा बनाए रखना पाकिस्तानी सेना और सुरक्षा एजेंसियों की जिम्मेदारी है।

### एक-दूसरे को ठहराया जिम्मेदार

अफगानिस्तान और पाकिस्तान के बीच हुई वार्ता का उद्देश्य सीमा पर हाल ही में हुई भीषण झड़पों के बाद स्थायी शांति बहाल करना था, जिनमें दर्जनों लोगों की मौत हो गई थी। यह 2021 में तालिबान के काबुल में सत्ता में आने के बाद सबसे गंभीर हिंसा मानी जा रही है। दोनों देशों ने 19 अक्टूबर को दोहा में एक संघर्षविराम समझौते पर सहमति जताई थी, लेकिन इसके बाद तुर्की और कतर की मध्यस्थता में इस्तांबुल में हुई दूसरी दौर की बातचीत में कोई साझा समाधान नहीं निकल सका। दोनों पक्षों ने वार्ता विफल होने के लिए एक-दूसरे को जिम्मेदार ठहराया।

**ट्रंप के टैरिफ के बीच बोले विदेश मंत्री**

# ऊर्जा क्षेत्र के लगातार सिकुड़ने पर जयशंकर ने चिंता जाहिर की

एजेंसी ▶▶ कुआलालंपुर

भारतीय विदेश मंत्री डॉ. एस जयशंकर ने आसियान सम्मेलन के दौरान अपने संबोधन में ऊर्जा क्षेत्र के लगातार सिकुड़ने पर चिंता जाहिर की। एस जयशंकर का यह बयान ऐसे समय सामने आया है, जब अमेरिका और भारत के संबंधों में थोड़ा रूखापन आया हुआ है और अमेरिका द्वारा भारत पर रूस से तेल न खरीदने के लिए दबाव बनाया जा रहा है। इस दबाव के तहत अमेरिका ने भारत पर अतिरिक्त 25 प्रतिशत टैरिफ लगा दिया है।



बीते हफ्ते ट्रंप ने रूस की दो सबसे बड़ी तेल कंपनियों, रोसनेफ्ट और लुकोइल पर बैन लगा दिया, जिससे भारत को ऊर्जा आपूर्ति प्रभावित हुई है। आसियान सम्मेलन के दौरान भारतीय विदेश मंत्री डॉ. एस जयशंकर ने अपने बयान में बाजारों तक पहुंच, सप्लाई चेन की दिक्कतों को लेकर भी चिंता जताई। साथ ही उन्होंने कहा कि दुनिया को आतंकवाद के प्रति जीरो टॉलरेंस की नीति अपनानी चाहिए और गाजा और यूक्रेन जैसे संघर्षों को सुलझाने की कोशिशें तेज करनी चाहिए क्योंकि इन संघर्षों की वजह से खाद्य सुरक्षा और ऊर्जा आपूर्ति खतरे में पड़ गई है। जयशंकर ने कहा कि ऊर्जा व्यापार पर लगातार रोक लगाई जा रही है, जिससे तेल बाजार में गड़बड़ी हो रही है।

सिद्धांतों को चुनिंदा तरीके से लागू किया जा रहा है। अमेरिका की व्यापार नीति का जिक्र किए बिना जयशंकर ने कहा कि सप्लाई चेन की विश्वसनीयता और बाजार पहुंच चिंता बढ़ा रही है।

गौरतलब है कि एक तरफ जहां ट्रंप प्रशासन द्वारा दुनिया के विभिन्न देशों पर भारी-भरकम टैरिफ लगा दिए गए हैं, जिससे आपूर्ति श्रृंखला प्रभावित हुई है। वहीं दूसरी तरफ चीन द्वारा दुर्लभ खनिजों और भारी मशीनरी के निर्यात पर भी प्रतिबंध लगा दिया गया है।

## इंडो-पैसिफिक रीजनल डायलॉग 2025

# नौसेना प्रमुख ने कहा- महासागर राष्ट्रों और समाजों की साझा धरोहर

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



भारतीय नौसेना प्रमुख दिनेश कुमार त्रिपाठी का कहना है कि समुद्र हमारे साझा भविष्य का दर्पण है, सुरक्षा और विकास दोनों एक साथ चलने वाले इंजन हैं। वह मंगलवार को नई दिल्ली में आयोजित इंडो-पैसिफिक रीजनल डायलॉग 2025 के उद्घाटन सत्र में बोल रहे थे।नौसेना प्रमुख ने कहा कि समुद्र सदियों से मानवता के सबसे प्राचीन राजमार्ग रहे हैं। इन राजमार्गों ने न केवल व्यापार और संस्कृति बल्कि जिज्ञासा और साहस को भी दिशा दी है।

उन्होंने कहा कि विभिन्न मित्र देशों के 30 से अधिक प्रतिनिधियों की उपस्थिति दर्शाती है कि इंडो-पैसिफिक क्षेत्र का भविष्य केवल संवाद, सहयोग और पारस्परिक विश्वास से ही सुरक्षित और समृद्ध बनाया जा सकता है। नौसेना प्रमुख ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कथन का उल्लेख करते हुए कहा कि महासागर राष्ट्रों और समाजों की साझा धरोहर हैं।

ये अंतरराष्ट्रीय व्यापार की जीवनरेखा है। आज देशों की सुरक्षा और समृद्धि महासागरों से गहराई से जुड़ी हुई है। यह संदेश हमें यह याद दिलाता है कि समुद्रों की शांति और राष्ट्रों की समृद्धि एक-दूसरे से अविभाज्य हैं।

**मजबूत हुआ आपसी तालमेल और क्षमता**

# भारत और अमेरिका की नौसेनाओं का पनडुब्बी-रोधी युद्ध अभ्यास संपन्न

एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन

भारत और अमेरिका ने पनडुब्बी-रोधी युद्ध (एएसडब्ल्यू) और समुद्री क्षेत्र में जागरूकता पर केंद्रित संयुक्त युद्ध अभ्यास किया, ताकि दोनों नौसेनाओं के बीच आपसी तालमेल और क्षमता को मजबूत किया जा सके। अमेरिका के सातवें बेड़ा ने एक्स पर एक पोस्ट में लिखा, अमेरिका और भारत की नौसेनाएं साथ उड़ान भर रही हैं। डिएगो गार्सिया के पास संयुक्त पी-8 प्रशिक्षण ने पनडुब्बी-रोधी युद्ध कौशल और समुद्री क्षेत्र की जागरूकता को निखारा और हिंद-प्रशांत क्षेत्र की सुरक्षा सुनिश्चित करने की हमारी सामूहिक क्षमता को बढ़ाया।

रक्षा दृश्य सूचना वितरण सेवा (डीवीआईडीएस) ने एक आधिकारिक बयान में कहा, 'कमांडर टास्क फोर्स 72' (सीटीएफ) के मिशन में समुद्री गश्ती और टोही विमान (एमपीआरए) पी-8ए पोसाइडन ने भारतीय नौसेना के एमपीआरए पी-8आई के साथ डिएगो गार्सिया और हिंद महासागर के पास संयुक्त अभ्यास में भाग लिया। यह अभ्यास 22 से



28 अक्तूबर के बीच आयोजित किया गया था। पी-8आई के डिएगो गार्सिया पहुंचने के बाद अमेरिकी और भारतीय चालक दल ने अभ्यास के लिए संचालन योजना पर मिलकर काम किया, जिससे समुद्री में सूचना साझा करने और सहयोग की नींव रखी गई। इस तट आधारित चरण को संयुक्त उड़ान और द्विपक्षी पनडुब्बी-रोधी और संचार अभ्यास के साथ पूरा किया गया। बयान में कहा गया, पैट्रोल स्क्वाड्रन (वीपी) 4 को सीटीएफ 72 में तैनात किया गया, जो अमेरिकी नौसेना के सातवें बेड़े समुद्री गश्ती और टोही विमानों के लिए कमान एवं नियंत्रण मुख्यालय है। यह बहुपक्षीय सहयोग के माध्यम से क्षेत्रीय सुरक्षा और संचालन को बढ़ावा देता है और निगरानी व टोही की क्षमताएं प्रदान करता है।

## जमैका के 174 साल के इतिहास का सबसे भीषण तूफान

# 295 किमी प्रतिघंटा की रफ्तार से मेलिसा ने दी दस्तक, मची तबाही

**कैटेगरी-5 तूफान मेलिसा ने जमैका में लैंडफॉल किया**

**295 किमी प्रतिघंटा की रफ्तार वाले इस तूफान ने भारी तबाही मचाई है**

**अधिकारियों ने लोगों से घरों में रहने और सुरक्षित स्थानों पर जाने की अपील की**

एजेंसी ▶▶ किंग्स्टन

कैटेगरी-5 का भीषण तूफान मेलिसा मंगलवार को जमैका के दक्षिण-पश्चिमी तट न्यू होप के पास टकराया। अमेरिकी नेशनल हूरिकेन सेंटर के मुताबिक, तूफान के समय हवाओं की रफ्तार करीब 295 किलोमीटर प्रति घंटा (185 मील प्रति घंटा) थी। प्रशासन ने इसे जमैका के 174 साल के इतिहास का सबसे शक्तिशाली तूफान बताया है। जमैका की राजधानी किंग्स्टन की सड़कें सुनसान नजर आईं। हवा के तेज झोंकों और लगातार हो रही बारिश के कारण लोग घरों में दुबके रहे। आपदा प्रबंधन परिषद के उपाध्यक्ष डेसमंड मैकेंजी ने लोगों से अपील की यह बहादुरी दिखाने का वक्त नहीं है, कृपया घरों में सुरक्षित रहें।जमैका में भूस्खलन, पेड़ गिरने



और बिजली व्यवस्था ठप होने की कई घटनाएं सामने आई हैं। कई जिलों में बिजली और मोबाइल नेटवर्क बाधित हो गया है। स्वास्थ्य मंत्री क्रिस्टोफर टफ्टन ने बताया कि तूफान के कारण कुछ अस्पतालों के मरीजों को ऊपरी मंजिलों पर शिफ्ट किया गया है।रेड क्रॉस और स्थानीय प्रशासन ने राहत सामग्री खाद्य पदार्थ, दवाइयां और पेयजल पहले से ही जमा कर रखी हैं। ऊर्जा मंत्री डैरिल वाज ने बताया कि करीब 2.4 लाख घरों में बिजली नहीं है और टीमों को बुधवार से बहाली के कार्य में लगाया जाएगा।

### अब तक 7 लोगों की मौत

*तूफान के कारण कैरेबियन क्षेत्र में अब तक 7 लोगों की मौत की पुष्टि हुई है। जिनमें तीन जमैका, तीन हैती और एक डोमिनिकन रिपब्लिक का नागरिक शामिल है। कई इलाकों में भारी बारिश, बाढ़ और भूस्खलन की खबरें हैं। प्रशासन ने अनिवार्य निकासी आदेश जारी किए हैं और राहत सामग्री पहले से ही प्रभावित इलाकों में पहुंचाई जा चुकी है।*

### क्यूबा की ओर बढ़ा तूफान

*मौसम विशेषज्ञों के अनुसार, मेलिसा अब क्यूबा की ओर बढ़ रहा है, जहां आज देर रात या बुधवार सुबह इसके टकराने की आशंका है। क्यूबा के होलगुइन प्रांत में दो लाख से ज्यादा लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया गया है। क्यूबा के उपप्रधानमंत्री एडुआर्डो मार्टिनेज ने कहा यह तूफान अभूतपूर्व है, ऐसा खतरा हमने पहले कभी नहीं देखा।*

## राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कहा

# सौर ऊर्जा के क्षेत्र में 2050 तक आत्मनिर्भर बनेगा भारत

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने मंगलवार को कहा कि 2050 तक भारत न केवल अपने क्लीन एनर्जी टारगेट्स को पूरा करना चाहता है। बल्कि एक ऐसा हब भी बनना चाहता है जो ग्लोबल सोलर मांग को एकीकृत करे और इनोवेशन, मैन्युफैक्चरिंग और नॉलेज के आदान-प्रदान को बढ़ावा दे।

राष्ट्रीय राजधानी में भारत मंडपम में इंटरनेशनल सोलर एलायंस (आईएसए) की असेंबली के आठवें सत्र को संबोधित करते हुए, राष्ट्रपति मुर्मु ने कहा कि भारत एक ग्लोबल सोलर एनर्जी हब बनने की राह पर है। उन्होंने समय से पहले



रिन्यूएबल एनर्जी टारगेट्स को प्राप्त करने में देश की प्रगति पर प्रकाश डाला और ग्लोबल सोलर डिमांड को एकीकृत करने और क्लीन एनर्जी इनोवेशन को बढ़ावा देने के लिए एक दृष्टिकोण की रूपरेखा प्रस्तुत की। राष्ट्रपति ने कहा कि आईएसए मानवता की साझा आकांक्षा का प्रतीक है, जिसमें समावेशिता, सम्मान और सामूहिक समृद्धि के स्रोत के रूप में सोलर एनर्जी का उपयोग करना शामिल है।

## खबर संक्षेप

### बिजली मीटर लगाने से मना किया तो कर्मचारी को जमकर पीटा

**भोपाल**। राजधानी के शाहजहांनाबाद इलाके में एमपीईबी के कर्मचारियों के साथ मारपीट का मामला सामने आया है। टॉवर के पास रहने वाले मोहसिन खान ने बिजली विभाग के कर्मचारी मिर्जा जावेद के साथ मारपीट की और गाली गलौज की। इस घटना के बाद फरियादी ने पुलिस में सूचना दी पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।
शहजहानाबाद पुलिस ने बताया कि जावेद इलाके में मीटर लगाने के लिए गए हुए थे। मोहसिन खान के घर पर पहुंचने के बाद उन्होंने कहा कि घर पर मीटर नहीं लगा है। मीटर लगाना अनिवार्य है। इस बात पर आसपास के लोग इकट्ठा हो गए और कर्मचारियों को घेर लिया। उसे बुरी तरह के से लाठी और डंडों से पीटा गया। जान बचाकर बिजली का कर्मचारी इलाके से भाग निकला। उसने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई। जिसके और पुलिस ने सरकारी कार्य में बाधा डालने का मामला दर्ज कर दिया है।

### नगर पंचायत उपाध्यक्ष नमिता सक्रिय

**औबेदुल्लागंज**। पिछले नगर परिषद चुनाव में परिषद में रही उपाध्यक्ष आज वर्तमान में अध्यक्ष हैं, लोगों में चर्चा है कि वर्तमान में



नगर पंचायत की उपाध्यक्ष नमिता अग्रवाल सक्रिय हैं, फिर नगर परिषद की परंपरा अनुसार 2027 में नगर परिषद की अध्यक्ष बन सकती हैं। 2027 में बदलाव जरूर होगा।

### आज मनाया जाएगा भगवान सहस्त्रबाहु का जन्मोत्सव

**औबेदुल्लागंज**। कालार समाज द्वारा नगर के जेबी गार्डन में बुधवार को श्री राज राजेश्वर भगवान सहस्त्रबाहु जन्मोत्सव समारोह आयोजित किया जाएगा। इस



अवसर पर मेधावी छात्र-छात्राओं का पुरस्कार वितरण और खेलकूद प्रतियोगिताएं भी होंगी। सुबह 10 से 11 बजे भगवान सहस्त्रबाहु जी का हवन एवं पूजन और सुबह 11 से 12 बजे कालार समाज की आधिकारिक वेबसाइट का लोकार्पण किया जाएगा। आयोजन समिति के अध्यक्ष श्याम मालवीय, नवल किशोर मालवीय, विमल राय, सोनू राय, अमित राय, कपिल राय, अशोक जायसवाल, रवि शंकर राय सहित अन्य पदाधिकारियों ने बताया कि समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में मालती राय (महापौर, नगर निगम भोपाल) एवं विधायक सुरेंद्र पटवा पधार रहे हैं। इसके अलावा राष्ट्रीय अध्यक्ष जय नारायण चौकसे, राष्ट्रीय महासभा कोषाध्यक्ष डॉ. एल.एन. मालवीय एवं प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौकसे भी कार्यक्रम में शिरकत करेंगे।

### दहेज की मांग को लेकर महिला को 2 साल से कर रहे थे प्रताड़ित

**भोपाल**। छोला मंदिर इलाके में 2 साल से महिला को 5 लाख की मांग करके प्रताड़ित किया जा रहा था। महिला की शिकायत पर पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर कार्रवाई शुरू की। छोला मंदिर पुलिस ने बताया कि प्रीति नगर इलाके में रहने वाली भारतीय कुसुम ने शिकायत दर्ज कराई कि पति राजकुमार अहिरवार पिछले 2 साल से मारपीट कर रहे हैं। पति की डिमांड है कि वह मायके वालों से 5 लाख रुपए लेकर आए। कई बार मना करने पर उसे घर के भीतर प्रताड़ना दी गई। परिवार के अन्य लोगों ने भी मारपीट की। इसके बाद उसने मायके में घटना के बारे में बताया। मायके की ओर से दहेज देने के बाद और पैसे नहीं देने की बात कही गई। जिसके बाद पति और परिवार जनों प्रताड़ित कर रहे थे। महिला ने पुलिस में शिकायत दर्ज करवाई।

**शुभांक**

| | | | |
|---|---|---|---|
| कल्याण: | 2716 | | |
| दिन: | 158 | 44 | 220 |
| रात: | 235 | 05 | 799 |
| तारा: | | | |
| दिन: | 247 | 30 | 460 |
| रात: | 899 | 67 | 467 |

# काटजू अस्पताल में डॉक्टरों ने गर्भवती को लगा दिए 25 पेन किलर इंजेक्शन, प्री-मैच्योर डिलीवरी में बच्ची को दिया जन्म

**कलेक्टोरेट की जनसुनवाई में 127 लोगों ने शिकायती आवेदन पेश कर मदद की लगाई गुहार**

**तबियत बिगड़ी तो हमीदिया कर दिया रेफर, प्राइवेट अस्पताल में पहुंचकर बचाई जान**

हरिभूमि न्यूज ⏩ भोपाल

जवाहर चौक स्थित काटजू अस्पताल में डाक्टरों ने गर्भवती महिला को 25 पैन किलर इंजेक्शन लगा दिए, जिससे महिला ने प्री मैच्योर डिलेवरी में बच्ची को जन्म दिया। हालात बिगड़ती देख डॉक्टरों ने उसे हमीदिया अस्पताल रेफर कर दिया। यहां इलाज नहीं मिलने पर परिजन उसे निजी अस्पताल में भर्ती कराया, जहां उसकी हालात स्थित है। मंगलवार को कलेक्टोरेट की जनसुनवाई में पीड़ति ने डॉक्टरों के खिलाफ शिकायती आवेदन पेश किया।

**महिला के परिजनों ने काटजू के डॉक्टरों पर लगाए आरोप**

इसके साथ जनसुनवाई में 127 लोगों ने शिकायती आवेदन पेश कर मदद की गुहार लगाई।
राजगढ़ के ग्राम तलेन निवासी सोनाली प्रजापति ने बताया कि वह 18 अगस्त को काटजू अस्पताल में




इलाज के लिए आईं थी, जहां डाक्टर ने उन्हें भर्ती कर लिया ओर उपचार के दौरान करीब 25 पैन किलर इंजेक्शन लगा दिए। प्रसव पीड़ा के दौरान उसने 23 अगस्त को एक किलो 565 ग्राम की बच्ची को जन्म दिया।
डाक्टरों ने महिला और बच्ची को 15 दिन तक एमसीयू में भर्ती रखा, लेकिन हालत में सुधार नहीं हुआ तो हमीदिया अस्पताल रेफर कर दिया। यहां उपचार नहीं मिलने से मजबूरी में वह बच्ची को एमपी नगर स्थित एक निजी अस्पताल लेकर पहुंची। महिला ने डॉक्टरों पर कार्रवाई की मांग की है। मामले की जांच सीएमएचओ को सौंपी गई है।

## पार्षद पति ने किसान की जमीन हड़पी

जमुनिया छीर निवासी महेश मेहरा ने बताया कि उनकी करीब 1.32 हेक्टेयर जमीन पर वह 80 साल से खेती कर रहा है। किसान ने बताया कि ग्राम भौंरी के आशीष सिंगरौली और पार्षद करिश्मा मारण के पति विकास मारण ने एक किसान से जमीन खरीदी है। जिस पर वह बिना किसी अनुमति के अवैध कॉलोनी काटकर प्लॉट बेचने की तैयारी कर रहे हैं। दबंगों ने मेरी जमीन पर कब्जा कर 65 फीट चौड़ा रोड निकालने के लिए मुरम डलवा दी है। ऐसे में मेरी कृषि भूमि दबंगों के कब्जे से मुक्त कराई जाए, मामले की जांच हुजूर एसडीएम को सौंपी गई है। वहीं पार्षद पति विकास मारण का कहना है कि वह किसानों के निकलने का पुराना रास्ता है।

### नहीं मिली मुख्यमंत्री कोविड योद्धा राशि

संजय नगर शाहजहांनाबाद निवासी शांति बाई ने बताया कि उनके पति पूरनलाल वार्ड 21 में सफाई कर्मचारी थे। सेवा में रहते हुए कोरोना काल में सफाई कार्य करने और बचाव कार्य के दौरान कोरोना संक्रमित हो गए थे, जिससे उनकी दो सितंबर 2020 को निजी अस्पताल में मौत हो गई थी। इसके बाद भी उनको अब तक मुख्यमंत्री कोविड योद्धा कल्याण योजना के तहत सहायता राशि नहीं मिली है।

**मिसरोद थाना क्षेत्र स्थित पेसिफिक ब्लू रहवासी सोसाइटी के टूटे ताले**

# मिसरोद में एक साथ पांच फ्लैटों में चोरी, सोने चांदी के जेवरात, नकदी समेत सामान गायब


**सीसीटीवी में 3-4 संदिग्ध युवक कैद, रात करीब 2:10 बजे कॉलोनी में घुसते नजर आए**

हरिभूमि न्यूज ⏩ भोपाल

राजधानी के मिसरोद थाना क्षेत्र स्थित पेसिफिक ब्लू रहवासी सोसाइटी में शनिवार की रात चोरों ने बड़ी वारदात को अंजाम दिया। चोर दीवार के तार काटकर कॉलोनी में दाखिल हुए और एक ही रात में तीन ब्लॉकों के पांच फ्लैटों के ताले तोड़ दिए। घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हुई है, जिसमें 3 से 4 संदिग्ध युवक चोरी करते दिखाई दे रहे हैं।
पुलिस का कहना है कि फुटेज में दिखाई दे रहे संदिग्ध युवकों की पहचान के प्रयास किए जा रहे हैं। संभावना है कि चोरों ने पहले रैकी कर यह वारदात की हो। फरियादी राकेश कटारे (45 वर्ष), निवासी इंडस टाउन फेस-3, मिसरोद ने पुलिस को बताया कि वे सोसाइटी में मेंटेनेंस का काम करते हैं। शनिवार को सोसाइटी के अध्यक्ष राकेश तिवारी ने उन्हें फोन कर जानकारी दी कि कॉलोनी की रेलवे पटरी की तरफ की दीवार के तार कटे हुए हैं और कैमरे चेक करने को कहा। जब उन्होंने सीसीटीवी फुटेज देखे, तो उसमें 3-4 अज्ञात युवक रात करीब 2:10 बजे कॉलोनी में घुसते नजर आए। जब राकेश कटारे अन्य रहवासियों के साथ मौके पर पहुंचे, तो पाया कि ब्लॉक बी-02, बी-03 और सी-3 के फ्लैटों के ताले टूटे हुए थे और अंदर सारा सामान बिखरा पड़ा था।

**ब्लॉक बी-02, बी-03 और सी-3 के फ्लैटों में हुई वारदात**










**दिवाली के लिए गांव गए थे लोग**

अरविंद गुप्ता और विकास खरे ने बताया कि वे त्योहार के चलते गांव गए हुए हैं और घर की अलमारी में पुराने इस्तेमाल के सोने-चांदी के जेवर और नकदी रखे थे, जो अब गायब हैं, जबकि अन्य तीन फ्लैटों में केवल सामान अस्त-व्यस्त मिला, लेकिन कोई कीमती चीज नहीं चोरी हुई। फरियादी के मुताबिक सभी फ्लैटों के निवासी दीपावली के कारण बाहर गए थे, जिससे चोरों ने मौके का फायदा उठाया। चोरी की सटीक कीमत अभी निर्धारित नहीं हो पाई है। मिसरोद पुलिस ने फरियादी की शिकायत पर मामला दर्ज कर सीसीटीवी फुटेज के आधार पर जांच शुरू कर दी है।

**कचरा उठाने को लेकर मारपीट का मामला**

## वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस ने कुछ लोगों को हिरासत में लिया

हरिभूमि न्यूज ⏩ भोपाल

एमपी नगर में दीपावली की रात कचरा उठाने को लेकर निगम कर्मियों द्वारा मारपीट का वीडियो वायर होने और मामला दर्ज होने के बाद पुलिस सीसीटीवी फुटेज के आधार पर कुछ लोगों को हिरासत में लिया है। सोमवार को सोशल मीडिया पर सीसीटीवी फुटेज के आधार पर शिकायतकर्ता की शिकायत पर थाना एमपी नगर में मामला दर्ज किया गया है।
शिकायतकर्ता अनूप व्यास (35) मां वैष्णो आर्ट्स एंड ग्राफिक्स नाम से दुकान चलाते हैं। उनके मुताबिक 20 अक्टूबर को पूजा के बाद वह दुकान के बाहर बैठे थे, तभी कचरा गाड़ी वहां पहुंची। ड्राइवर ने पटाखों के कचरे को देखकर गाली-गलौज शुरू कर दी। विरोध करने पर ड्राइवर व उसके साथी व्यास और उनके साले नीरज शर्मा पर झाड़ू के डंडे और बेल्ट से हमला कर भाग गए। इस दौरान एक आरोपी ने खुद को फैजान खान बताते हुए नाम याद रखने की धमकी दी। एमपी नगर थाना प्रभारी जयहिंद शर्मा ने बताया कि कुछ लोगों को हिरासत में लिया गया है। आरोपियों की तलाश की जा रही है।

## विवादों में फंसे फेमस सिंगर अदनान सामी, 17 लाख की ठगी का लगा आरोप, कोर्ट पहुंची इवेंट ऑर्गेनाइजर

**भोपाल**। फेमस बॉलीवुड सिंगर अदनान सामी एक बड़े विवाद में फंस गए हैं। उन पर ग्वालियर की इवेंट ऑर्गेनाइजर लावण्या सक्सेना ने धोखाधड़ी का गंभीर आरोप लगाया है। लावण्या ने जिला न्यायालय में परिवाद दायर करते हुए कहा कि अदनान सामी की टीम ने म्यूजिक कॉन्सर्ट के लिए 17 लाख 62 हजार रुपए एडवांस लिए थे, लेकिन कार्यक्रम को बिना कारण रद्द कर दिया गया, और अब तक राशि वापस नहीं की गई।
लावण्या सक्सेना के अनुसार, कॉन्सर्ट के लिए अदनान सामी और उनकी टीम को एडवांस पेमेंट करने के बाद शो रद्द कर दिया गया। उस समय टीम ने उन्हें आश्वासन दिया था कि जल्द नई तारीख तय की जाएगी, लेकिन न तो नया कार्यक्रम हुआ, न ही एडवांस वापस मिला। पीड़िता ने बताया कि उसने इस संबंध में पहले पुलिस में शिकायत दी थी, लेकिन कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। इसके बाद उन्होंने जिला न्यायालय का रुख किया। अदालत ने इस मामले में इंदरगंज थाना पुलिस और एसपी से स्टेटस रिपोर्ट तलब की है।

## उदीयमान सूर्य को अर्घ्य देकर पूरा किया छठ पर्व

**घाटों पर उमड़े श्रद्धालु, 36 घंटे का निर्जला व्रत पूर्ण**



हरिभूमि न्यूज ⏩ औबेदुल्लागंज

चार दिन तक चली सूर्य उपासना का महापर्व छठ पूजा मंगलवार सुबह उगते हुए सूर्य को अर्घ्य देकर पूर्ण किया। घाटों पर हजारों श्रद्धालुओं ने सुबह भगवान सूर्य को दूध, जल और प्रसाद से अर्घ्य अर्पित किया। इसी के साथ 36 घंटे का निर्जला व्रत पूर्ण हुआ। इस दौरान घाटों पर छठी मैया के भजन गूंजते रहे।
कार्तिक शुक्ल सप्तमी पर छठ महापर्व का आखिरी दिन था। इस अवसर ऊषा जायसवाल, सुनीता जायसवाल, उमा जायसवाल, साधना पांडेय, आरती जायसवाल, सोनल आदि ने उगते सूर्य को अर्घ्य दिया। भोजपुरी समाज के अशोक जायसवाल, लालबाबू जायसवाल, अनिल विश्वकर्मा, एनके मिश्रा आदि ने छठ पूजा में पधारे लोगों का आभार व्यक्त किया।

## नगर परिषद ने अतिक्रमण की तोड़ी दुकानें आज तक नहीं मिली दुकान के लिए जगह

**बेरोजगार युवाओं के सामने रोजी-रोटी का संकट, अधिकारियों से लगा रहे गुहार**

**नगर परिषद में सड़क निर्माण में भारी अनियमितताएं, शिकायत के बाद भी नहीं हुई कार्रवाई**

हरिभूमि न्यूज ⏩ औबेदुल्लागंज

नगर में पांच माह से बेरोजगार घूम रहे पप्पू भैया हिरानिया, राजेंद्र सिंह, सगीर, बाबू नाथ, मुकेश नरेश, आसिफ खान, इरफान, जीतू सेन, राकेश बाथम आदि ने बताया कि गरीबों को आस थी कि दीपावली के बाद इन गरीबों को रोजगार के लिए दुकान लगाने के लिए स्थान दिया जाएगा, मगर औबेदुल्लागंज नगर परिषद, एसडीएम एवं तहसीलदार इन गरीबों की सुन नहीं रहे हैं, जिससे रोजीरोटी का संकट मंडरा रहा है। पार्षदों ने अतिक्रमण तोड़ने में भी भेदभाव का अरोप लगाया है।
नगर के 8 पार्षदों के अनुसार नगर परिषद में 3 साल में टेंट, फोटो, फ्लेक्स और जेसीबी मशीन के भारी भरकम बिल बने। सड़कें बनी और साल भर में ही उखड़ने लगी। अर्जुन नगर में सड़क निर्माण में भारी अनियमितताएं हुईं। पर इसे देखने




वाला कोई नहीं है। नगर के विकास कार्य में परिषद के अधिकारियों की उदासीनता के कारण विकास कार्य धीमी हो गया हैं। वार्ड नंबर 2 में बन रहा ऑडिटोरियम, नगर परिषद के सामने बन रही दुकाने, अमृत 2 योजना के तहत पानी टंकी एवं पाइपलाइन बिछाने का कार्य, नाली, सड़क, पार्क बनाने का कार्य सब धीमी गति से चल रहा है।
भ्रष्टाचार चरम पर है, बिना लेनदेन के नगर पंचायत में कोई काम नहीं होते। नामांतरण, बिल्डिंग परमिशन वाले महीनों परिषद के चक्कर काट रहे हैं, पर काम नहीं हो रहा है। भ्रष्टाचार की शिकायत लोकायुक्त में हो चुकी है। स्वच्छता अभियान पर 3 साल में भारी भरकम खर्च हुआ, जितना खर्च हुआ इतना कार्य नहीं हुआ। नगर परिषद कि सीएमओ किरण रहंगडाले ने फोन पर बताया कि मुझे आए हुए अभी कुछ ही दिन हुए हैं, मै आने वाली शिकायतों पर कार्रवाई करूंगी। उपाध्यक्ष नमिता अग्रवाल ने कहा मैं समय-समय पर आवाज उठाती रही हूं। स्वच्छता अभियान के एम्बेसडर और भाजपा नेता पुरुषोत्तम शर्मा ने बताया कि मेने करीब 50 बार फोन कर नगर की स्वच्छता के बारे में शिकायत की मगर नगर परिषद मे कोई सुनता नहीं है। अर्जुन नगर के वरिष्ठ नेता वचन लोधी, आरती यादव, माखन सेन, धर्मेंद्र चौरसिया, पूर्व पार्षद पदम चौहान, गुड्डू यादव ने बताया कि हम भी कई बार अर्जुन नगर की समस्याओं को उठा चुके हैं, मगर नगर परिषद में कोई सुनने वाला नहीं है।

**मनी लांड्रिंग मामला**

### सौरभ शर्मा को आरोपों से उन्मोचित किए जाने पर फैसला सुरक्षित

**भोपाल**। परिवहन विभाग के जेल में बंद पर्व करोड़पति आरक्षक सौरभ शर्मा के अधिवक्ता दीपेश जोशी द्वारा सौरभ शर्मा को प्रकरण में आरोपों से उन्मोचित किए जाने के आवेदन पर मंगलवार को ईडी के विशेष न्यायाधीश प्रवीण पटेल के न्यायालय में सुनवाई हुई।
विशेष न्यायाधीश ने आदेश आगामी पेशी दिनांक 7 नवंबर के लिए सुरक्षित रख लिया है। वहीं सौरभ शर्मा के साले और प्रकरण के सहआरोपी रोहित तिवारी के अधिवक्ता आकाश तेलंग द्वारा प्रस्तुत किए गए प्रकरण में आरोपों से उन्मोचित किए जाने के आवेदन पर ईडी के अधिवक्ता द्वारा 51 पृष्ठ का उत्तर प्रस्तुत किया गया।

**भोपाल साइबर क्राइम सेल प्रकरण दर्ज कर जालसाजों का पता लगाने में जुटी**

# इंस्टाग्राम रील में ऑनलाइन जॉब का लालच देकर महिला से ठगे 11 लाख रुपए, टास्क के नाम पर खाली किया खाता

**महिला को फंसाने के लिए टास्क पूरा होने के बाद तुरंत बैंक खाते में ट्रांसफर कर देते थे रुपए**

हरिभूमि न्यूज ⏩ भोपाल

राजधानी के कोलार थाना क्षेत्र में रहने वाली एक महिला को ऑनलाइन जॉब का झांसा देकर साइबर जालसाजों ने अपने जाल में फंसाया और बैंक खाते से करीब ग्यारह लाख रुपए निकाल लिए। महिला पहले एक कॉर्पोरेट कंपनी में कार्य करती थी। वर्तमान में घर में रहती है। उसने इंस्टाग्राम रील देखते समय ऑनलाइन जॉब का एक मैसेज देखा और उसी के साथ दी गई लिंक के जरिए जालसाजों के संपर्क में आई थी।
पहले तो जालसाजों ने अपने चंगुल में फंसाने के लिए फटाफट टास्क देते और टास्क पूरा होने के बाद तुरंत महिला के बैंक खाते में पैसे ट्रांसफर कर देते थे। कुछ दिनों बाद टास्क ऐसा देने लगे कि पूरा ही नहीं हो रहा था। इसके कुछ दिन बाद ही अचानक महिला के बैंक खाते से करीब ग्यारह लाख रुपए गायब हो गए। साइबर क्राइम पुलिस के अनुसार 25 वर्षीय दीपा टिलवानी कोलार क्षेत्र में परिवार के साथ रहती हैं। पहले वह एक कॉर्पोरेट कंपनी में कार्य करती थीं। कुछ सप्ताह पहले वह मोबाइल में इंस्टाग्राम पर रील देख रही थी। तभी एक वर्क फ्रॉम होम का विज्ञापन आ गया। वेबसाइट में दिए गए मोबाइल नंबर पर जब संपर्क किया तो अलग-अलग टेलीग्राम चैनलों से जोड़कर ऑनलाइन जॉब दिया गया। महिला को पहले आसान टास्क दिए जाते, जो पूरा कर लेती। टास्क पूरा करने के बाद उसे तय राशि 100-200 रुपए आ जाते। इसके बाद जब महिला को ठगों पर विश्वास हो गया कि वह लाखों कमा सकती है, जो उसने टास्क पूरा करने वाला ऐप डाउनलोड कर लिया।

**एक टास्क में फेल होने के बाद हुई ठगी**

एक टास्क को टीना पूरा नहीं कर पाईं तो उन्हें बताया गया कि टास्क पूरा करने के लिए अब आपको अधिक राशि जमा करनी पड़ेगी। इसके बाद टीना ने तय राशि जमा कर दी। इसके बाद किसी न किसी प्रकार की कमी बताकर टीना का टास्क फेल किया जाने लगा और अपनी मेहनत की राशि प्राप्त करने के लिए टीना जालसाजों की मुंहमांगी रकम बैंक में जमा करने लगीं। इस तरह करीब 50 हजार से अधिक राशि जब टीना की ऑनलाइन टास्क पूरा करने में फंस गए तो उन्होंने टास्क लगाना बंद कर दिया। इसके कुछ दिन बाद देखा तो उनके बैंक खाते से ग्यारह लाख रुपए निकल गए थे। यह राशि अलग-अलग बैंक खातों में जमा की गई है। शिकायत के बाद भोपाल साइबर क्राइम सेल ने अज्ञात के खिलाफ विभिन्न धाराओं में प्रकरण दर्ज कर जालसाजों का पता लगाना शुरू कर दिया है।

## अष्टानिका पर्व आज से, शांतिधारा अभिषेक पूजा कार्यक्रम होंगे



**औबेदुल्लागंज**। बुधवार से अष्टानिका पर्व प्रारंभ हो रहे हैं। नगर के दिगंबर जैन मंदिर मेंन रोड, पार्श्वनाथ जैन मंदिर एवं तामोट जैन मंदिर में अष्टानिका पर्व पर सुबह शांति धारा, अभिषेक, पूजा विधान होंगे। अष्टानिका पर्व पर दिन में तीन समय स्वाध्याय एवं जाप करने से सुख शांति आती है।
समाज के अध्यक्ष सुनील जैन, पंडित लक्ष्मीचंद, मुकेश जैन, डॉ. मीना जैन, अनुराग नीति जैन, तरुण इंद्रा जैन, नरेश दादा, मयूरी आकाश जैन, सुनील वर्धमान, समता जैन, प्रदीप शिरोमणि जैन, दिनेश गुड्डुन, एलसी जैन, पुष्पा जैन, पवन रवि जैन, विनय जैन, रूपेश जैन, तामोट के अरविंद मनोज जैन, पिंकी राजेंद्र जैन आदि अष्टानिका पर्व में भगवान की सेवा करेंगे।

भोजपुरी गीतों से गूंजा पूजा स्थल, माथे से मांग तक विवाहित श्रद्धालु महिलाओं ने भरा सिंदूर

# कमर तक पानी में खड़े होकर उगते सूर्य को सूप-डलिया में ऋतुफल-ठेकुआ का दिया अर्घ्य

## 60 से अधिक घाटों पर पूजा, छठ मैया से पुत्र व पति के आरोग्य के साथ मांगा परिवार का सुख



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

भोजपुरी समाज द्वारा मंगलवार को उदीयमान भगवान आदित्य को अर्घ्य अर्पित कर 36 घंटों का महापर्व का सामान हुआ। सोमवार को डूबते सूर्य को अर्घ्य देने के बाद मंगलवार सुबह भोपाल में 60 से अधिक स्थानों पर उगते सूर्य को श्रद्धालुओं ने सूप और बांस की डलिया में ऋतुफल, ठेकुआ और अन्य सामग्री रखकर अर्घ्य दिया। इसके बाद हवन पूजन कर व्रत पूर्ण किया। वहीं भेल क्षेत्र के दर्जनों स्थानों पर छठ पूजा की गई। भेल क्षेत्र के पिपलानी स्थित गोपाल नगर में मंदिर प्रांगण में बनाए गए कुंड में सैकड़ों श्रद्धालुओं ने भगवान सूर्य को अर्घ्य दिया। इस दौरान महिलाओं ने भोजपुरी गीत गाए जा रहे थे। माथे से मांग तक भरा सिंदूर और सोलह श्रृंगार किए महिलाएं बड़े और छोटे तालाब की लहरों में सूर्योदय का इंतजार कर रही थीं। आकाश में लालिमा छाने लगी, जैसे ही सूर्योदय हुआ श्रद्धालुओं ने भगवान सूर्य को अर्घ्य देकर पुत्र व पति के आरोग्य, सुख समृद्धि की कामना की। इस तरह का नजारा मंगलवार को भोपाल के शीतलदास की बागिया, पिपलानी क्षेत्र के गोपालनगर, वृंदावन गार्डेन व बरखेड़ा गिरजाघर के पास और सरस्वती मंदिर में बने छठ घाट सहित अन्य घाटों पर छठ पर्व उत्साह के साथ मनाया गया। राजधानी में बनाए गए करीब 60 से अधिक छठ घाटों पर गंगा घाट जैसी झलक दिखाई दी। उसके बाद घाट पर संस्था के पदाधिकारी एवं नगर निगम के सहयोग से स्वच्छता अभियान चलाया गया।

### छठ मइया का आशीष लेकर खोला 36 घंटे का निर्जला व्रत



छठी मइया का आशीर्वाद पाकर सुहागिनों ने 36 घंटे का निर्जला व्रत खोला। इसके साथ ही भोजपुरी समाज के छठ पूजा महोत्सव का समापन हो गया। सुहागिनों ने घुटने तक पानी में खड़े होकर उगते हुए सूर्य को गाय के दूध से अर्घ्य दिया और सूप, बांस की डालिया में मौसमी फल गन्ना सहित पूजन सामग्री आदि अर्पित कर सुख समृद्धि की कामना की। छठ पूजा के दूसरे दिन उगते सूरज को अर्घ्य देने के लिए घाटों पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। शीतलदास की बागिया और छोटे तालाब के खटलापुरा, काली मंदिर घाट सहित अन्य स्थानों पर सूर्योदय से पहले ही श्रद्धालु जमा होने लगे थे।

### छठ पूजा स्थलों को जीरो वेस्ट कार्यक्रम बनाया, दोपहर दो बजे तक पूरी तरह कर दी गई सफाई

#### हरिभूमि की टीम ने प्रेमपुरा, शीतलदास की बगिया और खटलापुरा घाट पर देखीं व्यवस्थाएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी में 50 से ज्यादा घाट स्थलों पर छठ पूजा का आयोजन किया गया। इन स्थलों को निगम के स्वास्थ्य अमले ने जीरो वेस्ट कार्यक्रम स्थल बना दिया। मंगलवार को सुबह हुई पूजा के बाद दोपहर दो बजे तक सभी घाटों पर पूरी तरह से सफाई का काम पूरा किया जा चुका था। हरिभूमि की टीम ने प्रेमपुरा, शीतलदास की बगिया और खटलापुरा में सफाई व्यवस्था का जायजा लिया तो दोपहर दो बजे सभी घाट पूरी तरह से साफ-सुथरे नजर आए। शीतलदास की बगिया में केवल एक वाहन निगम का खड़ा मिला वो भी मामूली कचरा एकत्र कर रवानगी की ओर था।

दोपहर एक बजे प्रेमपुरा घाट पूरी तरह से साफ-सुथरा नजर आया। यहां से सफाई अमला अपना काम पूरा करके जा चुका था। खटलापुरा घाट पर भी स्वास्थ्य अमले की टीम सफाई का काम पूरा कर चुकी थी। शीतलदास की बगिया में एक कचरा से भरा वाहन रवानगी की तैयारी में था। वाहन चालक ने बताया कि सफाई का काम तो पूरा हो गया है। वे अपने साथियों का इंतजार कर रहे हैं। निगम आयुक्त संस्कृति जैन ने बताया कि शहर में होने वाले कार्यक्रमों को अब जीरो वेस्ट कार्यक्रम बनाने का काम तेजी से हो रहा है। छठ पूजा स्थलों पर विशेष रूप से इंतजाम किए गए थे।

सरस्वती देवी मंदिर में उदयमान सूर्य को अर्घ्य के साथ संपन्न हुआ छठ, महापर्व

## भक्ति और लोक परंपरा के साथ आस्था का दिखा अनुपम संगम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

बिहार सांस्कृतिक परिषद् द्वारा सरस्वती देवी मंदिर, बरखेड़ा परिसर में चार दिवसीय छठ महापर्व का समापन मंगलवार प्रातःकाल उदीयमान सूर्य को उषा अर्घ्य अर्पण के साथ पूर्ण श्रद्धा, उल्लास एवं पारंपरिक गरिमा के बीच सम्पन्न हुआ। छठ व्रतियों ने प्रातः के स्वच्छ जल में खड़े होकर परिषद् द्वारा निर्मित चारों कुंड में सूर्य देव तथा छठी मैया की आराधना के साथ ही परिवार, समाज तथा राष्ट्र की समृद्धि के लिए उगते सूर्य को अर्घ्य दिया। इससे पूरे वातावरण में भक्ति और उल्लास की लहर दौड़ गई। अंतिम दिन की शुरुआत सुबह-सुबह हुई जब व्रती महिलाएं और पुरुष बांस की टोकरी में फल, ठेकुआ, चावल की लाई, गन्ना और अन्य प्रसाद सजाकर परिषद् परिसर में निर्मित कुंड के किनारे बने घाट पर आए। लोक परंपरा में 'डाला' या 'सूप' तैयार करना एक महत्वपूर्ण रस्म है, जो पीढ़ियों से चली आ रही है। छठ व्रतियों में भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारीगण सहकारिता आयुक्त मनोज पुष्प, अपर कलेक्टर मनोज वर्मा, समाजसेवी कामेश्वर सिंह ने पारंपरिक लोकगायन के बीच श्रद्धालुओं ने ठेकुआ, नारियल, गुड़, हल्दी-अद्रा और मौसमी फलों से भरे सूप से अर्घ्य अर्पित किया।




### 'उग हे सुरुज देव, भइल भिनसरवा'



सूर्योदय के साथ ही भोजपुरी साहित्य अकादमी के सहयोग से पटना के गायक समूह द्वारा छठ गीतों और भजनों की मधुर गूंज ने वातावरण को भावविभोर कर दिया। भजन और लोकगीत इस उत्सव का अभिन्न अंग हैं। श्रद्धालु 'उग हे सुरुज देव, भइल भिनसरवा' जैसे पारंपरिक भजन गाते हुए सूर्य देव की स्तुति करते हैं। ये भजन बिहार, झारखंड और उत्तर प्रदेश की लोक संस्कृति से जुड़े हैं, जहां भोजपुरी, मगही और मैथिली भाषा में गाए जाने वाले गीत भावुकता और भक्ति से ओत-प्रोत हैं। इन गीतों में सूर्य की महिमा, छठ मैया की कृपा और परिवार की खुशहाली की कामना की गई।

### पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देता है यह पर्व

महापर्व छठ पूजा के संयोजक सतेन्द्र कुमार ने बताया कि महापर्व छठ पूजा की खासियत इसकी शुद्धता और सरलता है– कोई मूर्ति पूजा नहीं, केवल प्रकृति की आराधना है। यह पर्व पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देता है, क्योंकि सभी प्रसाद प्राकृतिक और जैविक होते हैं, और जलाशयों और जल के प्राकृतिक स्रोतों की सफाई पर जोर दिया जाता है। वहीं जनमेजय शर्मा, आर के सिंह, एस के चौधरी, रामरतन प्रसाद, पृथ्वीराज सिन्हा, सूर्या कुमार सिंह, सुरुचि कुमार, कृष्णा कुमार राम, अक्षय कुमार राम, रंजीत कुमार राम, प्रवीण कुमार राम, संजीव कुमार, विकास चौधरी, आयुष चौधरी, राजकुमार प्रसाद, राकेश सिंह, नरेंद्र सिंह, मनोज कुमार पाठक, अनंत साहू, राम स्नेही, अनिल यादव, राहुल रंजन, प्रांजल कुमार, दिनेश सिंह, संदीप सिंह, हरिशंकर प्रसाद, अरुण विश्वकर्मा, नितेश कुमार, संजय शाह, सौरभ वर्मा,शुभम पाठक, सौरभ पाठक, सीताराम शाह, प्रभात कुमार एवं कार्यकर्ताओं के सहयोग से कार्यक्रम सफल रहा।

भोजपुरी साहित्य अकादमी की ओर से आयोजित कार्यक्रमों में शहर के छठ घाटों पर घुले कला एवं संस्कृति के रंग

### लोकगीतों और पारंपरिक भजनों की मिठास के साथ उदित होते सूर्य को दिया अर्घ्य, गीतों में छठी मैया से विनती और प्रार्थना

भोपाल। भोजपुरी साहित्य अकादमी द्वारा लोक आस्था के महापर्व सूर्य आराधना पर केन्द्रित छठ पर्व के अंतर्गत मंगलवार को प्रेमपुरा घाट, सैर सपाटा में सुबह जहां एक ओर श्रद्धालु भक्तिभाव के साथ सूर्य देव को अर्घ्य अर्पित कर आराधना कर रहे थे, तो वहीं दूसरी ओर देश की सुप्रसिद्ध गायिका कुसुम पांडेय, मिर्जापुर ने उप्र बिहार की परंपराओं में रचे-बसे गीतों की मिठास घोल दी। कुसुम ने कवने करनवा सूरज कईले देरिया जी.... गीत से भक्ति के रंग बिखेर दिए। इसके बाद पनिया में होके करीला नीहोरा...., धीरे-धीरे हो सासु धीरे-धीरे...., उखिया मंगा लीहनी दऊरा सजा लिहली...., मंगला भवानी के दर्शन करके...., ऊग हो सूरज देव भाईले भी भिनुसार...., माई के दर्शन पाके.... गीतों से श्रद्धाओं को दिव्य भाव से भर दिया।

अलग-अलग सेंटर्स से आए वितरकों ने रखी अपनी बात

## दीपावली मिलन समारोह एवं कार्यकरिणी का हुआ गठन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

दैनिक समाचार पत्र वितरक संघ भोपाल के द्वारा दीपावली मिलन समारोह एवं आम सभा व कार्यकारिणी गठन का कार्यक्रम किया गया। इस कार्यक्रम में भोपाल शहर के अलग-अलग सेंटर से आए वितरक ने अपनी बात रखी।

भगत सिंह अखबार यूनियन के ग्वालियर जिला सचिव प्रदीप (गोलू) ने वितरक साथियों को संबोधित करते हुए कहा हमें अपने संगठन में सही आदर्श स्थापित करना होगा और क्रमबद्ध तरीके से अपनी लड़ाई को लड़ना होगा जिससे हमारी जीत निश्चित हो। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एआईयूटीयूसी के राज्य सचिव रूपेश जैन ने जिला कार्यकारिणी के सदस्यों को शुभकामनाएं दी और कहा अन्याय के खिलाफ लड़ने वाले शुरुआती लोग बहुत ज्यादा नहीं होते किसी न किसी को इसकी शुरुआत करनी होती है और आज भोपाल शहर में सभी वितरक ने यह हिम्मत दिखाई है इसके लिए सभी वितरकों को बधाई। कार्यक्रम का संचालन नरेश यादव किया।

### जिला कार्यकारिणी इस प्रकार है

अध्यक्ष कुंदन सिंह डंगवाल, उपाध्यक्ष अकबर हुसैन, तौफीक अहमद, तरुण जैन, पंकज यादव, राजकुमार राय, रामभजन अहिरवार, प्रांतीय महामंत्री नरेश कुमार यादव, कोषाध्यक्ष पुनीत कोदूलाल पटेल, सचिव गुलशन यादव, वरिष्ठ कार्यकारिणी सदस्य गोविन्द जाटव, मुकेश अहिरवार, संजय राजपूत, प्रेम शंकर बागोरा, दीपक चौकसे, अवध कुमार पटेरिया, दीपक प्रजापति, कार्यकारणी सदस्य धर्मेंद्र द्वारे, संदीप दुबे, जफर खान को सर्वसहमति से चुना गया है।

कृष्ण मंदिरों, गोशालाओं में होंगे कार्यक्रम

## गोपाष्टमी की तिथि में भेद, कुछ लोग आज तो कुछ कल मनाएंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

कार्तिक शुक्ल पक्ष की गोपाष्टमी की तिथि को लेकर असमंजस की स्थिति बनी है। दरअसल तिथि में भेद होने के चलते कुछ लोग 29 तो कुछ लोग गुरुवार यानी 30 अक्टूबर को मनाएंगे। इस दौरान अधिकांश कृष्ण मंदिरों और गोशालाओं में गोपाष्टमी धूमधाम से मनाई जाएगी। गोपाष्टमी पर कृष्ण मंदिरों में विशेष पूजा आराधना की जाएगी। वहीं गोशालाओं में गायों की पूजा अर्चना के लिए विशेष व्यवस्था की गई है। मां चामुंडा दरबार भोपाल पुजारी रामजीवन दुबे ने बताया कि गोपाष्टमी का अपना विशेष महत्व है। पौराणिक मान्यता है कि भगवान कृष्ण ने गोपाष्टमी के दिन से गोचारण शुरू किया गया। श्रीकृष्ण पहली बार गायों को चराने के लिए निकले थे। तब से ही गोपाष्टमी पर गायों का पूजन किया जाता है। श्रीकृष्ण का एक नाम गोपाल भी इसी लिए पड़ा। कार्तिक माह के शुक्ल पक्ष की अष्टमी तिथि का आरंभ 29 अक्टूबर, बुधवार के दिन सुबह 09 बजकर 23 मिनट पर होगा। जिसका समापन 30 अक्टूबर, गुरुवार के दिन सुबह 10 बजकर 06 मिनट पर होगा। ऐसे में उदया तिथि के अनुसार, गोपाष्टमी की पूजा 30 अक्टूबर को मनाई जाएगी।

### ग्वालों का किया जाएगा सम्मान

हलाली डेम स्थित ब्रजमोहन रामकली गो-संरक्षण केंद्र में बुधवार को गोपाष्टमी मनाई जाएगी। केंद्र के सचिव प्रमोद नेमा ने बताया कि जहां 1500 गायों की पूजा व सेवा की जाएगी।

## सत्य सांई संगठन भोपाल ने किया सफाई मित्रों का मान-सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राज्य क्षय हॉस्पिटल ईदगाह हिल्स में सत्य साईं संगठन भोपाल द्वारा सफाई मित्रों का सम्मान किया गया। इस दौरान करीब 32 किलो साईं प्रोटीन जिसे सत्य साईं संगठन की मातृशक्ति द्वारा शुद्धता के साथ शांतिवन में बनाया गया है, जोकि हॉस्पिटल में भर्ती 58 मरीजों के मध्य वितरित किया गया। प्रोटीन वितरण के अलावा प्रत्येक मरीज के साथ कुछ पल बिताए गए, उन्हें स्वच्छता एवं खान पान संबंधी जानकारी संगठन की ओर से दी गई। तो वहीं मरीज को समिति के द्वारा व्यतिगत स्वच्छता किट भी दी गई। इस किट में हेयर ऑयल, कंघी, पावडर, डिटॉल, टूथपेस्ट, टूथ ब्रश आदि है। इसके साथ हर मरीज को सेव फल एवं केले भी वितरित किए गये। इसके बाद स्वच्छता अभियान चलाया गया। तो वहीं हॉस्पिटल में कार्यरत सफाई मित्रों का सम्मान कर किया गया। इस सम्मान में उन्हें भगवान बाबा की भभूति का तिलक कर श्रीफल, माला, एवं महिलाओं को साड़ी एवं पुरुषों की शर्ट पैंट का कपड़ा देकर सम्मानित किया गया।



रेलवे प्रशासन ने यात्रियों की सुविधाओं में की बढ़ोतरी, मिलेगी राहत

## छपरा-लोकमान्य तिलक टर्मिनस और गोमती नगर अनारक्षित स्पेशल ट्रेन संचालित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

रेलवे प्रसाशन द्वारा यात्रियों की सुविधा के लिए छठ पर्व के बाद वापसी यात्रा के लिए गाड़ी संख्या 05051 / 05052 परिचालन किया जा रहा है। 05051 (छपरा लोकमान्य तिलक टर्मिनस/गोमतीनगर मार्ग) 28 अक्टूबर को छपरा से प्रस्थान करेगी। 05052 (लोकमान्य तिलक टर्मिनस गोमतीनगर) 30 अक्टूबर 2025 को लोकमान्य तिलक टर्मिनस से प्रस्थान करेगी।

यह 20 कोच की अनारक्षित पूजा स्पेशल ट्रेन है जोकि एक ट्रिप चलेगी। 05051 छपरा से 20:00 बजे प्रस्थान कर दूसरे दिन बीना 19:30 बजे, रानी कमलापति 22:20 बजे, तीसरे दिन इटारसी 00:02 बजे आगमन कर लोकमान्य तिलक टर्मिनस 12:00 बजे पहुंचेगी। गाड़ी संख्या 05052 लोकमान्य तिलक टर्मिनस से 14:00 बजे प्रस्थान कर अगले दिन इटारसी 03.15 बजे, रानी कमलापति 05.35 बजे, बीना 07.40 बजे आगमन कर गोमतीनगर 16:45 बजे पहुंचेगी।

### अखिल विश्व गायत्री परिवार की ओर से चिंतन शिविर के दूसरे दिन युवाओं ने आत्मीयता और उत्साह से लिया हिस्सा

# राष्ट्र निर्माण के विशिष्ट सूत्रों से युवाओं को कराया रूबरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

अखिल विश्व गायत्री परिवार द्वारा शारदा विहार में चल रहे प्रांतीय युवाओं ने चिंतन शिविर के द्वितीय दिवस उत्साह और आत्मीयता से भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान राष्ट्र निर्माण के विशिष्ट सूत्रों को विस्तारपूर्वक बताया गया। शिविर में गायत्री परिवार के युवा आंदोलन के राष्ट्रीय प्रभारी केदार प्रसाद दुबे ने आत्मवत सर्वभूतेषु के मूल भाव को समझाते हुए कहा कि नवयुग निर्माण का आधार आत्मीयता और सेवा भावना में निहित है। उन्होंने आगामी वर्ष 2026 में गायत्री परिवार की संरक्षिका माता भगवती देवी शर्मा के जन्म शताब्दी समारोह और युगऋषि पं. श्रीराम शर्मा आचार्य द्वारा प्रज्वलित अखंड दीप के शताब्दी समारोह की जानकारी दी। दुबे ने इन दोनों पर्वों को नवयुग सृजन के प्रतीक आयोजन बताते हुए युवाओं से समाज परिवर्तन की दिशा में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया।

**खास बातें**

- वक्ताओं ने कहा नवयुग निर्माण का आधार आत्मीयता और सेवा भावना में निहित है
- युवाओं से समाज परिवर्तन की दिशा में सक्रिय भूमिका निभाने का किया आह्वान


### श्रेष्ठ भारत बनाना हम सभी का एक ही मंत्रः माहेश्वरी



कार्यक्रम में विशेष अतिथि निखिलेश माहेश्वरी प्रांत संगठन मंत्री विद्या भारती मध्य भारत भोपाल उपस्थित रहे। उन्होंने गायत्री परिवार के राष्ट्रोन्मुखी कार्यक्रमों की सराहना करते हुए कहा कि परिवार के साथ उनका जुड़ाव गर्व और प्रेरणा का विषय है। उन्होंने कहा कि भारत के आध्यात्मिक जागरण से भारत का पुनर्जागरण में गायत्री परिवार की अहम भूमिका है। श्रेष्ठ भारत बनाना हम सभी का एक ही मंत्र है। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ और गायत्री परिवार के अखंड दीप एवं गुरु माता का शताब्दी वर्ष एक साथ यह भी संयोग है। शिविर के दौरान गायत्री परिवार के युवा प्रतिनिधि आशीष कुमार सिंह ने आज का युवा कैसा हो विषय पर अपने विचार प्रस्तुत किए। उन्होंने वर्तमान परिप्रेक्ष्य में युवाओं की भूमिका पर प्रकाश डालते हुए कहा कि युवा ही नवसृजन के वास्तविक सूत्रधार हैं, जो समाज में नई ऊर्जा और दिशा ला सकते हैं।

### कुलमी ने समझाया संगठन का महत्व

शांतिकुंज केंद्र में मध्य जोन के केंद्रीय समन्वयक जगदीश कुलमी ने संगठन का महत्व समझाते हुए गायत्री परिवार युग, निर्माण योजना की सूक्ष्म इकाई मंडल के गठन, नियमावली एवं उपयोगिता पर स्पष्ट रूप से मार्गदर्शन दिया। इसी क्रम के अगले सत्र में देव संस्कृति विश्वविद्यालय हरिद्वार के कंप्यूटर विभाग के युवा विभागाध्यक्ष डॉ. गोपाल कृष्ण शर्मा ने एआई- भविष्य एवं संभावनाएं, इस विषय पर रोचक शैली में अपनी बात रखी। उन्होंने अनेक व्यवहारिक उदाहरणों द्वारा युवाओं को यह प्रेरणा दी गई कि जो भी चुनें सही चुनें। भविष्य में आने वाली यह उन्नत तकनीक दो परिणाम सहेजे हुए हैं - तकनीक का सदुपयोग एवं तकनीक का दुरुपयोग। मानवता के विकास एवं कल्याण हेतु हमें इस कृत्रिम बुद्धिमत्ता तकनीक के सदुपयोग सीखने एवं सिखाने होंगे।



# महाकाल लोक थीम पर सजे भव्य मंच पर 84 नृत्यांगनों ने दिया 'आमंत्रण सिंहस्थ का'

## 'अनुगूंज' में 500 विद्यार्थियों ने दी गीत, संगीत, नृत्य और नाट्य की मनभावन प्रस्तुतियां



### 200 सीटर बालक छात्रावास का लोकार्पण

### बच्चों को शिक्षा देने के साथ उनके समग्र विकास के होंगे प्रयास : डॉ. यादव

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव मंगलवार को शासकीय सुभाष उत्कृष्ट विद्यालय भोपाल में आयोजित अनुगूंज कार्यक्रम में शामिल हुए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सुभाष शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय में सुपर-100 योजना में अध्ययन करने वाले 200 सीटर बालक छात्रावास भवन का लोकार्पण भी किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश में उभरती प्रतिभाओं को स्कूल शिक्षा विभाग ने अनुगूंज के माध्यम से सशक्त मंच दिया है,' जो सराहनीय है। स्कूल शिक्षा विभाग बच्चों में शिक्षा के साथ उनके समग्र व्यक्तित्व विकास के लिए प्रतिबद्ध है। डॉ. यादव ने कहा कि सरकारी स्कूलों के विकास के लिए निरंतर नवाचार किए जाते रहेंगे। कार्यक्रम में स्कूल शिक्षा मंत्री उदय प्रताप सिंह, विधायक भगवान दास सबनानी, भोपाल महापौर मालती राय, अध्यक्ष नगर निगम किशन सूर्यवंशी, भोपाल जिला पंचायत के उपाध्यक्ष भी उपस्थित थे।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

महाकाल लोक थीम पर सजे भव्य मंच पर 2028 में उज्जैन में आयोजित होने वाले सिंहस्थ पर आधारित कथक नृत्य प्रस्तुति 'आमंत्रण सिंहस्थ का' में उज्जैन के शासकीय स्कूल की करीब 84 बालिकाओं ने एक साथ मंच पर सिंहस्थ के प्रति आमंत्रण के रुप में अपनी प्रस्तुति दी।

जिसमें 'समुद्र मंथन' के माध्यम से नृत्य प्रस्तुति में देव-दानव संघर्ष, अमृत कलश की प्राप्ति और भगवान शिव द्वारा विषपान जैसे प्रसंगों को जीवंत किया तो वहीं सिंहस्थ की घटना को जीवंत किया। एक भारत-श्रेष्ठ भारत की अवधारणा पर सजी अनुगूंज की इस मनभावन प्रस्तुति को साकार रुप देखने को मिला मंगलवार शाम सुभाष स्कूल में।



### भारतीय लोक और शास्त्रीय धुनों की लय से सजा 'धनक'

कार्यक्रम के प्रथम भाग में सुप्रसिद्ध संगीतकार मॉरिस लाजरस और साथियों द्वारा वाद्य संगीत पर आधारित प्रस्तुति 'धनक' को प्रस्तुत किया, इस वाद्य संगीत रचना में पश्चिमी शास्त्रीय रचनाओं की गूंज, भारतीय लोक और शास्त्रीय धुनों की लय, मणिपुरी और राजस्थानी जैसी क्षेत्रीय लोकधुनों की ऊर्जा तथा आधुनिक फ्यूजन और ऑर्केस्ट्रल सिम्फनी की भव्यता ने मिलकर एक ऐसा अनुभव रचा कि दर्शक ने विविधता में एकता का उत्सव के रुप में इस उत्सव को मनाया।

### खेल भावना पर आधारित 'ताना बाना टूट न जाए'

कार्यक्रम की अंतिम कड़ी में 'ताना बाना टूट न जाए', नाटक का मंचन किया गया। सादात भारती के निर्देशन में तैयार इस नाटक में विलुप्त होते पारंपरिक खेलों के साकार दृश्यों को दर्शाया गया। जिसमें सयानों की सीख भरी नसीहतें भी सीखने को मिलीं।

### दस अवतारों को दर्शाती 'दशावतारम'

इसकी अगली कड़ी भारती होम्बल के निर्देशन में दशावतारम की प्रस्तुति खास रही, संस्कृतिधर्मी जयदेव द्वारा रचित गीत गोविंद पर आधारित इस प्रस्तुति ने भगवान श्री कृष्ण को एक अवतार के बजाय सभी अवतारों के स्त्रोत के रूप में दर्शाया। इस कृति में मीन, कुर्म, वराह, नरसिंह, वामन, परशुराम, राम, बलराम, बुद्ध एवं कल्कि, सभी को भगवान श्री कृष्ण के पृथ्वी पर अवतरित रुप में बेहतरीन नृत्य प्रस्तुति से दर्शाया गया।







---

## खबर संक्षेप

### उनके हिस्से का प्रेम और गरीबनवाज का रवीन्द्र भवन में नाट्य मंचन आज



**भोपाल।** वनमाली सृजनपीठ, रवीन्द्रनाथ टैगोर विश्वविद्यालय एवं स्कोप ग्लोबल स्किल्स यूनिवर्सिटी के द्वारा दिल्ली के प्रसिद्ध संभव आर्ट ग्रुप के दो नाटकों उनके हिस्से का प्रेम और गरीबनवाज का मंचन आज किया जाएगा। इन नाटकों की कहानियां विख्यात साहित्यकार संतोष चौबे द्वारा लिखी गई हैं, जबकि निर्देशन का दायित्व अनुभवी रंगकर्मी देवेन्द्र राज अंकुर ने संभाला है। आयोजन आज शाम 7 बजे से अंजनी सभागार, रवीन्द्र भवन में होगा।

### जलतरंग-चार दिवसीय जलरंग कार्यशाला एवं प्रदर्शनी 6 से

**भोपाल।** कला धारा संस्था द्वारा इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मानव संग्रहालय, भोपाल के सहयोग से "जलतरंग" नामक चार दिवसीय जलरंग कार्यशाला एवं प्रदर्शनी का आयोजन किया जा रहा है। यह आयोजन 6 से 9 नवम्बर तक संग्रहालय परिसर में होगा। कार्यक्रम के प्रथम दो दिन (6–7 नवम्बर) जलरंग कार्यशाला आयोजित होगी, जिसमें कलाकार प्रतिभागियों को मार्गदर्शन देंगे। अगले दो दिन प्रदर्शनी में प्रतिभागियों की कृतियां प्रदर्शित की जाएंगी। कला धारा संस्था का उद्देश्य जलरंग कला को बढ़ावा देना और युवा कलाकारों को सृजनात्मक मंच प्रदान करना है।

## सूफियाना अंदाज में अनुराधा का 'रक्से जुनूं' तो 'चराग-ए-रूहानियत' से सजी गजलें

### रविंद्र भवन में उर्दू अकादमी का 'जश्न-ए-चरागां' आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राग-हंसध्वनि में, 27 चक्करों की परन, वायलिन, घुघरूओं की जुगलबंदी में सूफी परम्परा को नवाचार करती कथक नृत्यांगना वी. अनुराधा सिंह की 'रक्से जुनूं' नृत्य प्रस्तुति। उन्होंने अहमद फराज की गजल रंजिश ही सही... आज जाने की जिद ना करो... हजरत अमीर खुसरो के कलाम ऐ री सखी मोरे पिता घर आए... और छाप तिलक सब छीनी..., से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। इन प्रस्तुतियों का संयोजन देखने को मिला मंगलवार शाम रविंद्र भवन सभागार में आयोजित 'जश्न-ए-चरागां' में। उर्दू अकादमी की निदेशक नुसरत मेहदी ने कहा कि 'चराग-ए-रूहानियत' से हम यह संदेश देना चाहते हैं कि सच्ची रौशनी भीतर से आती है वह रौशनी जो प्रेम, करुणा, सह-अस्तित्व और ज्ञान से संसार को प्रकाशित करती है।



### अनवर हुसैन ने सुनाया मेरी हस्ती पे हैं पहरे कितने ....

कार्यक्रम के दूसरे सत्र में नगमा-ए-रूह के तहत सुप्रसिद्ध गजल गायक अनवर हुसैन, जबलपुर ने अपनी दिलकश और मधुर आवाज में सांगीतिक प्रस्तुति देकर श्रोताओं को झूमने पर मजबूर किया। उन्होंने जो कलाम पेश किये वो निम्न हैं। बसोरे मोरे नैनन में नंदलाल.... मीरा का भजन, लोग हर मोड़ पे रुक-रुक के संभलते क्यों हैं..., प्यार का पहला खत लिखने में वक़्त तो लगता है..., मेरी हस्ती पे जमाने के हैं पहरे कितने .... सुनाकर श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया।

## रामाख्यानों में हनुमान एवं केवट चरित्र पर हुआ संवाद

### जनजातीय संग्रहालय में दो दिवसीय परिसंवाद का समापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

जनजातीय लोककला एवं बोली विकास अकादमी द्वारा जनजातीय संग्रहालय में आयोजित दो दिवसीय परिसंवाद का समापन मंगलवार को हुआ। परिसंवाद के दूसरे दिन रामाख्यानों में हनुमान चरित विषय पर प्रो. पूरनचंद टंडन (नई दिल्ली) ने कहा कि हनुमान वेद, उपनिषद के साथ संगीत के भी ज्ञाता हैं। वाल्मीकि, तुलसीदास एवं अन्य भक्त कवियों ने हनुमान को ऐश्वर्य, धर्म, यश, श्री, ज्ञान एवं वैराग्य जैसे 06 गुणों से संपन्न बताया है। वे अष्ट सिद्धि एवं नवनिधि के भी दाता हैं। हनुमान एक ऐसा चरित्र है जो आराधक से आराध्य बने। वहीं, सांस्कृतिक कार्यक्रम में राजीव शर्मा, उज्जैन ने भक्ति गीतों का गायन किया, उन्होंने श्रीराम चंद्र कृपालु भज मन एवं आते जाते हंसते गाते, राम कहो श्री राम कहो जैसे अनेकों गीतों का गान किया।



### निषादराज केवट प्रेम, करुणा, भक्ति एवं कर्तव्यपारायणता का अनूठा उदाहरण

रामाख्यानों में केवट चरित विषय पर प्रो. आनंदप्रकाश त्रिपाठी (सागर) ने संवाद करते हुए कहा कि निषादराज केवट प्रेम, करुणा, भक्ति एवं कर्तव्यपारायणता का अनूठा उदाहरण है। केवट ने भगवान राम के वनवास के समय अपनी भूमिका का निर्वहन समर्पण भाव से किया।



## तेलुगु फीचर फिल्म के मुहूर्त शॉट का आयोजन भोपाल में

### सुप्रसिद्ध अभिनेता जगपति बाबू, अभिनेत्री लाया, निर्माता-निर्देशक खम्मा रेड्डी हुए शामिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

नूर उस सबा पैलेस में आगामी तेलुगु फीचर फिल्म के मुहूर्त शॉट का आयोजन हुआ। इस अवसर पर मध्यप्रदेश सरकार की ओर से अभिनन्दन किया एवं फ़िल्म की शूटिंग एवं सफलता के लिए शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर बैरसिया विधायक विष्णु खत्री, पी. नरहरि, सुप्रसिद्ध अभिनेता जगपति बाबू , अभिनेत्री लाया, निर्माता निर्देशक खम्मा रेड्डी व किशोर नायडू सहित अन्य कई प्रमुख हस्तियां मौजूद थी




## ब्यूटी पार्लर एसोसिएशन का दिवाली मिलन सेलिब्रेशन




**भोपाल।** ब्यूटी पार्लर एसोसिएशन द्वारा एमपी नगर स्थित निजी होटल में दिवाली मिलन सेलिब्रेशन कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें शहर की करीब 150 ब्यूटीशियन ने शिरकत की और दीवाली मिलन को यादगार बना दिया। रंग बिरंगी वेश भूषा में सजी-धजी इन ब्यूटीशियंस ने जहां एक ओर सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं तो वहीं दीप जलाकर और फुलझड़ी जलाकर इस दिन को और भी खास बना दिया।

### अटल गौरव अलंकरण सम्मान से 102 प्रतिभाएं होंगी सम्मानित

**भोपाल।** अनंत सेवा न्यास और विश्व ब्राह्मण समाज संघ द्वारा पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी की स्मृति में हर वर्ष आयोजित किया जाने वाला "अटल गौरव अलंकरण सम्मान" इस वर्ष भी 28 दिसंबर को रवींद्र भवन में भव्य रूप से आयोजित किया जाएगा। यह आयोजन लगातार 18वें वर्ष संपन्न हो रहा है । विश्व ब्राह्मण समाज संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं अनंत सेवा न्यास के संरक्षक, पं. योगेंद्र महंत ने बताया कि इस वर्ष प्रदेश स्तर पर 51 और राष्ट्रीय स्तर पर 51 प्रतिभाओं को उनके कार्यक्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए "अटल गौरव अलंकरण सम्मान" प्रदान किया जाएगा। इस प्रतिष्ठित सम्मान के लिए 15 नवंबर तक प्रविष्टियां आमंत्रित की गई हैं। अलंकरण के लिए संगीत, कला, साहित्य, चिकित्सा, विधि, शिक्षा, इंजीनियरिंग, प्रशासनिक सेवा, न्यायिक सेवा, सामाजिक, धार्मिक और ज्योतिष विधा से जुड़े व्यक्तित्वों की प्रविष्टियां आमंत्रित की गई हैं।

### भारत भवन में शुरू हुई पांच कलाकारों की सामूहिक चित्र प्रदर्शनी

## 1200 से 1350 ताप पर बनीं सुंदर सुनहरी जनजातीय संस्कृति की शिल्पकृतियां

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल


जनजातीय संस्कृति के साथ साथ गाय, गाड़ी और दूध की केतली का समन्वय दिखातीं शिल्पकृतियां, जिन्हें लगभग 15 दिन में भुनेश्वर से आए कलाकार नरोत्तम दास ने 1200 से 1350 तापमान पर भट्टी में गर्म कर सुनहरा आकार दिया।


.वहीं आत्मिक अनुभूति और ध्यान की गहराई में उतरने का आमंत्रण देती पंकज इटकेलवार की चित्रकृतियों ने दर्शकों को भाव विभोर कर दिया। चित्रकृतियों और शिल्पकृतियां से सजी भारत भवन की रंगदर्शनी दीर्घा में मंगलवार से रंग, रेखा और कल्पना का विलक्षण सामंजस्य देखने को मिला।

मंगलवार से शुरू हुई प्रदर्शनी में नागपुर के पांच सृजनशील कलाकार पंकज इटकेलवार, महेश मानकर, बाबर शरीफ, नरोत्तम दास और कृष्णनाथ पाटिल के समूह चित्र और शिल्पों को प्रदर्शित किया गया। रूपंकर केन्द्र की ओर से संयोजित इस प्रदर्शनी में चित्रों और शिल्पों के माध्यम से कलाकारों ने अपने अंतर्मन की अनुगूंज को रूपायित किया है। प्रदर्शनी का हर चित्र, हर शिल्प अपने भीतर एक अनकही कथा समेटे हुए है।



### प्रकृति और मानव मन के बीच का सामंजस्य





आत्मिक अनुभूति और ध्यान की गहराई में उतरने का आमंत्रण देती हैं। पंकज ने प्रिंट मेकिंग शैली में चित्रों को आकार दिया। उनके रंगों में सौम्यता है, परंतु रेखाओं में एक दृढ़ भावनात्मक प्रवाह। वे प्रकृति और मानव मन के बीच के सामंजस्य को प्रतीकात्मक रूप में उकेरते हैं। पंकज ने सिंबल के रूप में कौआ का उपयोग किया है।

### कैनवास पर विचारों का संगीत

बाबर शरीफ का कलात्मक संसार अमूर्तता का आकर्षक विस्तार है। उनके रंग कभी तीव्रता से फूटते हैं, तो कभी शांति में विलीन हो जाते हैं। वे आकृतियों को ठोस अर्थ देने के बजाय अनुभवों की तरलता में बहने देते हैं, जैसे कैनवास पर विचारों का संगीत बह रहा हो। उनके चित्रों में मानव की खुशियों को सहेज कर रखने की स्मृतियां दिखाई पड़ती है। कृष्णनाथ पाटिल के चित्र रंगों की कोमल तरंगों में बहते हुए आत्मचिंतन का आभास कराते हैं। वे शहरी जीवन के द्वंद्व, मनुष्य के भीतर के संघर्ष और एकांत की नीरवता को सूक्ष्मता से व्यक्त करते हैं।



# 30 साल बाद फिर सिनेमाघरों में दस्तक देगी 'रंगीला'

**मुंबई।** आमिर खान, उर्मिला मातोंडकर और जैकी श्रॉफ स्टारर सुपरहिट फिल्म 'रंगीला' एक बार फिर सिनेमाघरों में दस्तक देने वाली है। अपनी रिलीज के ठीक 30 साल बाद रंगीला सिनेमाघरों में वापसी कर रही है। इस बार दर्शक इस फिल्म को नए 4के एचडी रीस्टोर्ड वर्जन में देखे सकेंगे। रामगोपाल वर्मा द्वारा निर्देशित रंगीला 28 नवंबर को सिनेमाघरों में री-रिलीज होगी। रंगीला साल 1995 में सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। एआर रहमान के संगीत से सजी इस फिल्म में शहरी महत्वाकांक्षाओं और सपनों को दिखाया गया था। फिल्म की कहानी उस वक्त काफी पसंद की गई थी और रंगीला बॉक्स ऑफिस पर भी सफल रही थी।

लाइफ Style


# सोनम

## बॉलीवुड डेब्यू के लिए बेलने पड़े खूब पापड़

एजेंसी ▶▶ मुंबई

अभिनेत्री सोनम बाजवा पंजाबी इंडस्ट्री का बड़ा नाम हैं। इन दिनों उन्हें फिल्म 'एक दीवाने की दीवानियत' में देखा जा रहा है। पंजाबी इंडस्ट्री में अच्छा-खासा काम कर चुकीं सोनम को बॉलीवुड में आने के लिए काफी लंबा इंतजार करना पड़ा। इस बारे में बात कर उनका दर्द छलक आया।

अभिनेत्री सोनम बाजवा ने दावा किया कि हिंदी फिल्म इंडस्ट्री को पंजाब फिल्म इंडस्ट्री में उनके काम के बारे में पता नहीं था। बॉलीवुड के लोगों को वे सिर्फ सिनेमा के लिए एक ग्लैमरस फेस लगीं। एक इंटरव्यू में सोनम ने बताया कि पंजाबी सिनेमा में अलग-अलग तरह की फिल्में करने के बावजूद हिंदी फिल्ममेकर्स को उन्हें उनकी ग्लैमरस इमेज से हटकर देखना मुश्किल लगता था। इसके चलते सोनम को बॉलीवुड डेब्यू से पहले लंबा इंतजार करना पड़ा। सोनम बाजवा ने कहा, 'मैंने इतने वर्षों तक इंतजार किया, ताकि मुझे एक ऐसी हिंदी फिल्म मिले, जिसमें मेरे पास कुछ करने को हो। एक एक्टर के तौर पर भी, न कि सिर्फ इसलिए कि मैं अच्छी दिखती हूं या ग्लैमरस हूं। जब भी मेरे पास ऑफर आते थे, तो हमेशा ऐसा लगता था कि हिंदी सिनेमा में लोगों ने मेरा पंजाबी काम सच में देखा ही नहीं है। इसलिए, उनके लिए मुझे एक नॉन-ग्लैमरस रोल में सोचना भी मुश्किल था'। सोनम बाजवा ने बॉलीवुड फिल्ममेकर्स के बीच लगातार हो रही टाइपकास्टिंग पर नाराजगी जताई, जिससे हिंदी फिल्म इंडस्ट्री में उन्हें परफॉर्मेंस वाले रोल मिलने के मौके कम हो गए हैं।



हॉलीवुड मसाला



# नए लुक में 22 साल के दिख रहे

**लॉस एंजिल्स।** जस्टिन बीबर इन दिनों अपने लुक से चर्चा बटोर रहे हैं। वो सैन डिएगो में अपनी वाइफ हैली बीबर के साथ थे। वो डिजॉन के गानों पर झूम रहे थे। उनके क्लीन शेव लुक पर फैंस मर मिटे हैं। फैंस कह रहे हैं कि वो 22 साल के जवान लग रहे हैं। पॉप आइकन जस्टिन बीबर एक बार फिर चर्चा में हैं। इस बार उन्होंने अपने लुक से सभी का ध्यान खींचा है। वो सैन डिएगो में डिजॉन के कॉन्सर्ट में अपनी वाइफ हैली बीबर के साथ झूम रहे थे। उनके नए लुक से फैंस उनके दीवाने हो गए हैं।



# ए क्रिसमस केरोल से की कॅरियर की शुरुआत

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड की मशहूर अदाकारा जून लॉकहार्ट अब हमारे बीच नहीं रहीं। 100 साल की उम्र में उन्होंने कैलिफोर्निया के सांता मोनिका स्थित अपने घर में आखिरी सांस ली। उनके चेहरे की मुस्कान और आंखों की चमक ने पीढ़ियों तक दर्शकों का दिल जीता। जून लॉकहार्ट उन कुछ अभिनेत्रियों में से थीं जिन्होंने सिनेमा के स्वर्ण युग से लेकर आधुनिक टीवी युग तक, हर दौर में अपनी पहचान बनाए रखी। 1938 में परिवार के साथ उन्होंने 'अ क्रिसमस केरोल' से अपने कॅरियर की शुरुआत की और पहले ही प्रोजेक्ट से दर्शकों को उन्हें इंप्रेस किया था। 1950 और 60 के दशक में जून लॉकहार्ट टीवी की दुनिया का जाना-पहचाना नाम बन चुकी थीं। सीरीज 'लेजी' में उन्होंने रुथ मार्टिन का किरदार निभाया जिसे दर्शकों ने काफी प्यार दिया।



# शाहरुख से मिलना चाहते हैं एनरिक


**मुंबई।** विश्व प्रसिद्ध पॉप स्टार एनरिक इग्लेसियस 21 साल बाद मुंबई में वापसी कर रहे हैं। वह 29 और 30 अक्तूबर को बांद्रा कुर्ला कॉम्प्लेक्स के एमएमआरडीए ग्राउंड्स में कॉन्सर्ट करेंगे। यह वही जगह है जहां उन्होंने 2004 में आखिरी बार प्रदर्शन किया था। उनके प्रशंसक काफी उत्साहित हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, एनरिक, जो बॉलीवुड के बड़े प्रशंसक हैं, इस दौरान शाहरुख खान, गौरी खान और उनके बच्चों-आर्यन, सुहाना और अबराम से मिलने की योजना बना रहे हैं। यह उनकी तीसरी भारत यात्रा है। वे मुंबई की संस्कृति और आध्यात्मिकता को करीब से जानना चाहते हैं। इसके लिए वे कोलाबा कॉजवे, सिद्धिविनायक मंदिर और गांधी संग्रहालय भी जाएंगे। पहले शो के टिकट कुछ ही घंटों में बिक गए हैं, जिसके बाद दूसरा शो भी जोड़ा गया।



# पूरी फीस कैंसर पीड़ित बच्चों को किया दान

**मुंबई।** विवेक ओबेरॉय इन दिनों अपनी कई आगामी फिल्मों को लेकर सुर्खियों में बने हुए हैं। जिनमें नमित मल्होत्रा की 'रामायण', प्रभास के साथ 'स्पिरिट' और फिल्म 'मस्ती 4' शामिल है। नितेश तिवारी द्वारा निर्देशित फिल्म 'रामायण' में विवेक रावण के भाई विभीषण की भूमिका निभाएंगे। विवेक ओबेरॉय ने एक इंटरव्यू में कहा, 'मैंने निर्माता नमित मल्होत्रा से कहा कि मुझे विभीषण की भूमिका के लिए एक पैसा नहीं चाहिए। पूरी फीस मैं कैंसर पीड़ित बच्चों के लिए दान करूंगा। मुझे उनका काम पसंद है और यह फिल्म भारतीय सिनेमा को दुनिया में चमकाएगी। पहली भाग की एडिटिंग पूरी हो गई। शूटिंग जून 2025 में खत्म हुई। अब वीएफएक्स पर 300 दिन काम होगा। पोस्ट-प्रोडक्शन चल रहा है।' विवेक ने फिल्म को लेकर आगे कहा, ''रामायण' एक ऐतिहासिक फिल्म है।

टीवी मसाला



# बाहर आते ही बसीर ने तान्या के गेम को किया एक्सपोज

**नई दिल्ली।** बसीर अली ने शो से बाहर आते ही चुप्पी तोड़ दी है। बाहर निकलते ही उन्होंने एक बातचीत में कई चौंकाने वाले बयान दिए और शो की सच्चाई सामने रखी। उनका कहना है कि घर के अंदर सब कुछ उतना रियल नहीं था, जितना दिखाया गया। एविक्शन पर बात करते हुए बसीर कहते हैं कि वह खुद भी इस नतीजे से शॉक में थे। 'मुझे अब तक यकीन नहीं होता कि मैं एविक्ट हो गया। मुझे नहीं लगता कि ऑडियंस ने मुझे कम वोट दिए। मैंने हमेशा ऑडियंस के लिए सच्चाई से खेला। लेकिन, कई बार रियलिटी शो में रियलिटी पीछे रह जाती है और नैरेटिव जीत जाता है। शायद मेरे साथ भी वही हुआ। मेकर्स का फैसला था। उनके निर्णय को कोई मना नहीं कर सकता, लेकिन दिल में सवाल जरूर हैं। तान्या के गेम पर खुलकर बोलते हुए बसीर ने कहा, 'तान्या बहुत चालाक खिलाड़ी है। वो हर पल सोचती है कि क्या बोलना है, कब रोना है, कब भावुक होना है। उसकी हर हरकत कैमरे के लिए होती है। वो चाहती है कि लोग उसे स्ट्रॉन्ग और इमोशनल समझें, लेकिन असल में वो वैसी नहीं है। घर के अंदर वो ड्रामा करती है, ताकि लोगों को उसकी सहानुभूति मिले। सच्चाई ये है कि तान्या सबसे बड़ी फेक इंसान है। वो अच्छी परफॉर्मर है, लेकिन ईमानदार नहीं। तान्या घर की सबसे बड़ी मैनिपुलेटर है।' बसीर कहते हैं कि आज की दुनिया में सच्चाई को कमजोरी समझा जाता है। 'मुझे हमेशा कहा गया कि थोड़ा डिप्लोमैटिक बनो, लेकिन मैं वैसा नहीं हूं। मैंने जो महसूस किया, वही कहा।

## फिर आया अभिरा -अरमान की जिंदगी में तूफान

**नई दिल्ली।** 'ये रिश्ता क्या कहलाता है' में एक लंबे वक्त के बाद अभिरा और अरमान की जिंदगी में मुश्किलों का दौर खत्म हुआ। लेकिन ,अचानक एक बड़ा तूफान इनकी जिंदगी में आ गया है। एक फेक एआई



वीडियो अभिरा और अरमान का वायरल हो रहा है। अभिरा और अरमान के परिवार को एक अश्लील वायरल वीडियो के बारे में पता चलता है। इस वजह से परिवार में हंगामा हो जाता है। इस बात से अरमान और अभिरा भी परेशान हैं। अरमान को समझ नहीं आ रहा है ये क्या हो रहा है? लेकिन अभिरा जल्द ही समझ जाती है कि यह फेक एआई वीडियो है। अरमान इस वीडियो को इंटरनेट से हटाने की कोशिश में लगा है। अरमान और अभिरा का फेक एआई वीडियो बनाने के पीछे कुछ लड़कों का हाथ है। दरअसल, कुछ दिन पहले अरमान और अभिरा डेट पर गए थे। जहां कुछ बिगड़ैल लड़कों से उनकी तू-तू, मैं-मैं होती है।

# नीसा और ओरी ने रीक्रिएट किया 29 साल पुराना फोटोशूट

**मुंबई।** सिनेमा की दुनिया में रिक्रिएशन बड़ी शै है। पुराने गाने रिक्रिएट होते हैं। फिल्मों में सीन रिक्रिएट होते हैं। अब रिक्रिएशन का नया प्रयोग हाल ही में नीसा देवगन और ओरी ने किया है। नीसा ने ओरी के साथ मिलकर अपनी मां काजोल के करीब 29 साल पुराने बोल्ड फोटोशूट को रिक्रिएट किया है। जिन्हें नहीं मालूम उन्हें बता दें कि साल 1996 में काजोल और दिग्गज अभिनेत्री रेखा ने एक मैगजीन के लिए बेहद बोल्ड फोटोशूट कराया था। इस पर जमकर बवाल हुआ था। उसी फोटोशूट को अब ओरी और नीसा ने रिक्रिएट किया है। ओरी और नीसा ने यह फोटोशूट हैलोवीन से पहले मजाकिया अंदाज में कराया है। नीसा जहां काजोल की जगह पोज देती दिख रही हैं, वहीं ओरी ने दिग्गज एक्ट्रेस रेखा की जगह पोज दिए हैं। ओरी ने इंस्टाग्राम अकाउंट से रिक्रिएशन की वीडियो भी शेयर की है। ओरी कहते दिख रहे हैं, 'हम अपने पसंदीदा लोगों से इंस्पायर्ड एक मजेदार हैलोवीन शूट कर रहे हैं। नीसा ने जवाब दिया, 'मेरी पसंदीदा मेरी मां (काजोल) हैं'। वहीं, ओरी ने कहा, 'और मेरी पसंदीदा हैं द मदर (रेखा)'। नीसा और ओरी ने वह पोज भी दिया है, जिस पर सबसे ज्यादा हंगामा मचा था। दरअसल, मैगजीन के लिए कराए गए फोटोशूट में रेखा और काजोल ने काफी बोल्ड पोज देकर तहलका मचा दिया था। दोनों के एक पोज पर तो इतना हंगामा मचा कि दोनों के खिलाफ भारतीय संस्कृति के साथ खिलवाड़ के आरोप लगे। व्हाइट कलर के एक ही स्वेटर में दोनों अदाकाराओं ने पोज दिए थे।



# लोगों का काम है कुछ न कुछ कहना : यामी गौतम

**मुंबई।** शांत और दृढ़ विश्वास वाले किरदारों को निभाने के लिए मशहूर अभिनेत्री यामी गौतम, अपनी अगली बड़ी रिलीज, 'हक' के लिए तैयार हैं। इसमें उनके साथ इमरान हाशमी भी हैं। ऐतिहासिक शाह बानो मामले से प्रेरित यह फिल्म न्याय, पहचान और आस्था के विषयों पर आधारित है। फिल्म का ट्रेलर रिलीज हो चुका है। फिल्म के ट्रेलर लॉन्च के मौके पर यामी गौतम से पूछा गया कि हाल के वर्षों में उन्होंने जिस तरह की फिल्में चुनी हैं, उनके कारण उन्हें अक्सर 'राष्ट्रवादी' कहा जाता है। इस पर उनका क्या कहना है? इस पर अभिनेत्री ने हंस कर इस लेबल को खारिज कर दिया। राष्ट्रवादी का टैग दिए जाने के बारे में पूछे जाने पर यामी ने कहा, 'लेबल है, मुझे पता भी नहीं है। अगर है तो लोगों का काम है कुछ न कुछ कहना।' उन्होंने कहा, 'ये नहीं तो कुछ और लेबल, फिर कुछ और, फिर कुछ और। पहले कुछ और था। पहले कुछ अंडररेटेड लेबल था। उससे पहले कुछ और था। यह बदलता रहता है। मैं वो सब नहीं जानती हूं।' यामी गौतम ने बताया कि फिल्म 'हक' उनके लिए सिर्फ एक कोर्टरूम ड्रामा नहीं था। यामी ने कहा, 'यह विषय सार्वजनिक जीवन में रहा है। मैं हमेशा सोचती हूं कि शाजिया जैसी महिला को किस तरह की ताकत और साहस की जरूरत रही होगी। अगर मुझे ऐसी महिलाओं की कहानी कहने के मौके मिलते हैं, तो मैं जरूर कहूंगी।'



## रहस्य, डर, फैंटेसी और एक्शन सब कुछ देखने को मिलेगा

# ओटीटी पर इस हफ्ते दस्तक देंगी ये फिल्में और सीरीज

***नई दिल्ली।*** *इस हफ्ते ओटीटी प्लेटफॉर्म पर दर्शकों के लिए मनोरंजन का जबरदस्त धमाका होने जा रहा है। अलग-अलग शैलियों की कई बड़ी फिल्में और वेब सीरीज रिलीज होने वाली हैं, जिनमें रहस्य, डर, फैंटेसी और एक्शन सब कुछ देखने को मिलेगा। नेटफ्लिक्स, अमेजन प्राइम वीडियो, जियोहॉटस्टार और एप्पल टीवी जैसे प्लेटफॉर्म्स पर दर्शकों को इस हफ्ते भरपूर कंटेंट मिलने वाला है।*



**कांतारा चैप्टर 1 :** कन्नड़ फिल्म 'कांतारा' ने पिछले साल सिनेमा जगत में नई पहचान बनाई थी और अब इसका प्रीक्वल 'कांतारा चैप्टर 1' डिजिटल प्लेटफॉर्म पर दस्तक देने जा रहा है। निर्देशक और अभिनेता ऋषभ शेट्टी इस फिल्म में दो अलग-अलग किरदार निभा रहे हैं। कहानी पुराने कालखंड में स्थापित है, जहां 'बूता कोला' परंपरा की जड़ों को दिखाया गया है। इस फिल्म में जयाराम, रुक्मिणी वसंत और गुलशन देवैया जैसे कलाकार भी नजर आएंगे। यह फिल्म 31 अक्टूबर को अमेजन प्राइम वीडियो पर रिलीज होगी।

**लोका चैप्टर 1 :** निर्देशक डॉमिनिक अरुण की मलयालम फिल्म 'लोकाह चैप्टर 1: चंद्रा' इस हफ्ते ओटीटी पर रिलीज होने जा रही है। फिल्म में कल्याणी प्रियदर्शन मुख्य भूमिका निभा रही हैं। कहानी एक रहस्यमयी महिला 'चंद्रा' की है, जो स्वीडन से भारत लौटती है और बेंगलुरु में हो रहे मानव तस्करी के नेटवर्क के खिलाफ लड़ाई छेड़ देती है। महिला सुपरहीरो पर आधारित यह फिल्म मलयालम सिनेमा में एक नया अध्याय खोलती है। फिल्म 31 अक्टूबर को जियोहॉटस्टार पर उपलब्ध होगी।






**इट: वेलकम टू डेरी :** दुनियाभर में मशहूर हॉरर कहानी 'इट' की नई किस्त 'इट: वेलकम टू डेरी' 27 अक्टूबर से जियोहॉटस्टार पर देखने को मिल रही है। यह कहानी 1962 के दशक के उस शहर की है, जहां एक बार फिर जोकर 'पेनीवाइज' का खौफ लौट आता है। डर और रहस्य से भरी इस सीरीज में दर्शकों को पुराने समय की पृष्ठभूमि के साथ हॉरर का गहरा अनुभव मिलेगा।

**हेड्डा :** अमेजन प्राइम वीडियो पर 'हेड्डा' नाम की एक दमदार ड्रामा फिल्म 29 अक्टूबर को रिलीज होने जा रही है। फिल्म की कहानी एक ऐसी महिला के इर्द-गिर्द घूमती है जो सामाजिक बंधनों और निजी इच्छाओं के बीच संघर्ष करती है। इसमें कलाकारों का अभिनय और गहराई से लिखा गया डायलॉग फिल्म को खास बनाता है।

**डाउन सिमेट्री रोड :** ब्रिटिश रहस्य और अपराध पर आधारित सीरीज 'डाउन सिमेट्री रोड' 29 अक्टूबर को एप्पल टीवी पर स्ट्रीम होगी। इस सीरीज में दो महिलाएं एक लापता लड़की की तलाश में निकलती हैं और इस खोज के दौरान एक बड़े रहस्य से पर्दा उठता है।

**द विचर सीजन 4 :** लोकप्रिय फैंटेसी सीरीज 'द विचर' का चौथा सीजन 30 अक्टूबर से नेटफ्लिक्स पर उपलब्ध होगा। इस बार मुख्य किरदार 'गेराल्ट' के रूप में नया चेहरा नजर आएगा। कहानी में युद्धग्रस्त दुनिया, जादू और राजनीतिक साजिशों के बीच येनिफर और सिरी की जुदाई इस सीजन का मुख्य केंद्र है।

## खबर संक्षेप



### कजाकिस्तान ने भारत को बराबरी पर रोका

**नई दिल्ली।** भारत की अंडर-20 महिला टीम ने कजाकिस्तान के शिमकेंट में बीआईआईके स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में दूसरे और अंतिम मैत्री मैच में कजाकिस्तान अंडर-19 के खिलाफ 1-1 से ड्रॉ खेला। दोनों गोल दूसरे हाफ में किए गए। एडेलिया बेक्कोझिना ने 47वें मिनट में मेज़बान टीम को बढ़त दिलाई, जबकि पूजा ने 55वें मिनट में इस दौरे का अपना दूसरा गोल करके स्कोर बराबर कर दिया। भारतीय टीम ने अगले साल होने वाले अंडर-20 महिला एशिया कप की तैयारी के सिलसिले में यह दौरा किया था, जिसमें उसने दो मैत्री मैच खेले। भारत ने शनिवार को पहला मैत्री मैच 3-2 से जीता था।

### ऑस्ट्रेलिया अपना आक्रामक रवैया जारी रखेगा: मार्श

**कैनबरा।** आस्ट्रेलिया के कप्तान मिशेल मार्श जानते हैं कि अति आक्रामक बल्लेबाजी करने की रणनीति हमेशा कारगर साबित नहीं होती लेकिन उन्होंने कहा कि उनकी टीम अगले साल होने वाले टी20 विश्व कप की तैयारियों के



तहत आक्रामक रवैया अपनाना जारी रखेगी। ऑस्ट्रेलिया अगले साल फरवरी-मार्च में भारत और श्रीलंका की मेजबानी में होने वाले विश्व कप की तैयारी के तहत भारत के खिलाफ पांच मैचों की टी20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला खेलेगा। ऑस्ट्रेलिया ने आखिरी बार 2021 में टी20 विश्व कप जीता था जबकि भारत 2024 में चैंपियन बना था। मार्श ने कहा, 'पिछले दो विश्व कप में हम अपेक्षित सफलता हासिल नहीं कर पाए और मुझे लगता है कि हमने एक टीम के रूप में खुद को चुनौती देने की बात की थी, ताकि हम विश्व कप जीत सकें।''

### भारत ने एशियाई रिले के लिए लगाई बोली



**नई दिल्ली।** भारत ने आगामी वर्षों में महाद्वीपीय और वैश्विक प्रतियोगिताओं के आयोजन के अपने प्रयासों के तहत 2028 एशियाई इंडोर एथलेटिक्स चैंपियनशिप और 2026 एशियाई रिले की मेजबानी के लिए बोलियां पेश की हैं। भारत अगर इन प्रतियोगिताओं की मेजबानी हासिल करने में सफल रहा तो यह पहली बार होगा जब देश इन दो महाद्वीपीय प्रतियोगिताओं की मेजबानी करेगा। भारतीय एथलेटिक्स महासंघ (एएफआई) ने 2028 एशियाई इंडोर एथलेटिक्स चैंपियनशिप के लिए भुवनेश्वर को मेजबान शहर के रूप में प्रस्तावित किया है, जबकि 2026 एशियाई रिले के लिए स्थल अभी तय नहीं हुआ है। एएफआई के एक शीर्ष अधिकारी ने बताया, 'हमने 2028 एशियाई इंडोर एथलेटिक्स चैंपियनशिप के लिए भुवनेश्वर को मेजबान शहर के तौर पर बोली प्रस्तुत की है।

### सोफी की फिटनेस को लेकर इंग्लैंड परेशान

**गुवाहाटी।** दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ महिला एकदिवसीय विश्व कप सेमीफाइनल से पहले इंग्लैंड अपनी सबसे अधिक विकेट लेने



वाली गेंदबाज सोफी एकलेस्टोन की फिटनेस को लेकर परेशान है। बाएं हाथ की इस स्पिनर को क्योंकि लेफ्ट आर्म स्पिनर को 'कॉलर बोन के पास के जोड़ में मामूली चोट' लगी है। एकलेस्टोन अब तक टूर्नामेंट में इंग्लैंड की सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज रहीं हैं। उन्होंने छह मैच में 12 विकेट लिए हैं। ईसीबी ने कहा, 'सोफी एकलेस्टोन के बाएं कंधे के एनआरआई स्कैन के नतीजों से पता चला है कि उनके कॉलर बोन के पास के जोड़ में मामूली चोट है।

# गुकेश ने नाकामुरा को हराया, 'किंग थ्रो' विवाद का हिसाब किया बराबर

एजेंसी ▶▶| सेंट लुईस

विश्व शतरंज चैंपियन डी गुकेश ने अमेरिका के सेंट लुईस में आयोजित क्लच चेस चैंपियंस शोडाउन 2025 में अमेरिकी ग्रैंडमास्टर हिकारु नाकामुरा को रैपिड फॉर्मेट में हराकर मिनी मैच अपने नाम किया। यह जीत सिर्फ एक मुकाबले की नहीं थी, यह उस विवाद का जवाब भी थी, जिसने कुछ हफ्ते पहले शतरंज जगत को हिला दिया था।

दरअसल, कुछ समय पहले दोनों के बीच खेले गए मुकाबले के दौरान नाकामुरा ने गुकेश को हराने के बाद उनका किंग मोहरा उठाकर दर्शकों की ओर फेंक दिया था, जिससे भारी विवाद खड़ा हो गया था।

### गुकेश ने शालीनता से जीता दिल

गुकेश ने राउंड 2 के पहले गेम में काले मोहरों से खेलते हुए शानदार रणनीति के साथ जीत दर्ज की। इसके बाद सभी की नजरें उनके रिएक्शन पर थीं। लेकिन गुकेश ने अपनी भावनाओं पर काबू पाते हुए शांति से बोर्ड को रीसेट किया, मोहरों को उनकी जगह पर रखा और नाकामुरा से हाथ मिलाया। उनकी इस प्रतिक्रिया ने प्रशंसकों का दिल जीत लिया। सोशल मीडिया पर भी इसका वीडियो काफी तेजी से वायरल है। प्रशंसकों का कहना है कि 'गुकेश ने खेल भावना की मिसाल पेश की'।



### क्या है 'किंग थ्रो' विवाद?

**'चेकमेट : भारत बनाम अमेरिका'** प्रदर्शनी इवेंट का हाल ही में टेक्सास के आर्लिंगटन में आयोजन किया गया था। इस दौरान अमेरिकी ग्रैंडमास्टर हिकारु नाकामुरा ने भारत के युवा ग्रैंडमास्टर और विश्व चैंपियन डी गुकेश को हराने के बाद उनके राजा के मोहरे को दर्शकों की ओर फेंक दिया। इस निंदनीय कदम ने सोशल मीडिया पर चर्चा और आलोचना का तूफान खड़ा कर दिया।

### आयोजकों ने पहले से बनाई थी योजना

हालांकि बाद में यह रिपोर्ट सामने आई कि राजा के मोहरे को फेंकने की हरकत आयोजकों ने पहले से ही योजना बनाई थी। प्रसिद्ध शतरंज विशेषज्ञ लेवी रोजमन ने बताया, 'बिना संदर्भ के यह एक अप्रत्याशित और असम्मानजनक हरकत लग सकती है। लेकिन आयोजकों ने हमें इसे करने के लिए प्रोत्साहित किया था। मुझे याद है कि अगर मैंने या सागर शाह ने जीत हासिल की, तो हमें राजा के मोहरे को तोड़ना था। यह सब मनोरंजन के लिए था। गुकेश और हिकारु के मैच का विजेता राजा के मोहरे को दर्शकों में फेंकता। मुझे नहीं पता कि गुकेश ऐसा करते या नहीं। हिकारु ने बाद में गुकेश से बात की और बताया कि यह केवल शो के लिए था और कोई अपमान नहीं था।'

दोनों टीम ने पिछले 10 टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों में 8 जीते और एक-एक मैच हारे

# भारत-ऑस्ट्रेलिया के बीच टी 20 जंग आज से, फॉर्म में लौटने को बेताब सूर्यकुमार

एजेंसी ▶▶| कैनबरा

पिछले कुछ समय से रन बनाने के लिए जूझ रहे भारतीय कप्तान सूर्यकुमार यादव ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 29 अक्टूबर बुधवार को होने वाले पहले टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में फॉर्म में लौटने की कोशिश करेंगे। दोनों टीम ने अपने पिछले 10 टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों में से आठ जीते हैं और एक-एक मैच हारे हैं, इसलिए मुकाबला बराबरी का होने की उम्मीद है। भारत का एक मैच टाई रहा, जबकि ऑस्ट्रेलिया का एक मैच बारिश की भेंट चढ़ गया था। सूर्यकुमार का रन नहीं बना पाना टीम के लिए चिंता का विषय हो सकता है लेकिन अन्य खिलाड़ियों ने अभी तक अच्छा प्रदर्शन किया है और वे ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ भी बेहतर खेल दिखाने के लिए वह प्रतिबद्ध होंगे।

आज दोपहर 1:45 बजे से शुरू होगा मुकाबला



### टी20 में पावरप्ले अहम : सूर्यकुमार

भारतीय कप्तान सूर्यकुमार यादव ने कहा कि पांच मैचों की टी20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला में पावरप्ले के ओवर काफी महत्वपूर्ण होंगे और तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह की मौजूदगी से मैच के इस समय में उनकी टीम की संभावनाएं बढ़ जाएंगी। सूर्यकुमार ने कहा कि ऑस्ट्रेलिया की आक्रामक खेल शैली के सामने बुमराह का होना हमेशा से उनकी टीम के लिए फायदेमंद रहा है। सूर्यकुमार ने कहा, 'पावर प्ले में गेंदबाजी करना हमेशा चुनौती होती है। हमने देखा है कि वे (ऑस्ट्रेलिया) वनडे श्रृंखला और टी20 विश्व कप में किस तरह से खेले। पावर प्ले हमेशा महत्वपूर्ण होता है।'

### अभिषेक के लिए नई चुनौती



सलामी बल्लेबाज अभिषेक शर्मा के लिए ऑस्ट्रेलियाई पिचों पर अतिरिक्त उछाल से निपटना एक नई चुनौती होगी और इसलिए कप्तान का योगदान और भी महत्वपूर्ण हो जाता है। मनुका ओवल की पिच पर उछाल होने के कारण सूर्य कुमार को अधिकतम लाभ हासिल करने का मौका मिलेगा, लेकिन जोश हेजलवुड उनके लिए परेशानी खड़ी कर सकते हैं।

### बुमराह की मौजूदगी महत्वपूर्ण कारक



भारत के गेंदबाजी आक्रमण की बात करें तो जसप्रीत बुमराह की मौजूदगी और वरुण चक्रवर्ती की चतुराई महत्वपूर्ण कारक होंगे। वरुण, कुलदीप यादव और अक्षर पटेल के 12 ओवर तथा बुमराह और अर्शदीप के शुरुआती स्पैल ट्रेविस हेड और खतरनाक मिशेल मार्श के खिलाफ काफी महत्वपूर्ण होंगे।

### सूर्य ने 10 पारियों में सिर्फ 100 रन ही बनाए

मुख्य कोच गौतम गंभीर ने सूर्या का खुलकर समर्थन किया और उनका मानना है कि कप्तान का लगातार कम स्कोर पर आउट होना चिंता का विषय नहीं है। सूर्यकुमार हालांकि बड़ी पारी खेलने के लिए बेताब होंगे। सूर्यकुमार यादव ने 2023 में 18 पारियों में लगभग 156 के स्ट्राइक रेट से 733 रन बनाए थे, जिसमें दो शतक और पांच अर्धशतक शामिल थे। उन्होंने 2024 में 151 के स्ट्राइक रेट से 450 से थोड़ा कम रन बनाए, लेकिन 2025 में अब तक भारतीय कप्तान 10 पारियों में 11 रन प्रति मैच की औसत से केवल 100 रन ही बना पाए हैं। उनका स्ट्राइक रेट 105 से अधिक है, जिससे यह पता चलता है कि भले ही उन्हें रन बनाने में संघर्ष करना पड़ा है, लेकिन उन्होंने अपनी आक्रामक रणनीति को पूरी तरह से नहीं छोड़ा है।

### टी-20 विश्व कप के लिए भारत की तैयारी की शुरुआत

ऑस्ट्रेलिया श्रृंखला अगले साल की शुरू होने वाले टी-20 विश्व कप के लिए भारत की वास्तविक तैयारी की शुरुआत है, जिसमें उसे 15 मैच खेलने हैं। लेकिन यह कहा जा सकता है कि इस श्रृंखला के परिणाम का कोई बड़ा प्रभाव नहीं पड़ेगा, क्योंकि दक्षिण अफ्रीका और न्यूजीलैंड के खिलाफ अगले 10 मैच घरेलू परिस्थितियों में खेले जाएंगे।

### टीमें इस प्रकार

**भारत :** सूर्यकुमार यादव (कप्तान), अभिषेक शर्मा, शुभमन गिल (उपकप्तान), तिलक वर्मा, नितीश कुमार रेड्डी, शिवम दुबे, अक्षर पटेल, जितेश शर्मा (विकेटकीपर), वरुण चक्रवर्ती, जसप्रीत बुमराह, अर्शदीप सिंह, कुलदीप यादव, हर्षित राणा, संजू सैमसन (विकेटकीपर), रिंकू सिंह, वाशिंगटन सुंदर।

**ऑस्ट्रेलिया:** मिशेल मार्श (कप्तान), सीन एबॉट, जेवियर बार्टलेट, महली बियर्डमैन, टिम डेविड, बेन ड्वार्शिस, नाथन एलिस, जोश हेज़लवुड, ग्लेन मैक्सवेल, ट्रैविस हेड, जोश इंगलिस, मैथ्यू कुहनेमन, मिशेल ओवेन, जोश फिलिप, तनवीर संघा, मैथ्यू शॉर्ट, मार्कस स्टोइनिस।

विमेंस वनडे रैंकिंग

# स्मृति ने हासिल की कॅरियर की सर्वश्रेष्ठ रेटिंग, नंबर-1 पर कायम

एजेंसी ▶▶| दुबई

सलामी बल्लेबाज स्मृति मंधाना ने घरेलू विश्व कप में शानदार प्रदर्शन के दम पर कॅरियर की सर्वश्रेष्ठ रेटिंग हासिल करने के साथ महिला वनडे क्रिकेट में शीर्ष बल्लेबाज के रूप में अपनी स्थिति मजबूत कर ली।

बाएं हाथ की इस 29 साल की बल्लेबाज ने पिछले दो मैचों में न्यूजीलैंड के खिलाफ 109 और बांग्लादेश के खिलाफ नाबाद 34 रन बनाए हैं।

इन पारियों के बाद उनके नाम 828 रेटिंग अंक हो गए, जो दूसरे स्थान पर मौजूद ऑस्ट्रेलिया की ऐश गार्डनर (731) से 97 अंक अधिक हैं। गार्डनर ने इंग्लैंड के खिलाफ अपने नाबाद शतक के बाद छह स्थानों की छलांग लगाई। मंधाना को इससे पहले सितंबर 2025 के लिए 'आईसीसी-महीने का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी' चुना गया था।



### प्रतिका शीर्ष 30 में


चोट के कारण विश्व कप के बाकी मैचों से बाहर हुई भारतीय सलामी बल्लेबाज प्रतिका रावल 564 की रेटिंग के साथ शीर्ष 30 (27वें स्थान) में पहुंच गईं। इस विश्व कप में स्पिन की अहम भूमिका रही है और कई गेंदबाजों ने शानदार प्रदर्शन के बूते अपनी रैंकिंग में सुधार किया है।

### सोफी वनडे गेंदबाजी रैंकिंग में शीर्ष पर

इंग्लैंड की सोफी एकलेस्टोन महिला वनडे गेंदबाजी रैंकिंग (747) में शीर्ष पर बनी हुई हैं। एकलेस्टोन को ऑस्ट्रेलिया की लेग स्पिनर अलाना किंग से कड़ी टक्कर मिल रही है। उन्होंने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ सात विकेट लिए थे। किंग ने अपने करियर की सर्वोच्च रेटिंग 698 के साथ पांच स्थान की छलांग लगाई, जिससे उनकी टीम की साथी गार्डनर एक स्थान फिसलकर तीसरे (689) स्थान पर आ गईं। पाकिस्तान की नशरा संधू दक्षिण अफ्रीका की बायें हाथ की स्पिनर नॉनकुलुलेको म्लाबा (610) के साथ संयुक्त रूप से 10वें स्थान पर रहीं, जबकि तेज गेंदबाज मारिजन काप और सदरलैंड भी एक-एक स्थान के सुधार के साथ क्रमशः चौथे और सातवें स्थान पर पहुंच गईं।

फुटबॉल

# दो महीने मैदान से बाहर रहेंगे रियल मैड्रिड के स्टार खिलाड़ी कार्वाजल




एजेंसी ▶▶| मैड्रिड

रियल मैड्रिड को एफसी बार्सिलोना के खिलाफ जीत की भारी कीमत चुकानी पड़ी है। मैड्रिड के डिफेंडर दानी कार्वाजल को घुटने में चोट लगी है, जिसके बाद अब वह 2026 की शुरुआत तक मैदान से बाहर रहेंगे। रियल मैड्रिड ने बार्सिलोना पर 2-1 जीत दर्ज की थी, लेकिन इस दौरान टीम का यह डिफेंडर चोटिल हो गया। अब दानी कार्वाजल को ठीक होने में लगभग दो महीने का समय लगेगा। रियल मैड्रिड की आधिकारिक वेबसाइट ने बताया, 'रियल मैड्रिड की मेडिकल टीम ने दानी कार्वाजल की जांच की, जिसमें उनके दाएं घुटने के जोड़ में एक 'लूज बॉडी' पाया गया है। डिफेंडर अब 'आर्थ्रोस्कोपी सर्जरी' से गुजरेंगे।

### लगभग 10 मैच मिस कर सकते हैं दानी

स्पेन के इस अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी को मांसपेशियों में चोट के कारण एक महीने तक खेल से बाहर रहना पड़ा था, जिसके बाद बार्सिलोना के खिलाफ दूसरे हाफ में स्थानापन्न के रूप में वापसी की। अगर रिकवरी टाइमलाइन सही रही, तो कार्वाजल 2025 में फिर से नहीं खेल पाएंगे। ऐसे में दानी लगभग 10 मैच मिस कर सकते हैं, जिनमें से 7 ला लीगा और 3 चैंपियंस लीग के मुकाबले होंगे। 33 वर्षीय खिलाड़ी को घुटने के लिगामेंट में चोट के कारण 2024-25 में लगभग पूरे सीजन बाहर रहना पड़ा था। वह मौजूदा सत्र की शुरुआत में ही मैदान पर लौटे, ताकि टीम में नए शामिल हुए ट्रेंट अलेक्जेंडर-अर्नोल्ड के साथ राइट-बैक की जगह के लिए प्रतिस्पर्धा कर सकें।

# कलकल ने रचा इतिहास, फ्री स्टाइल में जीता गोल्ड, उज्बेकिस्तान के पहलवान को हराया

एजेंसी ▶▶| नोवी साद

भारतीय पहलवान सुजीत कलकल ने अंडर-23 विश्व कुश्ती चैंपियनशिप में पुरुषों की फ्री स्टाइल 65 किग्रा वर्ग में स्वर्ण पदक जीता। सुजीत ने खिताबी मुकाबले में उज्बेकिस्तान के उमिदजोन जालोलोव को एकतरफा अंदाज में 10-0 से हराया। दोनों पहलवानों के बीच यह मुकाबला चार मिनट 54 सेकेंड तक चला, जिसके बाद रेफरी ने भारतीय पहलवान को विजेता घोषित किया।

सुजीत ने इस तरह उज्बेकिस्तान के पहलवान पर तकनीकी श्रेष्ठता के आधार पर जीत दर्ज की। इससे पहले सुजीत ने कभी विश्व खिताब नहीं जीता था, लेकिन उन्होंने 2022 और 2025 में अंडर-23



एशिया खिताब और 2022 में अंडर-20 एशियन चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक अपने नाम किया था। सुजीत ने पिछले साल इसी चैंपियनशिप में कांस्य पदक जीता था, लेकिन इस बार वह पदक का रंग बदलने में सफल रहे।

# आईसीयू से बाहर आए अय्यर, हालत स्थिर

**नई दिल्ली।** भारत की वनडे टीम की उप कप्तान श्रेयस अय्यर को सिडनी के एक अस्पताल की गहन चिकित्सा इकाई (आईसीयू) से बाहर स्थानांतरित कर दिया गया है और उनकी हालत स्थिर है, जिससे उनके स्वास्थ्य को लेकर चिंता कम हो



गई है। उन्हें तिल्ली की चोट (स्प्लीनिक रप्चर) और पसली में चोट के कारण अस्पताल में भर्ती कराया गया था। बीसीसीआई के सूत्र ने बताया, 'उन्हें आईसीयू से बाहर स्थानांतरित कर दिया गया है और सिडनी के अस्पताल से छुट्टी मिलने में उन्हें कुछ दिन और लग सकते हैं।' ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सिडनी में खेले गए तीसरे एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच के दौरान हर्षित राणा की गेंद पर एलेक्स कैरी का मुश्किल कैच लेने की कोशिश में अय्यर को बाईं पसली के निचले हिस्से में चोट लग गई थी। शुरुआत में वह फिजियो की मदद से मैदान से बाहर चले गए, लेकिन बाद में उनकी हालत बिगड़ गई, जिसके कारण उन्हें तुरंत अस्पताल में भर्ती कराना पड़ा। बाद में किए गए परीक्षणों से पता चला कि तिल्ली में चोट लगने के कारण आंतरिक रक्तस्राव हुआ था, जिसके बाद उन्हें गहन निगरानी के लिए आईसीयू में भर्ती कराया गया।

आज दोपहर 3 बजे से महिला वनडे विश्व कप का सेमीफाइनल मैच

# इंग्लैंड के खिलाफ द. अफ्रीका को दिखाना होगा दम

एजेंसी ▶▶| गुवाहाटी

लीग चरण में कुछ करीबी जीत हासिल करके सेमीफाइनल में जगह बनाने वाली दक्षिण अफ्रीका की टीम को महिला वनडे विश्व कप के अंतिम चार के मुकाबले में अगर चार बार के चैंपियन इंग्लैंड के सामने कड़ी चुनौती पेश करनी है तो उसके बल्लेबाजों को अच्छा प्रदर्शन करना होगा। दक्षिण अफ्रीका को लीग चरण में जिन दो मैच में हार का सामना करना पड़ा था, उन दोनों में उसके बल्लेबाज नाकाम रहे। इन दोनों अवसरों पर उसकी बल्लेबाजी स्पिन के सामने बिखर गई।

अपने पहले मैच में 69 रन पर आउट होने के बाद निराश दक्षिण अफ्रीका की टीम ने अच्छी वापसी की तथा न्यूजीलैंड, भारत, बांग्लादेश, श्रीलंका और पाकिस्तान पर करीबी जीत दर्ज




करके सेमीफाइनल में पहुंचने में सफल रही। स्पिनरों के सामने उसके बल्लेबाजों का संघर्ष ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ अंतिम लीग खेल में फिर से सामने आया, जिसने उन्हें 24 ओवरों में सिर्फ 97 रन पर ढेर कर दिया।

### इंग्लैंड की एलिस कैप्सी अच्छी लय में

इंग्लैंड एक बार फिर दक्षिण अफ्रीका की इस कमजोरी का फायदा उठाने की कोशिश करेगा और दक्षिण अफ्रीकी बल्लेबाजों को रोकने के लिए न केवल अपनी ऑलराउंड ताकत पर बल्कि अपनी स्पिन तिकड़ी सोफी एक्लेस्टोन, लिंसे स्मिथ और चार्ली डीन पर भी निर्भर करेगा। तेज गेंदबाज लॉरेन बेल को शुरू में दबाव बनाना होगा, जबकि एलिस कैप्सी अच्छी लय में हैं। उन्होंने टूर्नामेंट में अब तक पांच विकेट लिए हैं। इंग्लैंड के लिए हालांकि स्टार स्पिनर एक्लेस्टोन की चोट चिंता का विषय बनी हुई है। वह रविवार को न्यूजीलैंड के खिलाफ खेले गए मैच के दौरान क्षेत्ररक्षण करते समय चोटिल हो गई है। इंग्लैंड को उम्मीद है कि वह दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ मैच तक पूरी तरह फिट हो जाएगी। इंग्लैंड इस मुकाबले में आत्मविश्वास के साथ उतरेगा, क्योंकि उसने इसी मैदान पर अपने पहले मैच में दक्षिण अफ्रीका को 10 विकेट से हराया था।

### द. अफ्रीका के बल्लेबाजों में निरंतरता का अभाव

दक्षिण अफ्रीका की कप्तान लॉरा वोल्वार्ड्ट ने अब तक सात मैचों में 50.16 की औसत से 301 रन बनाए हैं लेकिन उनको छोड़कर टीम के अन्य बल्लेबाजों के प्रदर्शन में निरंतरता का अभाव रहा है। इंदौर में भारत के खिलाफ 101 रन की पारी खेलने वाली ताज़मिन ब्रिट्स उसके बाद से तीन बार शून्य पर आउट हुई हैं। उन्होंने विश्व कप से पहले लगातार तीन शतक लगाए थे और दक्षिण अफ्रीका को उनसे इस महत्वपूर्ण मुकाबले में ठोस शुरुआत देने की उम्मीद होगी। सुने लुस (157 रन) और मारिज़ान काप (162 रन) भी लगातार अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाई हैं, जिससे टीम की बल्लेबाजी की समस्या और बढ़ गई है।




एसआईआर से होगी स्थानांतरित, मृत और एक से अधिक स्थानों पर पंजीकृत मतदाताओं की पहचान

# चुनाव आयोग ने प्रदेश में एसआईआर की तैयारियां की शुरू, प्रमुख राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मध्य प्रदेश में भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश पर निर्वाचक नामावली के गहन पुनरीक्षण की तैयारियां शुरू कर दी है। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने भोपाल में मंगलवार को सभी मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक की। जिसमें भारतीय जनता पार्टी से भगवानदास सबनानी और एस.एस उत्पल शामिल हुए। इंडियन नेशनल कांग्रेस से जे.पी धनोपिया और आम आदमी पार्टी से सुमित सिंह चौहान शामिल हुए। बहुजन समाज पार्टी, कम्यूनिस्ट पार्टी ऑफ इंडिया और नेशनल पीपूल्स पार्टी के प्रतिनिधि नहीं शामिल हुए। सभी 230 विधानसभा सीटों में अब मतदाता सुची की जांच होगी। वोटर लिस्ट की गहनता से जांच और फिर वेरिफाई करने के लिए बूथ लेवल ऑफिसर मतदाताओं के घर-घर जाकर फॉर्म बांटेंगे। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी राम प्रताप सिंह जादौन ने चुनाव आयोग के फैसलों की जानकारी देते हुए बताया कि बीएलओ एक घर तीन बार जाएंगे।




कलेक्टर, एसडीएम, एडीएम, तहसीलदार, बीएलओ सहित वोटर लिस्ट के अपडेशन से जुड़े अफसर कर्मचारियों की ट्रेनिंग कराई जा चुकी है। संदिग्ध लोगों से दस्तावेज मांगे जाएंगे। एसआईआर में कई जगह बड़ी संख्या में लोगों के नाम वोटर लिस्ट से हटेंगे। एसआईआर की प्रक्रिया में ईआरओ, बीएलओ शामिल रहेंगे। नए मतदाता के नाम जोड़ने के लिए फॉर्म -6 और घोषणा प्रपत्र एकत्र कर मिलान होगा।

मिलान के लिए पिछले एसआईआर की मदद ले सकते हैं। शहरी या अस्थायी रूप से स्थानांतरित मतदाता इलेक्ट्रोरल फॉर्म ऑनलाइन भर सकते हैं। मृत, स्थाई रूप से स्थानांतरित और एक से अधिक स्थानों पर पंजीकृत मतदाताओं की पहचान की जाएगी। इलेक्टोरल फॉर्म मिलने पर प्रारूप सूची में नाम शामिल होगा। मिलान या लिंकिंग नहीं होने की दशा में निर्वाचकों को नोटिस दिया जाएगा। इनकी सुनवाई कर पात्रता निर्धारित की जाएगी। जिसके बाद ही सूची में नाम जोड़ने या हटाने पर फैसला लिया जाएगा। जिला मजिस्ट्रेट , ईआरओ के निर्णय के खिलाफ पहली अपील सुनी जाएगी। मुख्य निर्वाचन अधिकारी के निर्णय के खिलाफ की गई दूसरी अपील सुनी जाएगी।

## भोपाल सडिपुका ने छह माह में 611 कोचों का किया अनुरक्षण



**भोपाल।** पश्चिम मध्य रेलवे के सवारी डिब्बा पुनर्निर्माण कारखाना भोपाल ने चालू वित्तीय वर्ष 2025-26 के प्रथम छह माह (अप्रैल से सितम्बर 2025) के दौरान कुल 611 कोचों का सफलतापूर्वक पीरियोडिक ओवर हॉलिंग (पीओएच) कर प्रदर्शन किया है। अकेले सितम्बर माह की बात करें तो सीआरडब्लूएस ने 111 कोचों का पीओएच आउटर्न कर अपनी दक्षता का परिचय दिया। यह आंकड़े रेलवे बोर्ड द्वारा निर्धारित लक्ष्यों के सापेक्ष उपलब्धि को दर्शाते हैं।

**सितम्बर में 111 कोचों का पीओएच आउटर्न**

**पीरियोडिक ओवर हॉलिंग के दौरान किए जाने वाले काम**

कोचों की बॉडी और अंडरगियर की मरम्मत कर परिचालन में अधिकतम सुरक्षा सुनिश्चित की जाती है। ट्रॉली, बोगी के सभी महत्वपूर्ण पार्ट्स की मरम्मत की जाती है, जो सुरक्षा की दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण हैं। एयर ब्रेक सिस्टम, बफर व अन्य संरचनात्मक उपकरणों की मरम्मत की जाती है ताकि यात्रियों को झटका-रहित और सुरक्षित यात्रा का अनुभव हो सके। व्हील और एक्सल का रखरखाव और मरम्मत कर परिचालन सुरक्षा को सुदृढ़ किया जाता है।

बिहार तय करता है देश की दिशा, उस पर परमात्मा का विशेष आशीर्वाद

# 'अनेकता में एकता' के सूत्र में पिरोता है माता और बहनों का त्याग: डॉ. यादव

विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

**क्षमता और योग्यता के बल पर बिहारवासियों ने बनाई अपनी पहचान**

**मुख्यमंत्री उज्जैन के विक्रम सरोवर पर छठ पूजन में हुए सम्मिलित**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि बिहार भारत की दिशा तय करता है। बिहार पर परमात्मा का विशेष आशीर्वाद है। सरलता, निश्चलता, क्षमता और योग्यता के बल पर संपूर्ण भारत में बिहारवासी अपनी पहचान बनाते हैं। डॉ. यादव उज्जैन के सम्राट विक्रमादित्य विश्वविद्यालय स्थित विक्रम सरोवर पर मंगलवार को आयोजित छठ पूजन में शामिल होने के बाद श्रद्धालुओं को संबोधित कर रहे थे।

उन्होंने पूर्वांचल और पूर्वोत्तर के अद्भुत छठ महापर्व की प्रदेशवासियों को मंगलकामनाएं और बधाइयां देते हुए कहा कि छठ मैया का महापर्व वैज्ञानिक पद्धति आधारित होकर सूर्य और जल की उपासना का पर्व है। भगवान सूर्यनारायरण सम्पूर्ण सृष्टि को ऊर्जा देकर सृष्टि का संचालन करते है, वही जल से ही जीवन की उत्पत्ति हुई है। छट व्रत हमें आत्म नियंत्रण, संयम और आत्मबल प्रदान करता है। अस्त और उदय होते हुए सूर्य का पूजन करने वाले इस पर्व की बात ही निराली है।






**हमारी संस्कृति मातृ शक्ति आधारित**

सीएम ने कहा कि माताओं और बहनों द्वारा देश, प्रदेश और परिवार की समृद्धि के लिए छठी मैया का व्रत रखा जाता है। हमारी संस्कृति मातृ शक्ति आधारित संस्कृति है, हमारे देश को 'भारत माता' माना गया है। माताएं और बहनें अपने परिवार में सभी कष्ट सहकर भी पूरे परिवार की सेवा कर मंगल की कामना करती है।

**विक्रम सरोवर पर होगा मिथिला घाट का निर्माण**

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने विक्रम सरोवर पर छठ पूजन किया और श्रद्धालुओं से चर्चा कर छठ महापर्व की मंगलकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि विक्रम सरोवर सम्राट विक्रमादित्य के शौर्य का प्रतीक है। मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने विक्रम सरोवर पर मिथिला घाट के निर्माण की घोषणा की। उन्होंने कहा कि छठ मैया का यह पर्व माता सीता से भी जुड़ता है।

मुख्य परीक्षा 2024 की रिज़र्व लिस्ट के परिणाम भी आए

## संघ लोक सेवा आयोग: भोपाल के संकल्प दीक्षित ने पाया 67वां स्थान



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

संघ लोक सेवा आयोग की मुख्य परीक्षा 2024 की रिजर्व लिस्ट भी मंगलवार को जारी कर दी गई है। इसमें भोपाल के संकल्प दीक्षित पुत्र विवेक दीक्षित ने 67वां स्थान प्राप्त किया है। संकल्प ने बाल भवन भोपाल से 12वीं करने के बाद एआईटी त्रिचि से केमिकल इंजीनियरिंग में बीटेक किया है।

**सौम्या जैन की यूपीएससी में 14 वीं रैंक**

महेंद्र जैन-कल्पना जैन निवासी भोपाल (पृथ्वीपुर निवाड़ी की बेटी) सौम्या जैन की यूपीएससी में 14वीं रैंक आई है। पिछले रिज़ल्ट में बहन साक्षी भी एमपीपीएससी में सिलेक्ट होकर शिक्षा विभाग में असिस्टेंट डायरेक्टर के पद पर पदस्थ है।

## सरकारी स्कूलों के 6 लाख विद्यार्थियों का होगा क्षमता आधारित बेसलाइन आंकलन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

**29 अक्टूबर का यह परीक्षण होगा शिक्षा की गुणवत्ता के सुधार में उपयोगी**

स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा 29 अक्टूबर बुधवार को प्रदेश के सरकारी स्कूलों में कक्षा 9 से 12 तक के छह लाख से अधिक विद्यार्थियों का बेसलाइन आकलन किया जा रहा है। यह आकलन कोई सामान्य परीक्षा नहीं, बल्कि एक क्षमता-आधारित मूल्यांकन है।

इसका उद्देश्य विद्यार्थियों का रटे हुए तथ्यों के आधार पर नहीं, बल्कि विषयों की मूल अवधारणाओं की समझ और उनके व्यावहारिक अनुप्रयोग करने की क्षमता के आधार पर आकलन करना है। इस पूरी प्रक्रिया को ए क तीसरे पक्ष द्वारा संपन्न कराया जा रहा है, जिससे मूल्यांकन की निष्पक्षता और विश्वसनीयता सुनिश्चित हो सकेगी। इस आकलन के लिए लोक शिक्षण संचालनालय को केन्द्र सरकार की कंपनी श्स्कब्स्.प्दकपं का सहयोग प्राप्त होगा। इस बेसलाइन आकलन का प्रमुख उद्देश्य प्रत्येक विद्यार्थी की वर्तमान शैक्षणिक स्थिति और उनकी सीखने की कमजोरियों या अंतरालों का पता लगाना है।

स्थानीय खेल समाचार

# आरएनटीयू की महिला मलखंभ टीम ने टीम ब्रांज मेडल और ट्रॉफी जीतकर तमिलनाडु में लहराया परचम

ऑल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी टूर्नामेंट

**पुरुष वर्ग में पंकज गर्गमा ने सिल्वर, महिला वर्ग में जेसिका प्रजापति ने जीता कांस्य पदक**





हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

रबीन्द्रनाथ टैगोर विश्वविद्यालय के खिलाड़ियों ने ऑल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी टूर्नामेंट में शानदार प्रदर्शन करते हुए विश्वविद्यालय का नाम गौरवान्वित किया। विश्वविद्यालय की महिला मलखंभ टीम ने टीम चैंपियनशिप में कांस्य पदक और ट्रॉफी पर कब्जा जमाया। वहीं पुरुष वर्ग में पंकज गर्गमा (बी.पी.एड) ने सिल्वर मेडल, तथा महिला वर्ग में जेसिका प्रजापति (डिप्लोमा इन योगा) ने ब्रोंज मेडल जीतकर अरिवानूर (तमिलनाडु) में आयोजित प्रतियोगिता में आरएनटीयू का परचम फहराया। यह प्रतियोगिता विनायका रिसर्च मिशन फाउंडेशन (डीम्ड टू बी यूनिवर्सिटी), अरिवानूर, तमिलनाडु में 24 से 31 अक्टूबर तक आयोजित की जा रही है।

## महापौर ने बांटे मार्शल आर्ट नेशनल चैम्पियनशिप के पुरस्कार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल




राजधानी के पीपुल्स मॉल में मंगलवार को चौथे एसक्वाय मार्शल आर्ट नेशनल चेम्पियनशिप के पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया। महापौर मालती राय ने चेम्पियनशिप के पुरूष, महिला एवं सब जूनियर, जूनियर बालक—बालिका प्रतियोगिता के विजेता खिलाड़ियों को पुरस्कार वितरित किए और आयोजकों को बधाई एवं खिलाड़ियों को शुभकामनाएं प्रेषित की। इस अवसर पर एसक्वाय एसोसिएशन ऑफ भोपाल के पदाधिकारी, खिलाड़ी व खेल प्रशंसक मौजूद थे।

**यादव समाज के बच्चों ने दिखाया जौहर**





**भोपाल।** भोपाल की प्रख्यात भोपाल मार्शल आर्ट अकादमी की मंगलवार को मार्शल आर्ट की खेल प्रतियोगिता आयोजित की गई थी। इस प्रतियोगिता में पूरे देश भर से बेटे-बेटियों ने हिस्सा लिया। इस प्रतियोगिता में भोपाल की रिद्धि यादव ने सिल्वर एवं गरिमा यादव ने गोल्ड मेडल हासिल किया। जबकि नन्हें खिलाड़ी सात्विक यादव ने भी कौशल के अंदर भी दो गोल्ड एवं एक सिल्वर मेडल प्राप्त कर राजधानी का नाम रोशन किया। इसमें खास बात है कि तीनों खिलाड़ी आपस में भाई-बहन हैं जो कि अकादमी के होनहार स्टूडेंट हैं।

## एशिया ट्रायथलॉन चैंपियनशिप जॉर्डन में मप्र ट्रायथलॉन अकादमी के चार खिलाड़ी करेंगे भारतीय टीम का प्रतिनिधित्व

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल



अकाबा, जॉर्डन में 30 अक्टूबर से एक नवंबर तक आयोजित एशिया ट्रायथलॉन जूनियर एवं अंडर-23 चैंपियनशिप में मध्य प्रदेश ट्रायथलॉन अकादमी के खिलाड़ी आद्या सिंह, दुर्विसा पवार, रोशन गोंड और अभिषेक मॉडनवाल भारतीय टीम का प्रतिनिधित्व करेंगे।

चैंपियनशिप में भागीदारी के लिए खिलाड़ियों की टीम ने आज ट्रायथलॉन अकादमी के मुख्य कोच कैप्टन मनोज झा के साथ जॉर्डन के लिए प्रस्थान किया। प्रदेश के खेल और युवा कल्याण मंत्री कैलाश विश्वास सारंग ने चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन कर देश के लिए पदक अर्जित करने के लिए खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दी हैं।

संचालक खेल और युवा कल्याण राकेश गुप्ता, संयुक्त संचालक बीएस यादव तथा मध्य प्रदेश ट्रायथलॉन संघ के अध्यक्ष श्रीकांत तिवारी और सचिव जेपी सक्सेना ने भी खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दी हैं।




हरिभूमि कम्यूनिकेशन प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक अचिंत महेश्वरी द्वारा प्लॉट नं.160 न्यू एच-सेक्टर इंडस्ट्रियल एस्टेट, गोविंदपुरा, भोपाल (म.प्र.) 462023 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्प्लैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। स्थानीय संपादकः प्रमोद भारद्वाज। RNI No. MPHIN/2014/55906, फोन 0755-4049930